नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# द न्यूज फिफ्टीन

जन-जन की आवाज

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 178 | नई दिल्ली, गुरुवार 26 सितम्बर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

करीना ने की शाहिद कपूर की तारीफ ← पेज-12

## एक नजर

### ईपीएफओ में घटे नए अंशधारक

**नई दिल्ली।** मौजूदा वर्ष के जुलाई में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और राष्ट्रीय पेंशन योजना में अंशधारकों की संख्या घटी जबकि कर्मचारी राज्य बीमा निगम में बढोतरी हुयी है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी रिपोर्ट 'भारत में पेरोल रिपोर्टिंग: एक रोजगार परिप्रेक्ष्य - जुलाई, 2024' में कहा गया कि राष्ट्रीय पेंशन योजना में जुलाई 2024 के दौरान एनपीएस के अंतर्गत नए योगदानकर्ता ग्राहकों की कुल संख्या 62 हजार 880 है, जो जून 2024 के दौरान 64 हजार 799 थी। इसी माह के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि योजना में नए अंशधारकों की कुल संख्या 10 लाख 52 हजार 143 रही है जो जून 2024 के महीने के दौरान 10 लाख 56 हजार 867 थी। आंकड़ों के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा योजना में जुलाई 2024 में ईएसआई योजना के तहत नए पंजीकृत कर्मचारी और अंशदान देने वाले कर्मचारियों की संख्या 16 लाख 61 हजार 836 रही है जो इससे पिछले जून में16 लाख 33 हजार 848 थी।

### राष्ट्रपति मुर्मु आज सियाचिन के दौरे पर जायेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल एक दिन के दौरे पर दुनिया के सबसे ऊंचे रणक्षेत्र सियाचिन के दौरे पर जायेंगी और सैनिकों के साथ बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि राष्ट्रपति गुरूवार को एक दिन के दौरे पर सियाचिन बेस कैंप जायेंगी और वहां तैनात सैनिकों के साथ बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति पिछले वर्ष अक्टूबर में भी सियाचिन गयी थी और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई थी।

### सेना को मिलेगी हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट 'अभेद्य'

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकताओं के साथ मिलकर अभेद्य नाम की हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित की हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि इन जैकेटों को आईआईटी, दिल्ली में डीआरडीओ इंडस्ट्री एकेडेमिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (डीआईए-सीओई) में विकसित किया गया है। ये जैकेट पॉलिमर और स्वदेशी बोरान कार्बाइड सिरेमिक सामग्री से बनाए गयी हैं। इन जैकेटों के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी परीक्षण सफल रहे हैं। जैकेट अत्यधिक खतरे को भी विफल करने में सक्षम है तथा इनका वजन भी हल्का है। ये जैकेट 8.2 किलोग्राम और 9.5 किलोग्राम दो श्रेणी में हैं और शरीर को चारों ओर से सुरक्षा प्रदान करती है। इन जैकेट को बनाने के लिए कुछ भारतीय उद्योगों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और हैंडहोल्डिंग के लिए चुना गया था। डीआईए-सीओई तीन उद्योगों को इन जैकेट की प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करने के लिए तैयार है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा है कि यह हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट डीआरडीओ, शिक्षा जगत और उद्योग द्वारा सफल रक्षा अनुसंधान एवं विकास के प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र का उदाहरण है।

### हरियाणा के गोहाना में प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# मोदी ने कांग्रेस को बताया दलित विरोधी

- कांग्रेस के डीएनए में आरक्षण का विरोध, हुड्डा सरकार में दलितों के साथ हुआ अन्याय
- जहां-जहां कांग्रेस ने पैर रखा, वहां भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पक्का है : प्रधानमंत्री



**गोहाना (सोनीपत), एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। पीएम मोदी ने मंच से कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि इन्होंने प्रदेश को दलालों और दामादों के हवाले कर दिया था।


प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है और जब हाईकमान भ्रष्टाचारी होता है, तो नीचे लूट का खुला लाइसेंस मिल ही जाता है। याद कीजिए, 10 साल पहले जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, तब कैसे प्रदेश को लूटा गया था। यहां किसानों की जमीनों को जमकर लूटा गया, प्रदेश को दलालों और दामादों के हवाले कर दिया गया था। दलालों और दामादों से बचना है तो कमल ही बचाएगा। किस-किस कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगे हैं, ये आप अच्छे से जानते हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में 10 साल पहले एक भी ऐसी नौकरी नहीं थी, जिसमें खर्ची और पर्ची नहीं चलती हो। सरकारी ठेकों में जमकर भ्रष्टाचार होता था। हरियाणा को लूटकर खाने वाली ऐसी करप्ट कांग्रेस को राज्य की सरकार से दूर रखना है, तब जाकर हरियाणा बचेगा। आप पर तो मेरा हक है, मुझे भी तो हरियाणा का कर्ज चुकाना है। मुझे खुशी है कि हरियाणा के लोग इतने समझदार हैं कि केंद्र और राज्य की क्या ताकत होती है, जितना हरियाणा के लोग समझते हैं हिंदुस्तान में, उतना और कोई नहीं समझता है, इसलिए हरियाणा में उसकी ही सरकार बनती है, जिसकी दिल्ली में सरकार होती है।

पीएम मोदी ने कहा कि आप भी जानते हैं, जहां भी कांग्रेस को मौका मिला, जहां-जहां कांग्रेस ने पैर रखा, वहां भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद पक्का है। भारत के सरकारी सिस्टम में भ्रष्टाचार पैदा करने वाली, पालने-पोसने वाली कांग्रेस है। कांग्रेस ने हमेशा ही एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा है। ये तो बाबा साहेब अंबेडकर थे, जिन्होंने दलितों को आरक्षण दिया, वरना ओबीसी की तरह दलितों को भी आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता। जब-जब कांग्रेस सरकार से दूर रही है, तब-तब एससी, एसटी और ओबीसी को उनका हक मिला है। जब-जब कांग्रेस, सरकार में रही है, उसने दलितों-पिछड़ों का हक छीना है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने किसानों से 24 फसलें एमएसपी पर खरीदने का फैसला लिया। जब यहां कांग्रेस की सरकार थी, तो एमएसपी पर फसलें खरीदने से सबसे ज्यादा नफरत करती थी। यही कांग्रेस की सच्चाई है, जो हरियाणा के किसान को जरूर जाननी चाहिए।

### हरियाणा के किसानों का भरोसा भाजपा से पूरी तरह उठ चुका है : जयराम रमेश



नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हरियाणा में होने जा रही चुनावी सभा से पहले बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य के किसानों का भरोसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पूरी तरह उठ चुका है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, किसान आंदोलन के बाद अन्नदाताओं से प्रधानमंत्री ने जो वादे किए थे उसपर क्या कोई नई जानकारी उनके पास है? उन्होंने दावा किया कि हरियाणा के किसानों का भरोसा भाजपा से पूरी तरह से उठ चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा, जब 2021 में काले कृषि कानूनों के विरोध में जारी प्रदर्शन खत्म किया गया, तब किसान प्रधानमंत्री और उनकी सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन से आश्वस्त थे कि उनकी मांगें पूरी होंगी। लेकिन, समय के साथ, केंद्र सरकार की किसान संगठनों के साथ बातचीत बंद होती गई। भाजपा ने एमएसपी के सवाल पर विचार-विमर्श के लिए पक्षपातपूर्ण ढंग से एक समिति बनाई, जिसके एक स्वतंत्र सदस्य ने तुरंत इस्तीफा दे दिया था। रमेश ने आरोप लगाया, इस धोखे के बाद किसान संगठन एक बार फि र अपनी आवाज उठाने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए। दोहरा अन्याय करते हुए सरकार ने उनकी बातें सुनने के बजाय उन पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा क्यों किसानों की दुर्दशा को लगातार नजरअंदाज कर रही है?

## दिल्ली सरकार ने श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़ाते हुए कहा कि अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन को 18,066 रुपये, अर्धकुशल श्रमिकों का 19,929 रुपये और कुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन 21,917 रुपये होगा।

सुश्री आतिशी ने इसकी घोषणा करते हुए बुधवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों की तुलना में न्यूनतम वेतन दोगुना है। दिल्ली में श्रमिकों को मिलने वाला न्यूनतम वेतन देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सबसे अधिक है। दिल्ली सरकार ने 10 सालों में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के आम लोगों को सम्मानजनक जीवन दिया आने वाले चार महीनों में भी हम इसी तरह काम करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने एक बार फिर दिल्ली में न्यूनतम वेतन को बढ़ाने का फैसला लिया है। पूरे देश में सबसे ज्यादा न्यूनतम वेतन दिल्ली में हैं। एक अक्टूबर से लागू नई दरों के साथ अब अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 18,066, अर्धकुशल श्रमिकों का ?19,929 व कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन बढ़कर 21,917 हो गया है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा शासित राज्य हैं जहाँ न्यूनतम वेतन दिल्ली की तुलना में आधा है तो दूसरी तरफ दिल्ली है जहाँ सरकार आम आदमी को सम्मानजनक जीवन देने के लिए हर जरूरी कदम उठाती है।

## बारिश से थमी मुंबई की रफ्तार, सड़कों पर सैलाब

### फ्लाइट्स पर पड़ा असर, देरी से चल रहीं लोकल ट्रेनें

- भारी बारिश के चलते सुबह 8:32 बजे से 8:43 बजे तक और फिर 10:36 बजे से 10:55 बजे तक हवाई अड्डे के रनवे पर संचालन बंद रहा



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में हो रही लगातार भारी बारिश ने पूरे शहर की गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। हवाई सेवाओं से लेकर सड़क यातायात तक, हर जगह लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि 11 फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा और 14 फ्लाइट्स का रास्ता बदल दिया गया। भारी बारिश के चलते सुबह 8:32 बजे से 8:43 बजे तक और फिर 10:36 बजे से 10:55 बजे तक हवाई अड्डे के रनवे पर संचालन बंद रहा। इस दौरान दृश्यता महज 300 मीटर रह गई, जिससे उड़ान भरने और लैंडिंग में काफी मुश्किलें आईं।

सड़क यातायात की बात करें तो मुंबई की सड़कों पर जलजमाव से हालत और खराब हो गई। बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) के कर्मी लगातार पानी निकासी में लगे हुए हैं। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी कंट्रोल रूम से बारिश की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। नवी मुंबई के बेलापुर और कई अन्य इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही बेहद धीमी हो गई है। भारी ट्रैफिक जाम से लोग जगह-जगह फंसे हुए हैं।

फ्लाइट्स पर असर की बात करें तो इंडिगो ने अपनी 10 फ्लाइट्स रद्द कीं, जिनमें से 5 आने वाली उड़ानें थीं। एयर इंडिया ने मुंबई से एक फ्लाइट कैंसिल की। कई उड़ानों को अहमदाबाद, सूरत, हैदराबाद, इंदौर और गोवा के मोपा हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया। हालांकि, बाद में सभी फ्लाइट्स वापस मुंबई लौट आईं। एयरलाइंस ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वो अपनी फ्लाइट की स्थिति की जांच करते रहें और समय से हवाई अड्डे पहुंचें, क्योंकि ट्रैफिक की धीमी गति के कारण सफर लंबा हो सकता है। एयर इंडिया ने 25 जुलाई 2024 की यात्रा के लिए बुकिंग कर चुके यात्रियों को पूर्ण धनवापसी या एक बार की मुफ्त टिकट बुकिंग का विकल्प भी दिया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में भारी बारिश के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया था। मुंबई के कई हिस्सों में दोपहर से बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि गुरुवार की सुबह तक बारिश इसी तरह जारी रह सकती है। ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, पालघर और सिंधुदुर्ग में भी तेज हवाओं और बिजली चमकने के साथ मूसलाधार बारिश होने की आशंका है।

रेल सेवाओं पर भी बारिश का खासा असर देखा गया। मुंबई की उपनगरीय रेल सेवाएं, जो शहर की लाइफलाइन मानी जाती हैं, बारिश के कारण देरी से चल रही हैं। इस मौसम के चलते लोगों को अपनी यात्राओं में सावधानी बरतने और अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है।

## भारत के किसी हिस्से को 'पाकिस्तान' नहीं कहा जा सकता: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भारत के किसी भी हिस्से को 'पाकिस्तान' नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह देश की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की संविधान पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी श्रीशानंद द्वारा एक मामले की सुनवाई के दौरान बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान कहने के मामले में स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए सख्त लहजे में यह टिप्पणी की।

संविधान पीठ ने हालांकि न्यायमूर्ति श्रीशानंद के इस मामले में खुली में माफी मांगने के मद्देनजर उनके खिलाफ शुरू की गई स्वतः संज्ञान कार्यवाही बंद कर दी।

संविधान पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने अपने दो अलग-अलग कार्यवाहियों के दौरान बेंगलुरु के एक हिस्से को पाकिस्तान बताने और एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी करने के लिए माफी मांग ली है। इसी के मद्देनजर उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान कार्रवाई बंद करने का यह फैसला किया गया।

शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों और वादियों से कहा कि वे अदालत में पेश होने के दौरान किसी भी परिस्थिति में ऐसे आचरण करने में शामिल न हों। उन्हें यह समझना चाहिए कि कार्यवाही का सीधा प्रसारण अदालत के अलावा आम दर्शकों तक भी पहुंच है।

पीठ ने कहा, न्यायाधीशों के रूप में हमारे जीवन के अनुभवों पर आधारित प्रवृत्तियाँ होती हैं। साथ ही, एक न्यायाधीश को अपनी स्वयं की प्रवृत्तियों के बारे में भी जागरूक होना चाहिए। ऐसी जागरूकता के आधार पर ही हम निष्पक्षता प्रदान करने के अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान हो सकते हैं। आकस्मिक अवलोकन पक्षपात की एक हद तक संकेत दे सकते हैं, खासकर जब वे किसी लिंग या समुदाय के विरुद्ध निर्देशित हों।

न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने कथित तौर पर बेंगलुरु में एक मुस्लिम बहुल इलाके को 'पाकिस्तान' कहा था।

न्यायाधीश श्रीशानंद को एक अलग मामले में एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ लैंगिक असंवेदनशील टिप्पणी करते हुए भी एक वीडियो में देखा गया। सोशल मीडिया 'एक्स' पर कई लोगों ने अपने अकाउंट अपने पोस्ट में उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताई थी।

इसके बाद शीर्ष अदालत ने 20 सितंबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान कार्यवाही शुरू की और संबंधित उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी। न्यायाधीश श्रीशानंद द्वारा की गई टिप्पणियों पर रजिस्ट्रार जनरल की 23 सितंबर की रिपोर्ट को देखते हुए शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने कहा कि रिपोर्ट पढ़ने से स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि की गई टिप्पणियाँ जरूरी नहीं थीं और उन्हें टाला जाना चाहिए था।

संविधान पीठ ने कहा, न्यायाधीश (श्रीशानंद) द्वारा खुली अपनी अदालत की कार्यवाही में मांगी गई माफी को ध्यान में रखते हुए हम इसे न्याय और संस्था की गरिमा के हित में मानते हैं कि कार्यवाही को आगे जारी न रखा जाए।

न्यायालय ने हालांकि कहा कि सोशल मीडिया की व्यापकता और पहुंच में कार्यवाही की व्यापक रिपोर्टिंग शामिल है। अधिकांश उच्च न्यायालयों ने सीधा प्रसारण या वीडियो कांफ्रेंसिंग को अपनाया है।

कोविड 19 के दौरान न्याय तक पहुँच प्रदान करने के लिए सीधा प्रसारण और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की आवश्यकता सामने आई थी।

पीठ ने कहा, वकीलों, न्यायाधीशों और न्यायालय के सदस्यों को समझना चाहिए कि सीधा प्रसारण की दर्शकों तक महत्वपूर्ण पहुंच है, जो उन पर जिम्मेदारी डालती है।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित उच्च न्यायालय की कार्यवाही की क्लिपिंग देखी है। उन्होंने कहा, मैं सोच रहा था कि क्या इसे न्यायिक पक्ष के बजाय चैंबर में उठाया जा सकता है। मैंने कर्नाटक में बार के सदस्यों से बात की है। अगर कोई बड़ा मुद्दा बनता है तो इसके अन्य परिणाम हो सकते हैं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि चूंकि न्यायाधीश ने अब माफी मांग ली है, इसलिए मामले को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया को नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

## भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार को राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि 'अंत्योदय' के उनके मंत्र का अनुसरण कर वर्तमान केंद्र सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रखर राष्ट्रभक्त और एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान राजनीतिक चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का उनकी जयंती पर वंदन करता हूं।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आजीवन राजनीति में शुचिता व पारदर्शिता के लिए संकल्पित रहे और उनके अंत्योदय के विचार से सामाजिक समरसता को बल मिला।

उन्होंने कहा, देश के गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर उज्ज्वल भविष्य के निर्माण पर बल देने वाले दीनदयाल उपाध्याय के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी विकास की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं।

भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता और उनकी पार्टी के प्रेरणा-पुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और जन-जन के उत्थान को समर्पित रहा।

उन्होंने कहा, आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन करता हूं। 'अंत्योदय' के मंत्र से देश के वंचित वर्ग के उत्कर्ष और राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के जो दृष्टांत उन्होंने प्रस्तुत किए हैं, हमारी सरकार उनका अनुकरण कर पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

नड्डा ने कहा कि उनका जीवन, मानव कल्याण व राष्ट्रोत्थान के लिए अनन्य समर्पण युगों तक भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं का पथ प्रशस्त करते रहेंगे। भाजपा अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों और नेताओं ने पार्टी मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत ही नहीं पूरे विश्व के सामने एक नया आर्थिक दर्शन प्रस्तुत किया और शुचिता एवं प्रामाणिकता को राजनीति में स्थापित किया।

# शिवाजी महाविद्यालय संगोष्ठी का आयोजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिन्दी अकादमी, दिल्ली एवं हिन्दी विभाग, शिवाजी महाविद्यालय के सयुक्त तत्त्वावधान में 24 सितंबर, 2024 को हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत ह्यभाषा संस्कृति की संवाहिका है विषय पर प्रो. वी. आर. जगन्नाथन की अध्यक्षता व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीरेन्द्र भारद्वाज के सान्निध्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. पूरन चंद टण्डन, श्री अमर नाथ अमर और डॉ. सांत्वना श्रीकांत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। सचिव हिन्दी अकादमी के संजय कुमार गर्ग के प्रेरणा से आयोजित संगोष्ठी मे बोलते हुए अकादमी के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा ने कहा, हमारे देश में विभिन्न संस्कृतियाँ हैं। आप किसी की संस्कृति को सीधे उसकी भाषा तक पहुंचे बिना नहीं समझ सकते और विद्यार्थियों को हिन्दी वर्तनी को शुद्धता से प्रयोग करने एवं हिन्दी भाषा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीरेन्द्र भारद्वाज ने कहा, आज के कार्यक्रम का संबंध भाषा और संस्कृति के संबंध को समझने में सहायता करेगी। भाषाशास्त्री वी.आर. जगन्पाथन ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा, क्या संस्कृति भी भाषा की संवाहिका नहीं, हम समाज में वैचारिक इकाई के रूप में काम करते हैं और बिना भाषा के संस्कृति की कल्पना भी नहीं हो सकती। वक्ताओं में डॉ. पूरन चंद टण्डन ने कहा, यह देश का दुर्भाग्य है कि यहां हिन्दी की तो सब बात करत हैं पर हिन्दी में बात नहीं करते। यदि संस्कृति को बचाना है तो हिन्दी को बचाना होगा। अमर नाथ अमर ने अपने वक्तव्य ने अपनी कविता की कुछ पंक्तियों को उद्धृत कर प्रेम और सद्भाव के माध्यम से भाषा और संस्कृति की बात की। सांत्वना श्रीकांत ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाषा कोई सपाट ईकाई नहीं अपितु भाषा व्यवाहर और विचारों की संवाहिका भी होती है। हमें ध्यान रखना होगा कि राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र का बोध नहीं हो सकता। कार्यक्रम की संयोजिका और संचालिका का शिवाजी कॉलेज की हिंदी विभाग की प्रमुख श्रीमती ज्योति शर्मा ने सभी अतिथियों और हिंदी अकादमी का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में शिवाजी कॉलेज के 300 बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता और 50 प्रवक्ताओं ने भाग लिया।

# पितृपक्ष में शुरू हुआ 8 दिवसीय "श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव"

## विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ महोत्सव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्तमान के बदलते परिवेश में नाना प्रकार के कष्टों से पीड़ित मानव प्राणी में भगवत ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करने के साथ साथ समस्त हिन्दू धर्मावलंबियों व भागवत प्रेमियों की सुख समृद्धि और उनके पूर्वजों (पितरों) की आत्मिक शांति हेतू कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चन्दू पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री सीताराम संत सेवा मन्दिर एवम गौशाला में "पितृपक्ष" में अंतर्राष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवं महामण्डलेश्वर श्री रामगोविंद दास महात्यागी जी महाराज" के पावन सानिध्य मे आज (25 सितंबर) से 8 दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। उल्लेखनीय है कि ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ सौभाग्यवती महिलाओं की विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। जोकि महामण्डलेश्वर श्री रामगोविंद दास महात्यागी जी महाराज के सानिध्य में निकाली गई। महोत्सव में ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा "श्रीमद भागवत कथा मर्मज्ञ कथा व्यास श्री संकर्षण शास्त्री जी" के श्री मुख से शुरू हुई। इस अवसर पर ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा करते हुए रामगोविंद दास महात्यागी जी ने भागवत प्रेमियों को बताया कि पितृ पक्ष में श्रीमद भागवत महापुराण की कथा कराने व सुनने का विशेष महत्व है। उल्लेखनीय है कि इस काल खण्ड में कथा का श्रवण करने मात्र से ही पितरों को शांति मिलने के साथ साथ मनुष्य को पितृ दोष से भी मुक्ति मिलने की राह आसान हो जाती है। ज्ञात रहे मनुष्य देव, पितृ व ऋषि ऋण का भी ऋणि होता है। कथा सुनने के साथ साथ यदि मनुष्य श्रद्धा भाव से पितरों का पूजन व तर्पण करता है तो उसके जीवन में सुख समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त हो जाता है।

# भाजपा ने दिल्ली विधानसभा सत्र से पहले अहम मुद्दों पर जवाबदेही तय करने की मांग की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा सत्र से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को सरकार से अहम मुद्दों और जनता की शिकायतों पर जवाबदेही तय करने की मांग। दिल्ली विधानसभा का सत्र 26 और 27 सितंबर को होगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भाजपा के अन्य विधायकों के साथ बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि कई ऐसे मुद्दे हैं जिनका समाधान आगामी सत्र के दौरान किये जाने की जरूरत है। गुप्ता ने कहा, हम जानना चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल ने जेल से कैसे दिल्ली की सरकार चलाई जबकि मंत्रिमंडल की कोई बैठक नहीं हुई, विधानसभा का कोई सत्र नहीं हुआ और वह किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा उन 50 मौतों की जवाबदेही की मांग करती है जो सरकार की लापरवाही की वजह से डूबने और बिजली का करंट लगने से हुईं। गुप्ता ने कहा कि कैग रिपोर्ट गत चार साल से सदन के पटल पर नहीं रखी गई है। उन्होंने कहा, यह संवैधानिक मामला है और हम कैग रिपोर्ट को सदन में रखने की मांग करते हैं। विश्वास नगर से विधायक ओ.पी.शर्मा ने आरोप लगाया, सभी विभागों में चारों तरफ भ्रष्टाचार है। उन्होंने आरोप लगाया, चाहे अस्पताल हो या जल विभाग या कोई अन्य विभाग। यह बहुत स्पष्ट है कि आज दिल्ली में कोई व्यवस्था सही काम नहीं कर रही है। भाजपा विधायकों ने विधानसभा सत्र बुलाने के समय पर भी सवाल उठाया और पूछा कि क्या यह सत्र मजबूरी में बुलाया जा रहा है या कोई एजेंडा भी है। गुप्ता ने कहा, विधानसभा का पिछला सत्र आठ अप्रैल को बुलाया गया था और संविधान के मुताबिक यह अनिवार्य है कि सत्र छह महीने के भीतर बुलाया जाए अन्यथा विधानसभा स्वतः भंग हो जाती है। इससे बचने के लिए यह सत्र बुलाया गया है क्योंकि आठ अक्टूबर से पहले सत्र बुलाना मजबूरी है। उन्होंने कहा, इसलिए हम पूछना चाहते हैं कि इस सत्र को मजबूरी में बुलाया गया है या कोई एजेंडा भी है? क्योंकि हमें एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। भाजपा विधायकों ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने आगामी सत्र की मियाद बढ़ाने की मांग की है ताकि सभी मुद्दों पर सही ढंग से चर्चा की जा सके।

# जैन मेले में बच्चों ने बनाए शानदार मॉडल

## जैन मेले में बच्चों ने विज्ञान के आकर्षक मॉडल सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में जैन युवा क्लब रजि. द्वारा आयोजित जैन मेला 2024 में आज बच्चों ने विज्ञान के आकर्षक मॉडल सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल की उपस्थित लोगों का ध्यान अपनी ओर खीचा। सभी उपस्थित माननीय गणमान्य लोगों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मामलों की तारीफ की। संस्था के संयोजक गौरव जैन ने कहा कि इस प्रकार के मॉडल बनाने से बच्चों में छिपी प्रतिभा में निखार आता है। बच्चों ने विज्ञान के आकर्षक मॉडल सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कई मॉडल से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निर्णायक मंडल ने सबसे अच्छा मॉडल बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सतीश जैन, संयोजक गौरव जैन, महामंत्री रवि जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन व मेला मंत्री दीपक जैन सहित क्लब के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पिस्तौल के साथ वीडियो बनाने वाला युवक जेल पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी जिला पुलिस की एएटीएस (वाहन चोरी निरोधक दस्ता) ने पिस्तौल के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रीतम उर्फ पीटर के पास से एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल और कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गैंगस्टरों से प्रभावित है और इलाके में वर्चस्व बनाने के लिए वीडियो बनाया था, जो वायरल हो गया। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 21 सितंबर को हेडकांस्टेबल अरविंद कुमार को सूचना मिली कि एक शख्स ने हथियार के साथ सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर लाइव वीडियो पोस्ट किया है। पुलिस टीम ने वीडियो का विश्लेषण किया। वीडियो और इंस्टाग्राम का विश्लेषण करने के बाद इंस्पेक्टर उमेश यादव, एसआई दीपक मेहला की टीम ने सोशल मीडिया अकाउंट के सभी विवरण जमा किए और वीडियो की मदद से आरोपी का फोटो लिया।

# एक नजर

## पं.दीनदयाल जी की जन्मजयंती पर पावन मिट्टी से किया तिलक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के अंतिम संस्कार के पावन चबूतरे पर बने प्लेटफार्म की मिट्टी से तिलक कर देश का प्रत्येक नागरिक अपने आप को धन्य समझता है, और आज बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल सभा (पंजी.) का सौभाग्य है, कि आज उनके पावन स्थल के साथ प्राचीन निगम बोध घाट की सेवा करने का मौका मिला। पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की पावन जन्मजयंती पर सभा के महामंत्री और घाट के मुख्य प्रबंधक सुमन कुमार गुप्ता ने अपने सैकड़ों कर्मियों के साथ उनके चिरस्थल को पुष्पो से सजवाकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत अन्य लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। गौरतलब है, कि पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्येष्टि इसी चबूतरे के प्लेटफार्म पर हुई थी, जिसे सभा ने विकसित कर उसे भव्य स्वरूप प्रदान किया है।

## हत्या के मामले में वांछित बदमाश धरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोनीपत के खरखौदा में दो गिरोहों के बीच गैंगवार में हुई हत्या के मामले में वांछित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने छह जिंदा कारतूस सहित एक सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल बरामद की है। आरोपी की पहचान जोगिंदर सिंह उर्फ गोला के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 16 सितंबर को खरखौदा में ब्रजेश नाम के व्यक्ति की हत्या हुई थी। जानकारी के आधार पर नरेला-बवाना सड़क के पास से जोगिंदर सिंह उर्फ गोला को पकड़ लिया गया।

## निगम ने त्रिनगर और केशवपुरम क्षेत्र में 19 आवारा पशुओं को किया जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम शहर में आवारा पशुओं और अवैध डेयरियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। ऐसे ही एक प्रयास में, आज दिल्ली नगर निगम ने त्रिनगर और केशवपुरम क्षेत्र में चलाए गए एक अभियान में 19 आवारा मवेशियों को जब्त किया गया है। एमसीडी अपने अधिकार क्षेत्र में आवारा मवेशियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। इस विशेष अभियान में पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने पुलिस की मदद से यह कार्रवाई की। एमसीडी का पशु चिकित्सा सेवा विभाग आवारा मवेशियों और शहरीकृत क्षेत्र में चल रही अवैध डेयरियों की समस्या को हल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में निगम की ओर से इस संबंध में और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उधार दिए रुपये वापस मांगने पर चाकू मारा, गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उधार दी गई रकम वापस मांगने पर अपने दोस्त को चाकू से हमला कर घायल करने वाले बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनू के रूप में हुई है। इसे पुलिस ने इहबास अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया है। सात अगस्त को हौज काजी निवासी बाबुल उर्फ अलु बत्ता की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया गया था। इसमें पीड़ित ने बताया था कि वह फैजान से मिलने पेट्रोल पंप शास्त्री पार्क के पास गया था।

उसने फैजान से उधार में दिए गए अपने 30 हजार रुपये वापस मांगे तो फैजान ने अपने साथियों बिलाल, सोनू, सोहेल और इमरान के साथ मिलकर उससे झगड़ा करने लगा और चाकू मारकर मौके से फरार हो गया। इसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि आरोपी सोनू फरार था।

## भाजपा रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति हटाने की साजिश रच रही : संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया है कि भाजपा दिल्ली के झंडेवालान में स्थित आरएसएस मुख्यालय के पास लगी वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति को हटाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर मूर्ति हटाई गई तो वह पूरी दिल्ली में भाजपा और आरएसएस को बेनकाब करेंगे। मूर्ति को हटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के लोगों को आगाह करना चाहता हूं कि देशभक्तों का अपमान देशद्रोह है। पहले संसद के अंदर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा लगी थी। देशभर के लोग वहां आते थे। अब प्रतिमा हटा दी गई है।

## मस्जिद में आग लगाने के आरोप से दो बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने गवाहों के अलग-अलग बयान को आधार बनाते हुए दिल्ली हिंसा से जुड़े एक मामले में दो आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। अदालत उत्तरपूर्वी दिल्ली के दंगों के दौरान फरवरी 2020 में एक मस्जिद को जलाने वाली भीड़ का हिस्सा होने के मामले की सुनवाई कर रही थी। अदालत ने कहा कि सभी सार्वजनिक गवाह मुकर गए और दो पुलिसकर्मियों ने अलग-अलग बयान दिए। ऐसे में उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। एडिशनल सेशन जज पुलस्त्य प्रमाचल की अदालत ने कहा कि गवाह संख्या पांच कांस्टेबल कालिक ने एक ओर दावा किया कि उसने नौ मार्च, 2020 को दंगों के बाद दोनों आरोपियों को पहली बार देखा था। हालांकि, बचाव पक्ष द्वारा जिरह के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह पांच मार्च को आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम का हिस्सा था। दोनों आरोपियों को एक ही एफआईआर में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने कहा, कांस्टेबल प्रदीप कुमार (अन्य पुलिस गवाह) भी टीम का हिस्सा थे। ऐसे में इस मामले में जांच की गई घटनाओं के दौरान दोनों आरोपियों की पहचान करने के लिए कांस्टेबल प्रदीप और कांस्टेबल कालिक द्वारा नौ मार्च को देखना असामान्य लगता है।

# अतीत में हस्तियां आज सिर्फ अस्थियां : राजेश्वरानंद

## अनजान मृतकों के अस्थि अवशेषों का गंगा विसर्जन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** "स्वयं को हस्ती का अभिमान व्यर्थ, क्षण में हस्ती अस्थि मात्र रह जाती है" यह संदेश दिया गया श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर समूह के प्रमाध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा "200 अनजान मृतकों के अस्थि अवशेषों को गंगा विसर्जन" हेतु बृज घाट गढ़ मुक्तेश्वर प्रस्थान होने से पूर्व गोरख पार्क शाहदरा स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में उपस्थित भक्तसमुह को। दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि पितृ पक्ष के पावन अवसर पर दिल्ली के विभिन्न शमशान घाटों पर अनजान मृतकों के अस्थि अवशेषों (फूलों) को एकत्रित करके गोरख पार्क स्थित मंदिर परिसर में विद्वान ब्राह्मणों पण्डित राम शर्मा, पंडित रोहित कौशिक द्वारा मंत्रोचारण करते हुए दूध दही शहद गंगाजल घृत आदि से निर्मित पंचामृत से अभिषेक करने के बाद पुष्प अर्पित करते हुए थैलियों में समाहित किया गया। दरबार के सेवादारों ने अस्थि विसर्जन संदर्भ में अनजान मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित हेतु श्री सुंदरकांड जी का पाठ किया गया। बृज घाट गढ़ मुक्तेश्वर स्थित गंगा के मध्य जाकर इन फूलों को विसर्जित किया जाएगा जिसके बाद गंगा किनारे साधु संतो को भंडारा प्रसाद दक्षिणा सहित देकर इन हुतात्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। अनजान मृतकों के अस्थि विसर्जन हेतु प्रस्थान करने से पहले स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि "मनुष्य को अपने परिवार, पैसा, पद प्रतिष्ठा का अभिमान नहीं करना चाहिए। हम जिन अनजान मृतकों के अस्थि अवशेषों को लेकर दिल्ली से गंगा लेकर प्रस्थान कर रहे है अतीत में कल तक इनको भी अपनी हस्ती होने का अभिमान रहा होगा लेकिन वर्तमान में वह हस्तियां मात्र अस्थियों में परिवर्तित होकर रह गई। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि मृत्यु पश्चात जब तक मृतक के अस्थि अवशेषों को गंगा विसर्जन नही कर दिया जाता तब तक उन्हें मुक्ति नहीं मिलती। सनातन संस्कृति के इन तथ्यों के पीछे धार्मिक के अलावा सामाजिक आध्यात्मिक एवम वैज्ञानिक आधार भी होते हैं। ओर फिर सबसे बड़ी यह बात है कि "वसुधैव कुटुंबकम्" विचारधारा के अनुसार यह सभी अनजान मृतक हमारे ही परिवार का अभिन्न अंग रहें हैं अतः अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु यह अस्थि विसर्जन कार्यक्रम विशेष महत्व रखता है। स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज ने विशेष रूप से बताया कि आने वाली 29 सितंबर रविवार दोपहर साढ़े ग्यारह से गोरख पार्क शाहदरा स्थित मंदिर में इन मृतकों के साथ बांग्लादेश नरसंहार में मारे गए अनेक सनातनी भाइयों को श्रद्धांजलि, आत्मिक शांति हेतु "सर्व पितृ यज्ञ तर्पण"का अनुष्ठान किया जाएगा जिसमे उन स्वतंत्रता सेनानियों एवं पुण्य आत्माओं हेतु श्रद्धांजलि तिलांजलि पुष्पांजलि अर्पित किए जायेंगे जिन्होंने धर्म एवम राष्ट्र सेवा हेतु प्राण न्योछावर कर दिए।

# रामजस कॉलेज में हुआ प्रो. धनी राम की पुस्तक वित्तीय लेखा का विमोचन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यायल के छात्र कल्याण संयुक्त डीन, प्रो. (डॉ.) धनी राम द्वारा लिखित पुस्तक वित्तीय लेखा का विमोचन रामजस कॉलेज में किया गया। प्रिंसिपल के बोर्ड रूम में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी उपस्थित रहे। प्रो. बलराम पाणी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि तेजी से विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में, प्रो. धनी राम की पुस्तक छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़ी है। इसके अंतर्दृष्टि निश्चित रूप से वित्तीय लेखा पर अकादमिक चर्चा को समृद्ध करेगी। समारोह के दौरान, प्रो. पाणी ने इस पहल की सराहना की और दिल्ली विश्वविद्यालय के उप कुलपति तथा रामजस कॉलेज के प्रिंसिपल को एक औपचारिक अंडरटेकिंग प्रदान की, जिसमें बताया गया कि पुस्तक से प्राप्त रॉयल्टी इस प्रकार आवंटित की जाएगीः 35 फीसदी रामजस कॉलेज, 35 फीसदी दिल्ली विश्वविद्यालय, और शेष 30 फीसदी प्रो. धनी राम की शिक्षण और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए। इस अवसर पर अपने संबोधन में वाणिज्य एवं व्यवसाय संकाय के डीन एवं प्रमुख, प्रो. अजय कृष्ण सिंह ने कहा कि प्रो. धनी राम की वित्तीय शिक्षा को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। यह पुस्तक केवल एक मूल्यवान संसाधन नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र में भविष्य के शोधकताओं को प्रेरित भी करती है। प्रो. राजनी अब्बी ने कहा कि यह विमोचन केवल एक पुस्तक नहीं है; यह अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम अपने छात्रों के शिक्षण अनुभव को बढ़ाने वाली पहलों का समर्थन करने में गर्व महसूस करते हैं।

इस अवसर पर वाणिज्य एवं व्यवसाय संकाय के डीन एवं प्रमुख, प्रो. अजय कृष्ण सिंह, प्रॉक्टर प्रो. राजनी अब्बी, डीन छात्र कल्याण प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी, इस्कॉन यूथ फोरम के उप निदेशक अरविंदकृष्ण माधव दास, रामजस कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अजय कुमार अरोड़ा, हंसराज कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. रमा शर्मा और प्रो. काविता यादव सहित अनेकों विख्यात शिक्षाविद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना रानी ने किया।

# परेशान जनता की परेशानियों का समाधान होगा भाजपा के जनता दरबार में : दीपक गाबा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा दिल्ली प्रदेश हर शनिवार को जनता दरबार लगाएगी जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ भाजपा के सांसद बारी-बारी से दिल्ली की जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उन समस्याओं को हल करेंगे। इसी विषय पर बात करते हुए भाजपा शाहदरा जिले के महामंत्री दीपक गाबा ने कहा कि जब अभी तक दिल्ली की सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी ने अपने लगभग दस वर्षों के कार्यकाल में दिल्ली की जनता के लिए कुछ नहीं किया, दिल्ली की जनता को परेशान होने के लिए छोड़ दिया तब भाजपा ने यह कदम उठाया कि भाजपा हर शनिवार को जनता दरबार लगाएगी जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ भाजपा के सांसद आएंगे, जनता की समस्याओं को सुनेंगे और जनता की समस्याओं को हल करेंगे। दीपक गाबा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने यह जो कदम उठाया है यह बहुत ही सराहनीय कदम है और यह कदम वक्त की मांग भी था क्योंकि दिल्ली में सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी तो पिछले दस वर्षों से सिर्फ घोटाले करने में और अपने मंत्रियों की जेबों को भरने में लगी हुई है, आम आदमी पार्टी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दीपक गाबा ने कहा कि आज दिल्ली की जनता दुखी है, परेशान है लेकिन आम आदमी पार्टी का कोई ऐसा नेता नहीं है जिसके पास जनता जा सके और अपनी समस्याओं को बताएं और वह उन समस्याओं को हल करें क्योंकि आम आदमी पार्टी घोटाले करने में और अपनी जिम्मेदारी को दूसरों पर डालने में ही व्यस्त है। दीपक गाबा ने आगे कहा कि शायद आम आदमी पार्टी यह बात नहीं जानती की जनता देव तुल्य होती है और राजनीति का मुख्य उद्देश्य यही होता है कि हम जनता की भलाई कर सके, जनता की सेवा कर सके, जनता की वजह से ही अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में आई थी।

# प्रदूषण पर काबू पाने के लिए न नीति है और न नीयत : बिधूड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली को प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या से बचाने के लिए आम आदमी पार्टी सरकार के पास न तो नीति है और न ही नीयत। इस सरकार की दूरदर्शिता और योजना का अभाव होने के कारण हर साल सर्दियों में दिल्ली गैस चैम्बर बन जाती है जिसमें लोगों की जान पर बन आती है और काम-धंधे, विकास कार्य और निर्माण सब चौपट हो जाता है। सरकार ऑड-ईवन जैसा झुनझुना बजाने के अलावा कुछ भी नहीं कर पाती। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली को प्रदूषण की मार से बचाने के लिए तीन ठोस कदम उठाने बहुत जरूरी हैं और आप सरकार इस तरफ बिलकुल भी ध्यान नहीं दे रही। दिल्ली में इस समय 80 फीसदी सड़कें टूटी पड़ी हैं और सब तरफ धूल उड़ रही है। लुटियन दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो खासतौर पर दिल्ली देहात, पुनर्वास कॉलोनियों, अनधिकृत कॉलोनियों और दूर की आबादी वाली सड़कें बुरी तरह टूटी हुई हैं और प्रदूषण का बड़ा कारण बन रही हैं। आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद नई सड़कें बनना तो दूर, पुरानी सड़कों का सही ढंग से रखरखाव ही नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को जब तक मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक लोग अपनी गाड़ियां सड़कों पर लाने के लिए मजबूर होंगे और दिल्ली में डीटीसी की बसें बढ़ने की बजाय लगातार घटती जा रही हैं। 2015 में दिल्ली में डीटीसी की 5 हजार सीएनजी बसें सड़कों पर थीं जो अब घटकर 2 हजार रह गई हैं। अपनी उम्र पूरी करने के कारण इस साल 600 से ज्यादा बसें हट रही हैं और अगले साल सारी बसें हट जाएंगी। यह तो गनीमत है कि केंद्र सरकार की मदद से दिल्ली में एक हजार इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर आई हैं लेकिन दिल्ली सरकार का हाल यह है कि उसने मोहल्ला बसें तो खरीद ली हैं लेकिन महीनों से उसका ट्रायल ही खत्म नहीं हो रहा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के विजन के कारण ही राजनीतिक दलों के एजेंडे में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं: सीएम योगी

## सीएम योगी बोले- अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक व विचारक थे पं. दीनदयाल उपाध्याय

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- मुख्यमंत्री ने भाजपा सदस्यता महाभियान के तहत पांच लोगों को बनाया सदस्य
- चुनाव का कुरुक्षेत्र होता है बूथः सीएम



**ऋषि तिवारी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चारबाग रोड स्थित केकेसी कॉलेज के समीप दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव, गरीब, किसान, समाज के दबे-कुचले लोगों व महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि है और उस तबके लिए सहानुभूति है। हर हाथ को काम, हर खेत को पानी उनका उद्घोष था। वे कहते थे कि आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर नहीं, बल्कि सबसे नीचे पायदान पर खड़े व्यक्ति के माध्यम से की जानी चाहिए। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक सीएम योगी ने कहाकि 70 वर्ष पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक बनी है। इसी का परिणाम है कि कोरोना महामारी के दौरान से ही देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला योजना का निशुल्क सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को मकान, 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ है। यह दृष्टि समाज को समग्र रूप से विकास के पथ पर अग्रसर करने, सामाजिक विकास के माध्यम से सांस्कृतिक उत्थान व राष्ट्र के समग्र विकास की रूपरेखा को बढ़ाने की है। हम सभी कर रहे नए भारत का दर्शन सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उस विजन को दस वर्ष से धरातल पर उतारकर हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने पं. उपाध्याय की जयंती को अपने सदस्यता महाभियान की तिथि के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। लखनऊ महानगर की टीम बधाई की पात्र है, जिसने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाने के बड़े अभियान को अपने हाथ में लिया है। बूथ ही चुनाव का कुरुक्षेत्र होता है सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि चुनाव जिला, संसदीय-विधानसभा क्षेत्र स्तर पर नहीं लड़ा जाता है, बल्कि चुनाव का कुरुक्षेत्र बूथ होता है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ मजबूत है तो चुनाव पक्ष में है। इसी बुनियादी बात को ध्यान में रखकर भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हुई है। सीएम ने कहा कि सदस्यता महाभियान का लक्ष्य प्रदेश के सभी 75 व सांगठनिक दृष्टि से सभी 98 जनपदों में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद सुशील तिवारी, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने पांच लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदस्यता महाभियान के तहत बुधवार को पांच लोगों को भाजपा से जोड़ा। सीएम ने कहा कि भाजपा ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हमारे कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। लखनऊ महानगर ने अब तक दो लाख 52 हजार 494 सदस्य बनाए हैं।

## पुतला निर्माण कार्य जोरों से हुआ शुरू



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में रामलीला मंचन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं।रावण,कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ७० फीट के रावण,६५ फीट के कुम्भकरण और ६० फीट के मेघनाद के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। १२ अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर इन पुतलों का दहन किया जाएगा। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष लोनी के अनुभवी कलाकारों के द्वारा बहुत ही सजीव पुतलों का निर्माण किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि इस वर्ष मुरादाबाद की प्रसिद्ध मंडली श्री जानकी कला मंच के कलाकारों के द्वारा रामलीला की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी ।समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता ने बताया कि इस बार 5 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी,जिसके लिये पांच सौ सोफे और चार हजार कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है।लोगों के खाने-पीने के लिए फूड स्टाल रहेगा और लोगों की सुरक्षा के लिए प्राइवेट सुरक्षा गार्ड और नोएडा पुलिस की व्यवस्था रहेगी। समिति के कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग ने बताया कि श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला 3 अक्टूबर से शुरू होकर 13 अक्टूबर तक चलेगी। 7 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी,जो शहर के विभिन्न सेक्टरों से होते हुए सेक्टर-62 स्थित रामलीला स्थल पर पहुँचेगी। 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा।13 अक्टूबर को श्रीराम और भरत मिलाप होगा । उसके बाद डांडिया उत्सव मनाया जाएगा और इसके साथ 11 दिवसीय श्री रामलीला मंचन का समापन होगा।

## जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के 7 स्टार्टअप्स ट्रेड शॉ में शामिल

- माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पहले भी कर चुके हैं स्टार्टअप्स की सराहनाः पंकज अग्रवाल वाइस चेयरमैन जी एल बजाज शिक्षण समूह



**ऋषि तिवारी**

ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) और जीएल बजाज सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनक्यूबेशन के द्वारा इनक्यूबेटेड 7 स्टार्टअप्स को स्टार्ट-इन यूपी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिष्ठित उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो (यूपीआईटीएस) के द्वितीय संस्करण में अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए चुना गया है ।जीएलबीसीआरआई के (फैबजी प्राइवेट लिमिटेड, म्योहो फूड एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, यूथ बज एडुकॉम एलएलपी, निकट्री एंडेवर्स ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड, ज़िलोनी एयर प्यूरीफायर एंड कंडीशनर प्राइवेट लिमिटेड, सृष्टि शर्मा एलएलपी और बैंडिज टेक्नो प्राइवेट लिमिटेड) इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर, 2024 तक आयोजित व्यापार शो में अपने नवाचारों और अग्रणी स्टार्टअप्स का प्रदर्शन करेंगें। संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने जीएल बजाज परिवार की तरफ से चयनित नवाचरों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बताया कि लखनऊ में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट 2023 में माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी, गणतंत्र दिवस परेड में कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल और ग्रेटर नोएडा टेक्नोलाजिकल भवन के लोकार्पण के दौरान केंद्रीय मंत्री नारायण राणे एवं उत्तर प्रदेश सरकार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोउद्योग मंत्री राकेश सचान इन सभी स्टार्टअप्स की सराहना कर चुके हैं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर चलाया भाजपा बूथ सदस्यता अभियान



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** बुधवार को देश में प्रखर राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक चिंतक व साहित्यकार के रूप में पहचान बनाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती है उसकी के चलते नोएडा भाजपा ने उनकी जयंती पर हर बूथ पर सदस्यता अभियान चलाया। इसी कड़ी में माननीय राज्यसभा में संसद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह नोएडा के बूथ संख्या 64 पर ग्राम चौड़ा सेक्टर 22 पर रहे। उनके साथ जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल भी रहे। उन्होंने वहाँ करीब १०० नये सदस्य बनाये। आज सभी 732 बूथों पर इसी प्रकार सदस्यता अभियान चलाया गया जहां नये सदस्य बनाने का अभियान चलाया गया। इस मौके पर अरुण सिंह ने कहा कि पंडित जी ने 60-70 साल पहले जो जीवन दर्शन अपने विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को दिशा दी, वह भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रम देखने को मिलती है। उनके चिंतन में गांव, गरीब महिला को स्वावलंबन के मार्ग के रूप में अग्रसर करने के लिए सहानुभूति दी है। हर हाथ को काम हो, हर खेत को पानी हो, आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर चढ़े हुए व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे खड़े हुए व्यक्ति के माध्यम से किया जाना चाहिए। आज हमारी सरकारें समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम कर रही है. बदलता परिवेश सामने है। सदस्यता अभियान का महापर्व है. घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करना है। आपको बात दें कि नोएडा महानगर में अब तक 74000 से ज्यादा सदस्य बन चुके है। इस समय नोएडा पक्षिम क्षेत्र में प्रथम स्थान और प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

## नवादा में दलितों पर हमले के विरोध में भारतीय सोशलिस्ट ने किया प्रदर्शन

- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के सहयोगी को सौंपा
- प्रभावित दलितों को पुनर्वासित करने और दोषियों को सजा देने की मांग



**नोएडा।** भारतीय सोशलिस्ट मंच ने बिहार के नवादा में दलितों पर फायरिंग कर उनके घरों को जलाने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को मंच के कार्यकताओं ने सेक्टर 19 स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट की अनुपस्थिति में उनके सहयोगी को सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रपति से कहा गया है कि भारतीय सोशलिस्ट मंच आपका ध्यान गत 18 सितंबर को बिहार के नवादा जिले के कृष्णा नगर गांव के माजी टोली बस्ती के महादलित के 80 घरों को दबंग लोगों के द्वारा आग लगाने के संबंध में आकर्षित करना चाहता है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि 2024 में बिहार की तस्वीर पूरे भारत को विचलित करने वाली है। राष्ट्रपति क्या कानून का राज खत्म हो गया है? जातिगत हिंसा मनोभावना के तहत पहले दबंग लोगों ने फायरिंग की ताकि कोई भाग ना सके और बाद में माझी टोला की महादलित जाति के घरों को आग के हवाले कर दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सबसे बड़े दुख की बात यह है कि जहां की घटना बताई जाती है वह जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर है। इस प्रकार की घटना मानव जाति के लिए कलंक है श्रेणीबद्ध जाति असमानता का घिनौना रूप है जिसमें ऊपर के पायदान पर बैठा हुआ व्यक्ति वर्ग निचले पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति वर्ग से घृणा करता है। ऐसे में यह सवाल उत्पन्न हो जाता है जाति गणना की बात करना या जाति गणना का विरोध करना एक चुनावी नारा रह जाता है। भारतीय सोशलिस्ट मंच महसूस करता है यह जाति की गोलबंदी की राजनीति का परिणाम है सामूहिक रूप से महादलितों के घरों को फूंक दिया जाता है चंद लोग जाति की राजनीति करके सत्ता पर काबिज होते हैं और जनता की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

## नोएडा में करंट लगने से संविदाकर्मी की मौत, चार लोग संदिग्ध अवस्था में मरे

**नोएडा, एजेंसी।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने चार लोगों की संदिग्ध अवस्था में तथा एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि अनुज कुमार पुत्र अभिलाष उम्र 29 वर्ष मूल निवासी जनपद औरैया बिजली विभाग में संविदा पर काम करता था। उन्होंने बताया कि सबमॉल के पास बिजली की खंभे पर चढ़कर वह काम कर रहा था, इसी बीच बैककरंट आ गया तथा उसे बिजली का करंट लग गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उसकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक कर्मचारी के परिजनों और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच वार्ता हो रही है। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के छलेरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि छलेरा गांव में रहने वाले नकुल सैनी पुत्र अशोक सैनी उम्र 32 वर्ष को गंभीर हालत में उसके परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, वहां पर उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार मृतक के सांस की नली में अनाज फंस गया था। जिसकी वजह से उसका दमघुट गया और उसकी मौत हुई।

## मतदान बूथों के 100 मीटर दायरे में पाबंदी

**पलवल, एजेंसी।** जिले में डीसी डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिले में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव व आठ अक्टूबर को होने वाली मतगणना के मध्य नजर धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदान व मतगणना केंद्रों के आस-पास अवेक्षित गतिविधियों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में सक्षम अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्ति व मतदाता के अलावा अन्य व्यक्ति की गतिविधि पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का टेलिफोन, सेल्युलर, मोबाइल फोन, कोर्डलेस फोन, वायरलेस सेट ले जाने पर भी पाबंदी रहेगी। आदेशों की अवहेलना करने वालों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश पांच अक्टूबर को लागू होंगे और आठ अक्टूबर को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त आदेश इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व अन्य दस्तावेजों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वालों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद डासना जेल में 19 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, जांच शुरू

**गाजियाबाद, एजेंसी।** डासना जिला कारागार में 19 साल के युवक शिवम ने आत्महत्या की। शिवम पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था और 10 सितंबर 2024 को पिलखुवा पुलिस ने उसे जेल भेजा था। बुलंदशहर के 19 वर्षीय शिवम ने डासना जिला कारागार के पुस्तकालय में बिजली के तार से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवम बुलंदशहर के स्याना के रवानगी कटिरी के रहने वाले थे। जिस पर पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज था और 10 सितंबर को जेल भेजा गया था। परिजनों का आरोप है कि पिलखुवा थाना क्षेत्र की छीजारसी चौकी के दरोगा की प्रताड़ना से आहत होकर जान दी। पुलिस जांच में मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधीकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शिवम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एक नजर

## गाजियाबाद के दो लाख घरों पर लगाए जाएंगे सोलर रुफटॉप

**गाजियाबाद, एजेंसी।** विकास भवन में सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सोलर प्रकोष्ठ की बैठक हुई। एमएनआरई, भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाह्व के अन्तर्गत जनपद में दो लाख घरों पर ग्रिड संयोजित सोलर रुफटॉप पावर प्लान्ट संयंत्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें सीडीओ द्वारा सर्वप्रथम सभी वेन्डरों का परिचय प्राप्त किया गया। वेन्डरों की समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इस दौरान विद्युत विभाग को निर्देश दिये गये कि मीटर टेस्टिंग की व्यवस्था शीघ्र ही गाजियाबाद में आरम्भ किया जाये। जिससे मीटर टेस्टिंग की समस्या का निस्तारण हो सके। अन्त में सीडीओ द्वारा अगली बैठक समय से कराने के निर्देश दिये गये है तथा धन्यावाद के साथ बैठक का समापन किया गया। बैठक में अमर सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा आलोक त्रिपाठी, सहायक अभियंता राजकुमार भारती, उमेश अग्रवाल दिव्य सोलर पावर, अनुराग श्रीवास्तव और अरविन्द कुमार शर्मा आदि यूपीनेडा में इम्पैनल्ड वेन्डर उपस्थित रहे।

## लूट का आरोपी पांच साल बाद गिरफ्तार

**पलवल, एजेंसी।** स्थानीय पुलिस ने करीब पांच साल बाद लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पांचवां आरोपी पुलिस को पिछले पांच वर्ष से चकमा दे रहा है। चांदहट थाना प्रभारी मलखान सिंह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि दस अगस्त 2019 को रसूलपुर गांव निवासी जगबीर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आठ अगस्त की शाम को वह अपनी डयूटी से घर पर आ रहा था।

जब वह ताराका व डकौरा के बीच खेतों मे पहुंचा, तो रोड पर कुछ लड़के मिले। जिन्होंने अपनी बाइक उसकी बाइक के आगे लगाकर रूकवा लिया और लोहे के सरियों से वार करके उसके 1500 रुपए व पर्स लूट लिया। उनमें से एक आरोपी विष्णु निवासी महेशपुर था, जिसको उसने पहचान लिया। जिस पर चांदहट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने मामले में महेशपुर गांव निवासी विष्णु उर्फ मोटा, दीपक उर्फ दुधी को 11 अगस्त 2019 को ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन तीसरे आरोपी सागर उर्फ रावण को गिरफ्तार किया था, चौथे आरोपी कृष्ण उर्फ लीले को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। पांचवें आरोपी कैंप पलवल निवासी कृष्ण उर्फ लीले को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चांदहट थाना पुलिस ने पांचवें आरोपी महेशपुर निवासी कैलाश को 23 सिंतबर 2024 को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

## नोएडा में सीआईएसएफ की कांस्टेबल परीक्षा में मुन्ना भाई गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** थाना ईकोटेक-तीन में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बाल में तैनात डिप्टी कमांडेंट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सीआईएसफ में कांस्टेबल की भर्ती के लिए इन दिनों परीक्षा हो रही है। परीक्षा के दौरान एक युवक दूसरे शख्स की जगह पर परीक्षा देने आया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में तैनात डिप्टी कमांडेंट कोकाटे किरन सुनील ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 सितंबर को केंद्रिय औद्योगिक सुरक्षा बल में सिपाही के पद पर भर्ती के लिए परीक्षा हो रही थी। उन्होंने बताया कि एक युवक शिवाजी राणा किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने आया। जब उसका बायोमेट्रिक और फोटो का मिलान किया गया तो मैच नहीं हुआ। सख्ती से जब उस युवक से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह किसी दूसरे की जगह पर पैसों की लालच में परीक्षा देने आया है। थाना प्रभारी ने बताया कि डिप्टी कमांडेंट कि शिकायत के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज का पुलिस ने आरोपी शिवाजी राणा को गिरफ्तार कर लिया है।

## अर्चना का एनसीईआरटी कवि सम्मेलन के लिए चयन

**नोएडा, एजेंसी।** कंपोजिट विद्यालय पर्थला खंजरपुर में तैनात शिक्षिका अर्चना पांडेय को एनसीईआरटी शिक्षक कवि सम्मेलन में सहभागिता के लिए जनपद से चुना गया है। हिन्दी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान एनसीईआरटी नई दिल्ली हिंदी पखवाड़ा शिक्षक कवि सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इसके तहत एक कार्यशाला डिजिटल शिक्षा में राजभाषा हिंदी का बढ़ता प्रभाव पर आगामी 26 और 27 सितंबर को आयोजित की जाएगी। हिंदी पखवाड़े के तहत शिक्षक कवि सम्मेलन को सार्थक बनाने के लिए अर्चना पांडेय कार्यक्रम में सहभागिता कर गौतमबुद्ध नगर से शिक्षा विभाग और शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करेंगी। शिक्षिका अर्चना पांडेय अपनी डिजिटल शिक्षा के लिए प्रदेशभर में जानी जाती हैं।

## यूनिफॉर्म में छात्रों की फोटो पोर्टल पर अपलोड करनी होगी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की यूनिफॉर्म के साथ फोटो खींचकर प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इससे डीबीटी के माध्यम से भेजे जाने वाले पैसों का उपयोग यूनिफॉर्म खरीदने के लिए कर रहे हैं या नहीं इसका पता चल सकेगा। यह काम शिक्षकों को करना होगा। इसके लिए निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में करीब 80 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे है। इन्हें मुख्यमंत्री के द्वारा डीबीटी के माध्यम से प्रतिवर्ष 1200 रुपये भेजे जाते हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि शिक्षकों को बच्चों की यूनिफॉर्म के साथ फोटो प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ शिक्षकों की तरफ से फोटो अपलोड करना शुरू भी कर दिया गया है।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नोएडा, एजेंसी।** आईएमएस लॉ कॉलेज में छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मंगलवार को निजी हॉस्पिटल, शार्प साइट, और क्लोव डेंटल के विशेषज्ञों के सहयोग से छात्रों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई। यह पहल छात्रों के स्वास्थ्य की स्थिति की सही जानकारी देने और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक बनाने के उद्देश्य से की गई। स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए आईएमएस के महानिदेशक डॉ. विकास धवन ने कहा कि मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। हमें इसके प्रति जागरूक और जिम्मेदार होना चाहिए।

## मतरुपी आशीर्वाद दे दो, दूर कर दूंगा क्षेत्र की सभी समस्याएं : दीपक डागर

**फरीदाबाद, एजेंसी।** पृथला क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी दीपक डागर ने अपने चुनावी अभियान के तहत गांव सोतई, भटपुरा, पन्हेडा खुर्द, लहडौली, शाहपुर कलां, बहबलपुर, पन्हेडा कलां, सुनपेड़ आदि में तूफानी दौरे करके लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान गांवों में दीपक डागर को ग्रामीण ऊंट पर सवार करके ढोल नगाडों व डीजे बजाते हुए सभा स्थल तक लेकर पहुंचे, जहां लोगों ने उनका पुष्प वर्षा कर तथा सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। लोगों से मिले प्यार व आशीर्वाद से उत्साहित दीपक डागर ने कहा कि छत्तीस बिरादरी ही उनकी टिकट है और छत्तीस बिरादरी ही उनका चुनाव लड़ रही है, जिस प्रकार से लोगों का समर्थन उन्हें मिल रहा है, उससे उनके हौंसले बुलंद है और उन्हें विश्वास है कि जनता बैट से छक्का लगाकर उन्हें चंडीगढ़ भेजने का काम करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कारी सेफुररहमान प्रकरण में गांव के सैकड़ो लोगो के साथ सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने डीएम एसपी सिटी से करी वार्ता



आज समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के साथ ग्राम खारी के सेकड़ो लोगो ने डीएम वे एसपी सिटी से वार्ता करी जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने वार्ता करते हुए कहा कि कारी सेफुररहमान साहब बहुत बड़ी हस्ती थे बहुत हीं निदा कि बात है उनकी गर्दन कब्र से कोई असामाजिक तत्व काटकर ले गया लेकिन उनके बाद भी अभी तक घटना का कोई खुलासा नहीं हुआ जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने मांग करते कहा की जल्द से जल्द घटना का खुलासा हो घटना की सीबीआई जांच हो जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो आज भाजपा सरकार में आदमी जिन्दा तो सुरक्षीत नहीं मरने के बाद भी कब्र में सुरक्षित नहीं है वार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन, वरिष्ठ नेता फाऊडर मिम्बर डॉ रहमान एहसास, प्रवक्ता अखलाक पप्पू, वरिष्ठ नेता अफजाल लालू, विशेष आमंत्रित डॉ इरफान मालिक जाकिर चौधरी , तसलीम अहमद,डॉ आफताब, शईद प्रधान आदि मौजूद रहे

### राजकुमार कश्यप के प्रतिनिधि बनने से पिछड़ा वर्ग की बढ़ी ताकत: रविन्द्र प्रधान जोगी



**जलालाबाद (शामली )**। समाजवादी पार्टी जिला शामली के कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त एमएलसी किरनपाल कश्यप के प्रतिनिधि राजकुमार कश्यप के बनने पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रविन्द्र प्रधान जोगी के नेतृत्व मे इकराम राव (जिला सचिव सपा शामली ) राशिद मलिक (जिला सचिव पि. व. सपा शामली )मो. हम्माद (नगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग जलालाबाद )शौकीन अब्बासी,अकरम,ने उनके निवास पर पिछड़ा वर्ग की ओर से फूलमाला, गुलदस्ता से स्वागत कर मिठाई खिलाकर खुशी जाहीर की, सपा नेता रविन्द्र प्रधान जोगी ने अखिलेश यादव, श्याम लाल पाल, डा, राजपाल कश्यप एवम एम.एल.सी किरनपाल कश्यप के इस ऐतिहासिक नियुक्ति को जिला शामली के अंदर पिछड़ा समाज मे एक नई ताकत के रूप मे राजकुमार कश्यप को बताया, इकराम राव ने समस्त गांव वाशियो की ओर से बधाई सन्देश दिया ओर कहा की अब आम आदमी की रोजमर्रा की जनसमस्या को किरनपाल कश्यप जी की कमी जिला वाशियो को नहीं रहेगी, राशिद मलिक ने राजकुमार कश्यप के द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए अग्रणी बताया.साथ रहे इलियास चौधरी, सोयब राव, सादात खा, अनुज कश्यप,राजन कश्यप,रामबीर, लोकेश, जयपाल कश्यप, लेखराज कुआँ खेड़ा ,अर्जुन कश्यप, आदि!

### कुशीनगर जाली नोट प्रकरण: कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू से भी होगी पूछताछ, पुलिस भेजेगी नोटिस



**कुशीनगर**। कुशीनगर जाली नोट प्रकरण में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू से भी कुशीनगर पुलिस पूछताछ करेगी। कुशीनगर पुलिस की जाली नोट कार्रवाई पर अजय लल्लू ने लगातार सवाल उठाए थे। अजय लल्लू की फोटो भी गिरफ्तार आरोपी औरंगजेब और नौशाद के साथ सोशल मीडिया पर शेयर हो रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस की कार्रवाई के बाद अजय कुमार लल्लू के फेसबुक पेज पर कुशीनगर पुलिस की कार्रवाई को गलत बताया था। ऐसे में कुशीनगर पुलिस अब अजय लल्लू से भी मामले में पूछताछ करेगी। अजय लल्लू कांग्रेस उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष थे। पुलिस इन्हें पूछताछ के लिए नोटिस भेजेगी। जाली नोटों और अवैध असलहों के धंधे में संलिप्त सपा नेता समेत 10 बदमाशों के लिंक पुलिस विदेश तक तलाश रही है। नेपाल के अलावा बिहार, बंगाल और असम तक फैले नेटवर्क में शामिल पांच और संदिग्ध पुलिस के रडार पर हैं।

पुलिस की पांच टीमें जेल भेजे गए बदमाशों की संपत्ति का ब्योरा खंगाल रही है। रसूख के बल पर इलाके में धौंस जमाने वाले आरोपियों की कस्बे में चर्चा रही। सोशल मीडिया पर कई पुलिसकर्मियों के साथ पकड़े गए सपा नेता का फोटो भी वायरल हो रहा है।

### पड़ोसी पर युवक को गोली मारने का आरोप, दोनों में चल रही थी रंजिश; पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**फिरोजाबाद**। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बुधवार की सुबह युवक को गोली मारी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना करके घायल को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा। दूसरी तरफ घायल युवक ने इस मामले में पड़ोस के युवक को नामजद कर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना फरिहा थाना क्षेत्र के नगला नोजर गांव की है। गांव निवासी विवेक कुमार (38) दोपहर करीब सवा तीन बजे ग्रामीणों के साथ पेड़ की छांव में बैठा था। आरोप है कि इसी समय पड़ोसी ओमवीर सिंह अपने साथी जग्गा और शमशाद के साथ पहुंच गया। वह ओमवीर को गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी हाथापाई करने लगे। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने समझाकर मामले को मामला शांत करा दिया। इसी रंजिश को लेकर बुधवार की सुबह 11 बजे के करीब विवेक कुमार को गोली मारी गई है।

घटना के समय वह पिलख्तर से वापस लौट रहा था। गोली विवेक के कंधे के नीचे हाथ में लगी है। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। इस बीच आरोपी परिवार के सदस्यों के साथ गांव से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को ट्रामा सेंटर लाकर भर्ती कराई। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि घायल युवक विवेक ने पड़ोस के युवक पर आरोप लगाया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को सदस्यता अभियान की तिथि के रूप में मनाएगी भाजपा, बूथ की मजबूती पर है नजर

**लखनऊ**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चारबाग रोड स्थित केकेसी कॉलेज के समीप दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया।



## बूथ ही चुनाव का कुरुक्षेत्र होता है

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि चुनाव जिला, संसदीय-विधानसभा क्षेत्र स्तर पर नहीं लड़ा जाता है, बल्कि चुनाव का कुरुक्षेत्र बूथ होता है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ मजबूत है तो चुनाव पक्ष में है। इसी बुनियादी बात को ध्यान में रखकर भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हुई है।

सीएम ने कहा कि सदस्यता महाभियान का लक्ष्य प्रदेश के सभी 75 व सांगठनिक दृष्टि से सभी 98 जनपदों में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद सुशील तिवारी, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक

सीएम योगी ने कहाकि 70 वर्ष पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक बनी है। इसी का परिणाम है कि कोरोना महामारी के दौरान से ही देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला योजना का निशुल्क सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को मकान, 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ है। यह दृष्टि समाज को समग्र रूप से विकास के पथ पर अग्रसर करने, सामाजिक विकास के माध्यम से सांस्कृतिक उत्थान व राष्ट्र के समग्र विकास की रूपरेखा को बढ़ाने की है।

## हम सभी कर रहे नए भारत का दर्शन

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उस विजन को दस वर्ष से धरातल पर उतारकर हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने पं. उपाध्याय की जयंती को अपने सदस्यता महाभियान की तिथि के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। लखनऊ महानगर की टीम बधाई की पात्र है, जिसने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाने के बड़े अभियान को अपने हाथ में लिया है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं

सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव, गरीब, किसान, समाज के दबे-कुचले लोगों व महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि है और उस तबके लिए सहानुभूति है। हर हाथ को काम, हर खेत को पानी उनका उद्घोष था। वे कहते थे कि आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर नहीं, बल्कि सबसे नीचे पायदान पर खड़े व्यक्ति के माध्यम से की जानी चाहिए।

## सीएम ने पांच लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदस्यता महाभियान के तहत बुधवार को पांच लोगों को भाजपा से जोड़ा। सीएम ने कहा कि भाजपा ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हमारे कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। लखनऊ महानगर ने अब तक दो लाख 52 हजार 494 सदस्य बनाए हैं।

# वन्यजीवन को बेहतर की कवायद, पीटीआर के साथ काम करेगी एम थ्री एम संस्था

**पीलीभीत**। पीलीभीत में वन और वन्यजीवों की सुरक्षा, मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के साथ मिलकर एम थ्री एम संस्था भी काम करेगी। संस्था की ओर तीन साल के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह संस्था संसाधनों को मुहैया कराने के साथ जंगल से सटे गांवों के लोगों को जागरूक कर रोजगार के अवसर भी तलाश करेगी। पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय में बुधवार को डीएफओ मनीष सिंह ने प्रेसवार्ता कर इस संबंध में जानकारी दी। डीएफओ ने बताया कि जंगल और उसे सटे इलाकों में वन्यजीवन को बेहतर बनाने के लिए एम थ्री एम संस्था आगे आई है। वह संसाधन की कमी को दूर करने के साथ अन्य जरूरी सकारात्मक कदम भी उठाएगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्या



महाजन ने बताया कि पीटीआर में वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ मानव वन्यजीव संघर्ष की घटना को रोकने के लिए काम करेंगे। इसके लिए जंगल से सटे इलाकों के लोगों से संवाद कर उन्हें जागरूक करने के साथ रोजगार के अवसर भी तलाश किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संस्था लद्दाख, ओडिशा समेत देश के अन्य हिस्सों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के विषय पर काम कर रही है। अब पीटीआर में वन्यजीवन कार्यक्रम की शुरूआत कर जा रही है। संस्था के सहयोगी पवन जैदगा ने बताया कि डीएफओ मनीष सिंह से संपर्क होने के बाद पीटीआर में पहल शुरू करने पर जोर दिया गया। तीन साल में पीटीआर में वन्यजीवन को बेहतर बनाने की कवायद है। जिसके तहत संसाधनों की कमी को दूर करने के साथ वन और वन्यजीवों की सुरक्षा और मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने पर भी जोर दिया जाएगा।

# गरीबों के हक पर डाका: राशन की कालाबाजारी में मुनाफाखोरों की चांदी

**आगरा**। उत्तर प्रदेश के आगरा में गरीबों के हक पर डाका डल रहा है। जिस राशन को सरकार मुफ्त बांट रही है, उसे बेचकर मुनाफाखोरी चांदी काट रहे हैं। चावल की कालाबाजारी का नेटवर्क आगरा से कई राज्यों तक फैला है। इसकी रोकथाम में पुलिस और प्रशासन फेल है।

जिले में 30 लाख कार्ड धारक हैं। प्रत्येक यूनिट पर तीन किलो चावल मिलता है। जिले में हर माह करीब 90 हजार क्विंटल चावल बंटता है। जिसे राशन माफिया गरीबों से 10 से 15 रुपये किलो में खरीद रहे हैं। इसके लिए उन्होंने 100 से अधिक हॉकर तैनात हैं। जो घर-घर जाकर सस्ते दाम पर चावल इकट्ठा करते हैं। फिर इसे 25 से 30 रुपये किलो में आगरा से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व अन्य राज्यों में बेचा जा रहा है। हर माह करीब 40 से 50



हजार क्विंटल चावल का काला कारोबार हो रहा है। इस खेल में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप हैं। इसके कारण राशन माफिया को नेटवर्क नहीं टूट पा रहा है।

**माफिया ने क्षेत्रवार फैला रखा है नेटवर्क...**बाह, फतेहाबाद, खेरागढ़, किरावली, एत्मादपुर और शहर में राशन माफिया ने क्षेत्रवार नेटवर्क फैला रखा है। 10 से 12 सरगना हैं। अवैध भंडारण के लिए गोदाम बना रखे हैं। इस गिरोह में सुमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हेमेंद्र उर्फ गोपाल, ओम प्रकाश गुप्ता, हर्रो, भूरा सहित 100 से अधिक लोग शामिल हैं। जिनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज हैं। फिर भी कॉकस नहीं टूट पा रहा।

**पुलिस ने भेजे जेल...**राशन की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध 50 से अधिक मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस गिरफ्तार कर ऐसे लोगों को जेल भेजे। तभी नेटवर्क टूट पाएगा। -संजीव सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी

# घोटाला: गाड़ी 5 लाख की, मरम्मत पर 20 लाख खर्चे डीजल-पेट्रोल में खेल, नेताओं की कारों में डलावाया जाता है तेल

**मेरठ**। मेरठ नगर निगम के वाहन डिपो में करोड़ों का घोटाला हो रहा है। पांच-पांच लाख कीमत की गाड़ियों पर मरम्मत के नाम पर 20-20 लाख रुपया खर्च दशार्या गया है। डीजल व पेट्रोल में भी बड़ा खेल है। मुख्य नगर लेखा परीक्षक की गोपनीय जांच में घोटाले की परतें दर परतें खुलती जा रही हैं।

निगम के दिल्ली रोड डिपो में 90 वाहन, सूरजकुंड डिपो में 88 और कंकरखेड़ा डिपो में 88 वाहन हैं। इसके अलावा महानगर में 73 वार्डों से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली बीवीजी कंपनी को करीब 280 वाहन निगम ने अलग से दिए हुए हैं। डिपो के 250 वाहनों की मरम्मत में निगम ने 2024-25 में 700 लाख का बजट रखा है।

दिल्ली वाहन डिपो ने निर्धारित बजट खत्म कर दिया और पुनरीक्षित बजट का प्रस्ताव रखकर करीब इस वर्ष करीब 2.50 करोड़ 10 महीने में खर्च कर दिया, जबकि सूरजकुंड वाहन डिपो में 46 लाख और कंकरखेड़ा डिपो में 48 लाख रुपया शेष बचा है। निगम के वाहनों



में डीजल-पेट्रोल का खर्च करने का बजट अलग है, जोकि 2100 लाख है। वाहनों में डीजल-पेट्रोल फूंकना भी सबसे ज्यादा दिल्ली डिपो का बताया गया है।

दिल्ली वाहन डिपो में बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है, इसकी शिकायत करीब 45 दिन पहले हुई थी। इसकी गोपनीय जांच मुख्य नगर लेखा परीक्षक अमित भार्गव को दी गई। बताया गया कि दिल्ली रोड वाहन डिपो की जांच पूरी हो गई, जबकि कंकरखेड़ा और सूरजकुंड वाहन डिपो की जांच अभी जारी है।

जांच रिपोर्ट वाहन डिपो में करोड़ों का घोटाला होना सामने आया है। दिल्ली डिपो में जिन वाहनों की कीमत पांच लाख है, उन पर 20 लाख रुपये मरम्मत में खर्चा होना दशार्या गया। ऐसे इक्का-दुक्का वाहन ही नहीं, बल्कि दस से ज्यादा वाहन मिले हैं। डीजल-पेट्रोल भी निजी लोगों के वाहनों में डलवाने की बात सामने आई है। कई नेताओं के नाम भी सामने आए हैं।

**छह महीने का खर्च सिर्फ 95 लाख दशार्या**...गोपनीय जांच के दौरान भाजपा पार्षदों ने वाहन डिपो में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इसमें नगर निगम के तीनों वाहन डिपो ने छह महीने (अप्रैल से सितंबर तक) का खर्च कुल 95 लाख दशार्या। कंकरखेड़ा डिपो में 28 लाख, सूरजकुंड डिपो में 33 लाख और दिल्ली रोड डिपो में 34 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

मुख्य लेखा नगर परीक्षक की जांच रिपोर्ट में वाहन डिपो द्वारा वाहनों की मरम्मत, डीजल-पेट्रोल के खर्च पर बड़ा घोटाला होने की पुष्टि हो गई। इस संबंध में मुख्य लेखा नगर परीक्षक अमित भार्गव का कहना कि जांच गोपनीय है। महापौर और नगर आयुक्त को जांच रिपोर्ट सौंप दूंगा। उसके बाद ही वाहन डिपो में गड़बड़ी का खुलासा किया जाएगा। नगर निगम की बोर्ड बैठक में वाहनों डिपो में भ्रष्टाचार की पोल पार्षद खोलेंगे। इसकी जानकारी वाहन डिपो प्रभारी और अधिकारियों को चल गई थी। बोर्ड बैठक में घोटाला खुलेगा तो निगम की बदनामी होगी।

इसको देखते हुए दिल्ली वाहन डिपो से पार्षदों और भाजपा के कई नेताओं को पैसे बांटे गए। इसके बावजूद भी वार्ड-35 की भाजपा पार्षद पूनम गुप्ता ने बोर्ड बैठक में डिपो में होने वाली गड़बड़ी की पोल खोल दी।

# यूपी में बदला मौसम, पूर्वी व पश्चिमी हिस्सों में दो दिन अच्छी बारिश



**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्सों गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर समेत आजमगढ़ आदि में मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। इस बीच पूर्वी हवा चलने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई और मौसम खुशनुमा रहा। बुधवार को प्रदेश में बारिश के क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिला। कन्नौज, अमेठी, प्रतापगढ़, जौनपुर और प्रयागराज में हल्की बारिश हुई। वहीं, पश्चिमी यूपी के मथुरा, अलीगढ़ और बुलंदशहर आदि इलाकों में भी बूंदाबांदी हुई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश के मुताबिक नए विकसित हुए वेदर सिस्टम के असर से बुधवार से प्रदेश के बाकी हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार से पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश की तीव्रता बढ़ेगी। वहीं, 27 व 28 सितंबर को प्रदेश के विभिन्न इलाकों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश के भी संकेत हैं। हालांकि पश्चिमी यूपी में बारिश की तीव्रता मध्यम रहेगी। राजधानी लखनऊ की बात करें तो यहां दोपहर में धूप छांव का मौसम रहा। हवाओं के असर से उमस भरी गर्मी में थोड़ी कमी आई। मौसम विभाग की मानें तो लखनऊ में भी बुधवार से अगले कुछ दिन छिटपुट बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहेगा। राजधानी में शुक्रवार को अच्छी बारिश के संकेत हैं।

# हेल्थ कैम्प का डा0 मिर्जा व शाहिद खां ने किया उदघाटन

मौ० याकूब

**किरतपुर**। अवामी इमदादी सोसायटी की शाखा बसी स्थित मौहल्ला भुड्डी में हिमालय इंस्टीट्यूट डोईवाला के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया ।जिसमें 320 मरीजों का चेकअप कर उनको मुफ्त दवाइयां दी गयीं। 42 मरीज मोतियाबिंद आपरेशन के लिये चिन्हित किये गये। कैम्प आवामी इमदादी सोसाइटी एंव हिमालयन इंस्टिट्यूट डोईवाला (जोली ग्रांट देहरादून) के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर रागिनी पुंडीर ने आंखों के 200 मरीजों को देखा। डॉक्टर सुलेमान अहमद चाईल्ड स्पेशलिस्ट ने 60 बच्चों को चैकअप कर उन्हें दवाइयां दीं। डाक्टर अर्शिया अहमद ने स्त्रियों का चेकअप करके 70 मरीजों को दवाइयां दीं। कैम्प का उदघाटन डॉक्टर एन० एच० मिर्जा व शाहिद



अली खां ने फीता काट कर सय्युक्त रूप से उदघाटन किया। कैम्प में डॉक्टर एम० जुनैद, डॉक्टर एम० बिलाल, आप्टिशियन आशीष कुमार, सिमरन शिवानी, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज कुमार, अफजाल अहमद, पी आर ओ मोबीन अहमद, सोसाइटी सदस्य आरिफ, अयान, सोनम, वाहिद जमाल, ब्रांच इंचार्ज रागिब, अब्दुल रशीद, वसीम अहमद, नूर अहमद चंद्रपाल मोबीन अंत मैं कैम्प संयोजक डॉक्टर एम० जुनैद ने सफल कैम्प के लिए सभी का आभार वयक्त किया।

# आजमगढ़ पुलिस का एक्शन: अंतर जनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़**। आजमगढ़ जिले के पवई थाने की पुलिस ने वाहनों की चोरी करने वाले नए अंतर जनपदीय गैंग का खुलासा कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की नौ मोटरसाइकिल व दो मोटरसाइकिल के पाट्र्स बरामद किए हैं।

**यह है मामला...**अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पवई थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व एसएसआई चंद्रशेखर सिंह टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान राजेन्द्र राजभर उर्फ राजू उर्फ पप्पू पुत्र रामसिंगार राजभर निवासी लोनरा प्रतापपुर थाना अखंडनगर जनपद सुल्तानपुर को चोरी के वाहन संग पकड़ा। अभियुक्त ने मोटरसाइकिल लगभग एक माह पूर्व शाहगंज तहसील से चोरी किया था।

लोगों को धोखा देने के लिए



फर्जी तरीके से नंबर प्लेट की कूटरचना करके दूसरा फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने के लिए जा रहा था।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह मोटरसाइकिल चोरी करके पवई शीतला माता मंदिर के पीछे रामबेचन बिंद पुत्र ठाकुरदीन बिंद निवासी दनियालपुर थाना पवई की कबाड़ की दुकान पर पांच हजार रुपये में बेचता है।

यदि कोई सीधा सज्जन व्यक्ति मिल जाता है तो उसे भी नंबर प्लेट बदलकर बेच देता है। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर और जौनपुर जनपद से मोटरसाइकिल को चोरी करके रामबेचन बिंद को बेचा है।

अभियुक्त राजेन्द्र राजभर की निशानदेही पर रामबेचन बिंद की दुकान के बेसमेंट से नौ मोटरसाइकिल तथा दो कटी हुई मोटर साइकिल के पाट्र्स बरामद हुए। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# आखिर एक दिन के लिए बिहार क्यों आ रहे जेपी नड्डा, नीतीश हैं नाराज या बीजेपी में गड़बड़ी?

दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। शिकायत दर शिकायत से नाराजगी बढ़ती है। हाल के दिनों में देखें तो जनता दल यू और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के बीच या तो तालमेल का अभाव है या फिर यह महज संयोग हो सकता है। मगर देखा जाए तो इधर ऐसे कई कार्यक्रम हुए, जिनमें भाजपा और जदयू मंत्रियों के बीच तालमेल का अभाव दिखा। आगामी विधान सभा चुनाव के इस कगार पर दोनों दलों के नेताओं के दिल नहीं मिलने को लेकर राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर चर्चा इस बात को लेकर तेज हो गई है कि कहीं कुछ अलग खिचड़ी तो नहीं पक रही है। इन चचाओं के बीच इस महीने में लगातार दूसरी बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिहार आगमन की खबर ने इस बात को हवा दे दी कि क्या जेपी नड्डा फिर डैमेज कंट्रोल को लेकर आ रहे हैं?

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा 28 सितंबर (शनिवार) को एक दिवसीय



दौरे पर पटना आ रहे हैं। सितंबर माह में लगातार दूसरी बार बिहार आने को लेकर यह चर्चा है कि पब्लिक प्लेटफॉर्म पर जदयू और भाजपा के मंत्रियों का अनुपस्थित रहने से गलत संदेश जाता है।

इसलिए प्रदेश नेतृत्व को अगर कोई बात चुभ रही है तो वे डैमेज कंट्रोल के तहत आ रहे हैं। अपनी पहली यात्रा में भी जेपी नड्डा डैमेज कंट्रोल के लिए आए और पलटी मारने की खबर को राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से खंडन कराया। हालांकि प्रदेश भाजपा के अनुसार जेपी नड्डा के आगमन का कारण यह बताया जा रहा है कि वह राज्य के सांसद, विधायक, विधान पार्षद सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ भाजपा के चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे। सदस्यों की संख्या और बढ़ाने को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

दरअसल, हो यह रहा है कि कुछ सरकारी कार्यक्रमों में बीजेपी-जेडीयू के बीच रिश्ते में कुछ गड़बड़ी दिखाई पड़ रही है। अब यह महज संयोग भी हो सकता है पर किसी सरकारी कार्यक्रम में मंत्रियों का नहीं रहना शक तो पैदा करता है।

बापू सभागार में 19 सितंबर को वेस्ट मैनेजमेंट को एक कार्यक्रम था, जिसमें राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर के साथ प्रोग्राम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, नगर विकास मंत्री नितिन नवीन मौजूद थे। लेकिन जेडीयू के एक भी शीर्ष नेता मौजूद नहीं थे। वैसे इस कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार के आने की भी संभावना थी। पर अंततः जदयू से किसी मंत्री ने शिरकत नहीं की।

वहीं इसी दिन सीएम नीतीश ने 4 एक्सप्रेस-वे को लेकर हाई लेवल मीटिंग बुलाई थी। लेकिन विभाग के मंत्री और डेप्युटी सीएम विजय सिन्हा ने भी इस बैठक से किनारा किया। जबकि इस बैठक में योजना की जानकारी देनी थी। बिहार जिस अग्निकांड के करने देश भर में चर्चा में है उस नवादा अग्निकांड को लेकर हुई बैठक में सीएम तो मौजूद थे। पर लॉ एंड ऑर्डर की इस बैठक में एडीजी, मुख्य सचिव और डीजीपी और ना ही उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी या विजय सिन्हा नजर ही नजर आए।

इसी माह पर्यटन विभाग की कुछ योजनाओं की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समीक्षा की, जिसमें मंत्री और बीजेपी नेता नीतीश मिश्रा गायब रहे। अपने ही मंत्रालय की बैठक में वह सीएम के साथ मौजूद नहीं थे। राजद को इसकी सच्चाई जानने की कोई जरूरत नहीं। उनके प्रवक्ता अरुण यादव और भी मिर्च लगाते हुए कहते हैं कि भाजपा नीतीश कुमार का अपमान करने पर तुली है। लोकसभा चुनाव में लगातार पीएम नरेंद्र मोदी की मिली जीत के बाद प्रदेश भाजपा खुद को बड़ा भाई साबित करने के लिए ऐसी हरकत कर रही है। लेकिन सच्चाई यही है कि जदयू का साथ जहां छूटा भाजपा न तो तीन में रहेगी और तेरह में। 2015 विधान सभा चुनाव से भी बदतर हालत में भाजपा पहुंच जाएगी।

# प्रांतीय एथलेटिक्स का शानदार उद्घाटन

संवाददाता।

**मुंगेर।** भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के द्वारा बुधवार को जेएसए ग्राउंड, जमालपुर में 35वाँ प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) का उद्घाटन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. कमल किशोर सिन्हा, भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के प्रदेष सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज मुंगेर के अध्यक्ष अमरनाथ केशरी, सचिव अशोक कुमार, विभाग प्रचारक देवेन्द्र कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्तरुप से बजरंगबली एवं भारतमाता के तस्वीर पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इससे बच्चों का न सिर्फ शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है बल्कि यह सर्वांगीण विकास में भी सहायक है। खेल से बच्चों के जीवन में सहयोग, अनुशासन, संघर्ष एवं टीम वर्क की भावना का विकास होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज




के अध्यक्ष अमरनाथ केशरी ने कहा कि हमारा मन तभी स्वस्थ होगा जब हमारा तन स्वस्थ होगा। स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद आवश्यक है। इसके पूर्व खिलाड़ी भैया-बहनों द्वारा अभिवादन संचलन किया गया जिसमें भागलपुर, पटना, नालन्दा, गया, रोहतास, भोजपुर और मुंगेर विभाग के भैया शामिल हुए।

प्रांतीय खेलकूद प्रमुख राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा ज्योति प्रज्वलन किया गया। यह ज्योति मुंगेर के विभिन्न मंदिरों, स्थानों से होकर लाया गया।जिसे राष्ट्रीय खिलाड़ी सौरभ, विभूति, बॉबी कुमार, अंजलि, हीरा मणि द्वारा मशाल प्रज्वलित किया गया। उद्घाटन के पश्चात प्रतिभागियों के बीच सौ मीटर, चार सौ मीटर एवं तीन हजार मीटर का दौड़ तथा लौंग जम्प एवं शॉट पुट की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा योग प्रदर्शन, समारोह गीत, एकल गीत एवं श्री रामचंद्र कृपालु भजुमन पर समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम का संचालन ऊमाशंकर पोद्दार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, सुमंत कुमार, नीरज कौशिक, राजकुमार ठाकुर, सुरेश प्रसाद एवं सुदीप दास गुप्ता, सतीश कुमार सिंह, गंगा चौधरी, राकेश नारायण अम्बष्ठ, विनोद कुमार, परमेश्वर कुमार, प्रह्लाद राउत, अविनाश कुमार आदि भी थे।

# गया: 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाया गया

संवाददाता।

**गया।** राष्ट्रीय सेवा योजना के 55 में स्थापना दिवस के अवसर पर गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो (डॉ )सतीश सिंह चंद्र के द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिसमें गया कॉलेज कैंपस के अंदर सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरुकता अभियान और"स्वच्छता ही सेवा" अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार के द्वारा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा। जिसके अंतर्गत गया कॉलेज के द्वारा पितृपक्ष मेला क्षेत्र में इसके पूर्व भी अभियान चलाया गया





और प्रतिदिन गया कॉलेज के स्वयंसेवक प्रेतशीला क्षेत्र और विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में रोजाना स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की स्वच्छता एक प्रकार की सेवा है और स्वच्छता के द्वारा हम बहुत सारी बीमारियों का निदान कर सकते हैं।एक अच्छा वातावरण स्थापित करके हम अपने परिसर को साफ सुथरा रखकर बहुत सारी बीमारियों से रोकथाम कर सकते हैं। यह स्वच्छता अभियान निरंतर जारी है इसमें कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सैकड़ो की संख्या में छात्रों ने भागीदारी कर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम चलाया। स्वच्छता अभियान में यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रवि कुमार ने भी बच्चों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया।

# 'अब हम तुम्हें पढ़ाएंगे',महिला टीचर के साथ हैवानियत

## सड़क पर गिराया, फिर कपड़े फाड़ दिए

संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक महिला टीचर के साथ बीच सड़क पर हैवानियत की सारी हदें पार कर दी गईं। घटना मंगलवार की है, जब एक प्राइवेट स्कूल टीचर स्कूटी से अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में 5 युवकों ने पहले उनकी स्कूटी में जानबूझ कर अपनी कार से टक्कर मारी। कार की टक्कर लगते ही टीचर गिर गई। इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उसके कपड़े फाड़ दिए। घटना



मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र की है। शिक्षिका ने बताया कि वह स्कूल से पढ़ाकर अपने घर वापस जा रही थीं। तभी रास्ते में मोहम्मद शाकिर, जो अपने तीन भाइयों के साथ कार में था, उसने जान बूझकर उनकी स्कूटी में कार मारी। कार में मोहम्मद शाकिर के अलावा मोहम्मद शबीर उर्फ उजोल, मोहम्मद जाकिर उर्फ गोलू, मो. अलकमा और मोहम्मद ओसामा भी था। शिक्षिका के गिरते ही सभी कार से उतरे और उनके बाल पकड़ कर उन्हें घसीटने लगे। उनका दुपट्टा छीन लिया।

शिक्षिका ने पुलिस को दिए बयान में बताया, 'आरोपियों ने कहा कि पढ़ाती हो अब हम तुम्हें पढ़ाएंगे। और फिर मेरे साथ छेड़खानी करने लगे। कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर मारपीट की। शोर सुनकर मेरे दोनों भाई मौके पर पहुंचे। भाइयों ने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने रॉड व लाठी से उनपर भी जानलेवा हमला कर दिया।' गांव के लोगों के जुटने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना में शिक्षिका घायल हो गई हैं। इस मामले में पुलिस ने शिक्षिका के बयान पर एफआईआर दर्ज कर ली है। फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष अस्मित कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# जमुई: रॉन्ग नंबर वाली लव स्टोरी आयी सामने

संवाददाता।

**जमुई।** बिहार में एक रॉन्ग नंबर वाली लव स्टोरी सामने आई है। मामला जमुई जिले से जुड़ा है। जमुई जिले के एक युवक की गलती से एक बार यूपी के कानपुर कॉल लग गई। कॉल पर दूसरी ओर एक लड़की थी। फिर दोनों के बीच बात होन लगी। व्हाट्सएप और फेसबुक पर चैटिंग भी होने लगी। दोनों के बीच एक दूसरे को जानने का सिलसिला इस कदर शुरू हुआ कि दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। फिर प्यार का जुनून ऐसा चढ़ा कि यूपी की नाबालिक लड़की ने अपना घर छोड़ा और अपने प्रेमी विकास कुमार के साथ भागकर बिहार आ गई। यहां जमुई जिला के झाझा थाना क्षेत्र के घुटिया गांव पहुंचकर दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद युवक विकास कुमार जॉब के लिए केरल चला गया। इधर कानपुर में नाबालिग लड़की के घर वालों ने कल्याणपुर थाना में बेटी के अपहरण करने को लेकर मामला दर्ज कराया। लड़की के परिजनों ने पुलिस को युवक के बारे में बताया। यूपी पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया तो लास्ट लोकेशन झाझा थाना क्षेत्र में मिली। इस पर यूपी पुलिस जमुई के झाझा पहुंच गई। झाझा पहुंची यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी और घुटिया गांव पहुंचकर नाबालिक लड़की को अपने संरक्षण में झाझा थाना लाई। यूपी पुलिस के पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि लड़की के पिता ने 21 मई को अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले पुलिस को पता चला कि लड़की झाझा थाना के घुटिया निवासी विकास कुमार के घर में है। इसकी सूचना पर यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से करीब पांच महीने बाद लड़की को उसके घर से सकुशल बरामद कर लिया।इस मामले पर झाझा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि यूपी पुलिस की सूचना पर नाबालिक लड़की को विकास कुमार के घर से बरामद कर लिया गया है।

# बात-बात पर शक करती थी पत्नी...पेचकस और पिलास से 'टाइट' करने लगा पति

संवाददाता।

**बक्सर।** बिहार के बक्सर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक हैवान पति ने अपनी गर्भवती पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि पति ने पत्नी को कमरे में बंद कर चाकू, पेचकस और पिलास से वार कर घायल कर दिया। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। गंभीर हालत में महिला को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना बक्सर के बड़का राजपुर की है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला प्रीति की शादी पिछले साल पांडेय पट्टी निवासी रवि चौधरी से हुई थी। प्रीति के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। प्रीति जब गर्भवती हुई तो कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद वह सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव में अपनी मौसी के यहां चली गई थी। मंगलवार को उसका पति रवि उसे वापस ले आया



था। घर आते ही रवि ने प्रीति को कमरे में बंद कर दिया और उस पर चाकू, पेचकस और पिलास से हमला कर दिया।

प्रीति की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला की आवाज सुनकर हमलोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि आरोपी ने महिला को चाकू, पेचकस और पिलास से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है। गंभीर हालत में प्रीति को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, प्रीति के शरीर पर धारदार हथियार के कई वार हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रीति के घरवालों ने बताया कि पति ने चाकू, पेचकस आदि से मार कर उसे जख्मी कर दिया है। गर्भ में पल रहे शिशु की जान पर भी खतरा बना हुआ है। डॉक्टर के अनुसार, पीडिता को 70 टांके लगाए गए हैं। वहीं, पुलिस ने आरोपी पति रवि को गिरफ्तार कर लिया है। और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिसिया पूछताछ में रवि ने बताया कि मैं बाहर जाता हूं तो परेशान करती है, काफी पूछताछ करती और खुद कहीं जाती है तो बताती भी नहीं है इसी को लेकर गुस्से में आकर उसके ऊपर हमला कर दिया। रवि ने आगे बताया कि बेवजह पत्नी के द्वारा शक किए जाने को लेकर वह नाराज रहा करता था। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि ऋक्षक्र दर्ज कर ली गई है। आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वो थोड़ा सनकी टाइप का लग रहा है। फिलहाल जांच कर रही है।

# केंद्र की राजनीति छोड़ बिहार का रुख करेंगे चिराग पासवान?

## एलजेपीआर चीफ ने बताया जदयू और बीजेपी में बड़ा भाई कौन

संवाददाता।

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि वो प्रधानमंत्री मोदी की ओर से जताए गए विश्वास को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। साथ ही, बिहार के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि वो बिहार को एक विकसित राज्य बनाना चाहते हैं, जहां से पलायन न हो और लोगों को सभी सुविधाएं मिलें। चिराग पासवान ने एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र की राजनीति उनकी प्राथमिकता है, लेकिन बिहार के विकास के लिए भी वो काम करेंगे।

हाजीपुर सांसद ने कहा, 'केंद्रीय मंत्री होने के नाते मेरी प्राथमिकता में केंद्रीय राजनीति है। लेकिन मैं तो बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट की सोच के साथ ही राजनीति में आया हूं। ऐसे में मेरी प्राथमिकता में बिहार भी आता है। दोनों जिम्मेदारियों को



बैलेंस करने का ये समय है। मेरी कोशिश होगी कि मैं इसे पूरा करूं।'

चिराग पासवान ने कहा कि अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 2025 का चुनाव लड़ेगा और पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा, 'अगले साल बिहार में विधानसभा के चुनाव हैं। मैं मानता हूं कि वहां भी एनडीए बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि बिहार की जनता को डबल इंजन की सरकार पर पूरा भरोसा है। ऐसे में बिहार में फिर से पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी, ऐसा मेरा मानना है।'

जदयू और बीजेपी में बड़े भाई के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि इस तरह के सवाल गठबंधन में मतभेद पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन में हर दल महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने दाल में नमक का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह दाल में नमक का महत्व होता है, उसी तरह गठबंधन में हर दल महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, 'मैं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हूं तो जानता हूं कि खाद्य पदार्थों को कैसे बेहतर बनाया जाता है। आप दाल में से नमक निकाल लीजिए, नमक तो केवल एक चुटकी डलता है। फिर क्या स्वाद आएगा। ठीक ऐसे ही गठबंधन में हर छोटे-बड़े दल का महत्व होता है। छोटे भाई के बिना अगर आप रिजल्ट ही नहीं दे पाएंगे तो बड़े भाई का क्या मतलब?'

# 236 दिव्यांगों ने शिविर में भाग ले कर अपना पंजीकरण कराया

बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** मारवाड़ी युवा मंच बेतिया शाखा द्वारा मारवाड़ी महिला समिति एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से एक विशाल कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 25 सितंबर से 28 सितंबर तक स्थानीय नगर भवन में किया जा रहा है। अभी तक कुल 236 दिव्यांगों ने इस शिविर में भाग लेने हेतु अपना पंजीकरण करवा दिया है और आज पहले दिन दोपहर तक







कुल 102 दिव्यांगजन उपस्थित हुए 84 लोगों का नाप ले लिया गया है जिनका 27 एवं 28 तारीख को कृत्रिम अंग वितरित किया जाएगा और 12 लोगों को बैसाखी एवं छड़ी हाथों हाथ दे दी गई है। कृत्रिम अंग श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा बेतिया शहर में ही उनके द्वारा लाए गए आधुनिक उपकरणों से तैयार किया जाएगा जयपुर एवं रांची से इस शिविर हेतु सात लोगों की टीम आई है जिसमें सूरज प्रसाद, कर्मा महतो, जगन्नाथ भकत, गौरी कुमारी, गोल्डी खलखो, असितमिंज, मितेश मुंडा शामिल है। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच बेतिया गरिमा शाखा एवं इनर व्हील क्लब का भी सहयोग रहा। मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी महिला समिति एवं सभी संस्थाओं के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर इसमें सहभागिता दी।

# मुजफ्फरपुर: बकाया पैसा मांगने पर जानलेवा हमला

- पियर थाना के सिमरा सुहरगंज का मामला
- पीयर थाना में मामला दर्ज
- पुलिस कर रही छानबीन

संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर।** पीयर थाना क्षेत्र के सिमरा सुहरगंज निवासी शंभू कुमार झा ने पियर थाना को आवेदन देकर बकाया पैसा मांगने पर जानलेवा हमले, मारपीट आदि से संबंधित शिकायत की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उसके बगलगीर राकेश कुमार झा के यहां 10 हजार रुपए बकाया है। इसी पैसा का तगादा करने के कारण 23 तारीख की



दोपहर में राकेश कुमार झा एवं अन्य के द्वारा लाठी-डंडा एवं लोहे का रॉड लेकर गाली-गलौज करते हुए दरवाजे पर आकर उसके पुत्र विवेक कुमार के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान पैरवी-पहुंच का धौंस दिखा कर जान से मारने की धमकी भी दी गयी। हमले के दौरान उसका पुत्र विवेक कुमार जख्मी हो गया। बीच बचाव के क्रम में उनकी पत्नी सुनीता देवी के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान चैन एवं नकदी भी निकाल लिया गया। बाद में जख्मी पुत्र को एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहीं इस संदर्भ में पीयर थाना अध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि मामले से संदर्भित आवेदन मिला है। प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# मांझी और चंपाई सोरेन के बाद अब दिल्ली सीएम आतिशी,लेकिन सबसे 'चालू' निकले लालू!

दीपक कुमार तिवारी।

**नई दिल्ली/पटना।** दिल्ली की नवनिर्वाचित सीएम आतिशी ने एक नई मिसाल कायम की है। अगर यह वास्तविक है तो यकीन करना चाहिए कि उन्होंने राम-भरत के प्रेम और भरत के आदर्श को स्थापित किया है। अगर यह अवास्तविक है, जैसा कई राज्यों में अब तक दिखा है, तो यकीन मानिए कि सुपर स्टार्स के अभिनय भी उनके सामने फीके पड़ेंगे। दोनों में से कोई भी सच हो सकता है। इसलिए दोनों ही स्थितियों को ध्यान में रख कर आतिशी का आकलन करना चाहिए या आगे का अनुमान लगाना चाहिए।

आतिशी ने अरविंद केजरीवाल की कुर्सी पर बैठने से मना कर दिया। यह उनका अरविंद के प्रति आदर का भाव है या नफरत का, यह तो उनका मन ही जानता होगा। कई बार लोग उस स्थल या स्थान पर जाने-बैठने से परहेज करते हैं, जो अशुभ साबित हुआ हो। यह भी संभव है कि आतिशी को वह चेयर अभिशप्त लगा हो, जिसकी वजह से अरविंद केजरीवाल को जेल यात्रा तक करनी पड़ी और आखिरकार इस्तीफा देना पड़ गया। यह इस प्रसंग का दूसरा पहलू है। यह वामपंथी विचारधारा की आतिशी का बदला नजरिया भी हो सकता है, जिसने भारत के आदर्श का पालन करने की उन्हें प्रेरणा दी। इस प्रसंग का पहला पहलू यह है कि आतिशी ने अरविंद के प्रति आदर



भाव ही प्रकट किया है। इसे इसलिए बल मिलता है कि आतिशी को चंपाई सोरेन और जीतन राम मांझी बन कर कुछ हासिल नहीं होना है। सच यह है कि अरविंद के जेल में रहते आतिशी ने ही 177 दिन सरकार चलाई। उन्हें अब इससे भी कम दिन सीएम रहना है। इस तरह देखें तो आतिशी भले औपचारिक सीएम 21 सितंबर 2024 को बनी हैं, पर अनौपचारिक सीएम तो वे पिछले करीब छह महीने से हैं। इसलिए अरविंद के प्रति आतिशी के आदर भाव को उनके सच्चे मन की छाया ही मानना ज्यादा सटीक लगता है।

बिहार में नीतीश कुमार की नजर में बेहद सीधे और उनके विश्वसनीय थे जीतन राम मांझी। नीतीश कुमार भाजपा से रूठ कर 2014 के संसदीय चुनाव में अकेले खम ठोंकने के लिए अचानक 2013 में छटपटा गए। उन्हें लगा कि राजकाज से फ्री होकर वे मैदान में उतरे तो नरेंद्र मोदी को औकात बता देंगे। उन्होंने आनन-फानन सीएम की कुर्सी अपने भरोसेमंद जीतन राम मांझी को कुछ समय तक संभालने के लिए सौंप दी। संसदीय चुनाव में तो वे सिर्फ दो सीटें जीत कर औंधे मुंह गिरे ही थे, मित्र मांझी से उन्होंने सीएम की कुर्सी अपने लिए खाली करने को कहा तो उन्होंने नाकों चने चबवा दिए थे। कुर्सी वापस मिल तो गई, लेकिन इसके लिए उन्हें कितने पापड़ बेलने पड़े, सभी जानते हैं।

बिहार के पड़ोस में ही है झारखंड। 24 साल पहले तक यह झारखंड का ही हिस्सा था। विधानसभा के मौजूदा कार्यकाल में पहले राउंड में सीएम बने हेमंत सोरेन के जब दुर्दिन शुरू हुए तो हेमंत ने अपने परिवार के प्रति वफादार और विश्वासपात्र चंपाई सोरेन को सत्ता सौंप दी। चंपाई ने आतिशी की तरह हेमंत की कुर्सी खाली नहीं छोड़ी और न बगल में अपने लिए अलग कुर्सी लगाई। वे सीधे उनकी ही कुर्सी पर बैठे। अलबत्ता अपने बोल-वचन से इस बात का एहसास कराते रहे कि वे भी खड़ाऊं सीएम ही हैं। वास्तविकता यह थी कि कुर्सी ने इस कदर उन्हें जकड़ लिया कि वे कुर्सी से उतरते ही छटपटा गए।

अब वे भाजपा के साथ हेमंत के खिलाफ हवा बनाने के अभियान में लग गए हैं। इस मामले में अगर कोई सबसे चालू निकला तो वे बिहार के पूर्व सीएम और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव हैं। चारा घोटाले में जब लालू के जेल जाने की नौबत आई तो तो उन्होंने किसी पर भरोसा नहीं किया, सिवा पत्नी राबड़ी देवी के। राबड़ी को सत्ता सौंपने की उनकी दूरदृष्टि ही थी कि आरजेडी पर आज भी उनके परिवार की ही पकड़ कायम है।

अगर हेमंत और नीतीश जैसी चूक उन्होंने की होती तो शायद वे आज तेजस्वी यादव को सीएम बनाने का सपना भी नहीं देख पाते। खैर, आतिशी का आकलन होना बाकी है कि वे चंपाई सोरेन और जीतन राम मांझी की राह पकड़ती हैं या सच में उन्हें केजरीवाल के पुनरागमन का इंतजार है।



## चरण सिंह

### विचार

## हरियाणा में दलित कार्ड और पीएम मोदी की चुनावी रणनीति!

हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती देख बीजेपी ने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही अगले साल होने वाले विधानसभा को देखते हुए बीजेपी किसी भी हालत में हरियाणा को नहीं खोने देना चाहती है। हरियाणा में पीएम मोदी ने खुद चुनावी मोर्चा संभाल लिया है। मोदी हरियाणा में दलितों पर डोरे डाल रहे हैं। पीएम मोदी ने सोनीपत रैली में कांग्रेस को दलित विरोधी करार दिया है।

पीएम मोदी हुड्डा राज में दलितों का उत्पीड़न और राहुल गांधी के आरक्षण पर दिए बयान को आरक्षण के विरोध में जोड़ते हुए दलितों को बीजेपी से जोड़ने में लगे हैं। बीजेपी नेता कहते फिर रहे हैं कि राहुल गांधी ने आरक्षण के विरोध में जो बयान दिया है उससे हरियाणा का दलित बहुत नाराज है। जो दलित वोटबैंक कांग्रेस को जा रहा था वह राहुल गांधी के बयान और कुमारी शैलजा की नाराजगी के चलते बीजेपी की और जा रहा है। पीएम मोदी ने सोनीपत में लोगों को आगाह कर दिया कि यदि कांग्रेस की सरकार बनवा दी तो बहुत पछताओगे।

दरअसल हरियाणा विधानसभा चुनाव अपनी रंगत पर आ गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से चुनावी रैली में के से बढ़कर एक दिग्गज पहुंच रहे हैं। बीजेपी की ओर से पीएम मोदी स्टार प्रचारक हैं। सोनीपत में हुई रैली में पीएम मोदी का प्रयास रहा कि कांग्रेस की दिग्गज नेता कुमारी शैलजा की नाराजगी को हवा दी जाये। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर न केवल दलित विरोधी होने का आरोप लगाया बल्कि कांग्रेस के डीएनए में आरक्षण का विरोध भी बता दिया।

पीएम मोदी ने रैली में कांग्रेस राज का डर भी पैदा किया। उनका कहना था कि भूपेंद्र हुड्डा के राज में दलितों के साथ अन्याय हुआ। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों, शोषितों के साथ भी धोखा किया है। मोदी ने हुड्डा राज की बात करते हुए कहा कि 2014 में जब हुड्डा जी यहां सीएम हुआ करते थे, तब ऐसा कोई साल नहीं था जब दलितों के साथ अन्याय नहीं हुआ। अनेक दलितों के साथ अन्याय हुआ। हर कोई जानता था कि दलितों के खिलाफ कांग्रेस खाद-पानी देती है।

कुमारी सैलजा प्रकरण को पीएम मोदी ने ड्रामा करार दिया। उनका कहना था कि कांग्रेस ने हमेशा ही गरीब और पिछड़ों को विकास से बाहर रखा है। जब-जब कांग्रेस सरकार से दूर रही है तब-तब गरीबों को उनका हक मिला है। जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है गरीबों और दलितों का हक छीना गया है।

## इन आंकड़ों पै कौन न मर जाये अय खुदा

-राकेश अचल-

इस देश में अब सब कुछ चौंकाने वाला हो रहा है। चुनाव पूर्व सर्वे हों या मतदान के बाद के सर्वे। सब चौंकाने वाले होते है। सर्वे गलत हों या सही, लेकिन कोई इसके लिए जिम्मेदार नहीं होता। सर्वे का काम लोगों को भरमाना और अपने प्रायोजक का नफा-नुक्सान देखना भर होता है। सर्वेक्षणों के झूठ-सच पर निगाह रखने के लिए देश में कोई नियामक आयोग नहीं है। अब एक नया सर्वे आया है पीरियोडिक लेबर फोर्स के इस सर्वे के मुताबिक हमारा प्यारा मध्यप्रदेश अकेला ऐसा प्रदेश हैं जहां बेरोजगारी न के बराबर है यानि मात्र 1 फीसदी।

नेशनल सेंपल सर्वे ऑफिस द्वारा जुलाई 2023 से जून 2024 के लिए जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) की सालाना रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट (एलएफपीआर) 2023-24 के दौरान सात साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई ह। ये सर्वे किसी गोदी मीडिया का नहीं है बल्कि सरकार का है इसलिए इसके ऊपर ऊँगली उठाने में भी संकोच होता है, लेकिन इस सर्वे के नतीजे हकीकत और अफसाने जैसे हैं, इसलिए उँगलियाँ अपने आप उठाई जाती हैं।

दरअसल इस सर्वे की रिपोर्ट जारी करने के समय को लेकर ही पहला सवाल उठाया जा सकता है कि ये सर्वे हरियाणा विधानसभा के चुनावों के ठीक ११ दिन पहले आया है। सर्वे का दावा है की देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में घटी है, अर्थात सबसे ज्यादा रोजगार हरियाणा ने दिए हैं। रिपोर्ट कहती हैकि 2023 -2024 में हरियाणा में बेरोजगारी दर ३ दशमलव 4 फीसदी है जो बीते साल 6 प्रतिशत से ज्यादा थी। जाहिर है की ये रिपोर्ट साबित करना चाहती है कि हरियाणा की डबल इंजिन की सरकार ने बीते साल में हरियाणा में सबसे जयादा रोजगार मुहैया कराये हैं। सर्वे रिपोर्ट पर आप यकीन करें या न करें ये अलग बात है लेकिन सरकार तो अपना काम कर रही है, सर्वे के मुताबिक एक साल में इसमें 2.7 फीसदी की गिरावट आई है। हरियाणा से ज्यादा गोवा 9.7 फीसदी के बाद देश में सबसे ज्यादा थी। ये गिरावट देश के किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले सबसे ज्यादा है। साल 2023-24 में गोवा में बेरोजगारी दर देश में सबसे ज्यादा 8.5 फीसदी है। केरल में ये 7.२ फीसदी है। वहीं, देश की औसत बेरोजगारी दर 3.2 फीसदी है।

सर्वे तो कहता है कि मध्य प्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहां बेरोजगारी दर 1 फीसदी से भी कम यानि (0.9%) फीसदी है। यानि मध्यप्रदेश युवाओं कि लिए रोजगार कि मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है इस सूची में दूसरे नंबर पर गुजरात (1.1)फीसदी और तीसरे पर झारखंड (1.3) फीसदी है। यानि मध्य प्रदेश और गुजरात की डबल इंजिन की सरकारों ने तो रोजगार देने में कमाल ही कर दिया है। मुझे याद आता है कि मध्यप्रदेश विधानसभा में भी मप्र की सरकार ने भी कुछ-कुछ इसी तरह के आंकड़े दिए थे। मध्य प्रदेश सरकार का दावा है कि 2023 की तुलना में मई 2024 तक 9, 90, 935 बेरोजगारों की संख्या कम हो गई है. सरकार दावा करती है कि पिछले साल 35 लाख 73 हजार बेरोजगार थे, जबकि इस साल मई 2024 की स्थिति में यह संख्या घटकर 25 लाख 82 हजार हो गई है. जबकि ताजा आर्थिक सर्वे में ये आंकड़ा 33 लाख से कुछ ज्यादा हैं।

अब सवाल ये है कि जनता इन आंकड़ें पर यकीन करे या जमीनी हकीकत देखे? आंकड़े कुछ और कहते हैं और जमीनी हकीकत कुछ और है। एलएफपीआर को जनसंख्या में काम करने वाले या काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है. पीएलएफएस की सालाना रिपोर्ट, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को कवर करती है, ने दिखाया कि महिलाओं के लिए एलएफपीआर 2023-24 में बढ़कर 41.7 फीसदी हो गया, जो पिछले साल 37 फीसदी था.

सरकारी आंकड़े धोखा देते हैं या हकीकत बयान करते हैं ये कहना कठिन काम है क्योंकि इन्हें झुठलाने के लिए जिन आंकड़ों की जरूरत है वे भी सरकार के ही पास होते हैं, लेकिन जनता को पता है की आंकड़े कितने हवा -हवाई हैं और कितने असली? देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों का लेबर पार्टिसिपेशन रेट राष्ट्रीय औसत से अधिक है। आप हैरान होंगे ये जानकर किसिक्किम का लेबर पार्टिसिपेशन रेट यानी राज्य की कुल आबादी में काम करने या काम खोजने वाले लोग सबसे अधिक 60.5 फीसदी हैं। यहां महिलाओं की हिस्सेदारी 55 फीसदी और पुरुषों की 65 फीसदी है। हालाँकि इस लिस्ट में डबल इंजिन की सरकार वाला बिहार 29 प्रतिशत के साथ सबसे नीचे है। इसके बाद यूपी (33.8) प्रतिशत और झारखंड (34.6) प्रतिशत का नंबर आता है। कुल आबादी में काम करने वालों की संख्या यानी वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो देखें तो सिक्किम (58.2) प्रतिशत सबसे ऊपर है। छत्तीसगढ़ (51.3) प्रतिशत दूसरे पर है।

# हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के अति उत्साह के मायने क्या?

-दिलीप कुमार पाठक-

> बीजेपी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में हरियाणा की पांच-पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, बीजेपी ने 44 तो इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 42 और आम आदमी ने चार सीटों पर बढ़त बनाई थी। बीजेपी की बढ़त वाली 17 विधानसभा सीटों, कांग्रेस की बढ़त वाली 13 सीटों और आम आदमी पार्टी की बढ़त वाली तीन सीटों पर हार-जीत का अंतर 10 प्रतिशत से कम रहा था। अब विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर कांटे की टक्कर होना तय माना जा रहा है। लेकिन इन सीटों पर मतदाता का झुकाव जिस पार्टी की तरफ होगा, उसकी पूरी जीत की संभावना रहेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटों पर एकतरफा जीत हासिल की थी।

हरियाणा में सभी 90 सीटों पर एक चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे। 2019 के चुनाव के बाद बीजेपी और जेजेपी के गठबंधन ने सरकार बनाई थी। हरियाणा में पिछले एक दशक से बीजेपी की सरकार है, हालांकि इस बार बीजेपी के सामने इनकंबेंसी की भी बड़ी चुनौती है। वैसे भी अगर किसी दल की सरकार लगातार दो या उससे अधिक बार सत्ता में रहती है, तो वोटरों का रुझान उसकी तरफ थोड़ी कम होना स्वाभाविक है। वहीं भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद थोड़ा बैकफुट पर दिखाई दे रही है।

बीजेपी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में हरियाणा की पांच-पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, बीजेपी ने 44 तो इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने 42 और आम आदमी ने चार सीटों पर बढ़त बनाई थी। बीजेपी की बढ़त वाली 17 विधानसभा सीटों, कांग्रेस की बढ़त वाली 13 सीटों और आम आदमी पार्टी की बढ़त वाली तीन सीटों पर हार-जीत का अंतर 10 प्रतिशत से कम रहा था। अब विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर कांटे की टक्कर होना तय माना जा रहा है। लेकिन इन सीटों पर मतदाता का झुकाव जिस पार्टी की तरफ होगा, उसकी पूरी जीत की संभावना रहेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 6 सीटों पर एकतरफा जीत हासिल की थी। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनावों में इन 6 सीटों के अंतर्गत आने वाली 54 विधानसभा सीटों पर बीजेपी जीती थी। अब बात करें 2024 के लोकसभा चुनाव की तो बीजेपी सिर्फ करनाल सीट पर ही अपना प्रदर्शन दोहरा पाई है, जबकि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट पर बीजेपी ने 6 और कांग्रेस ने तीन हलकों में लीड ली। कुछ ऐसा ही गुरुग्राम और फरीदाबाद सीट पर दिखाई दिया, यहां बीजेपी 6 और कांग्रेस ने 3 विधानसभा हलकों में लीड ली। इसके अलावा अंबाला सीट पर बीजेपी 4 और कांग्रेस 5, कुरुक्षेत्र में बीजेपी 5, इंडिया गठबंधन 4, सोनीपत में बीजेपी 5 और कांग्रेस 4, हिसार में बीजेपी 3 और कांग्रेस ने 6 विधानसभा हलको में लीड ली। 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो हार-जीत के अंतर में कमी आई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को अगर विधानसभाअनुसार देखें तो 30 सीटों पर हार जीत का अंतर सिर्फ 13.3 प्रतिशत वोटों का रहा, जो पिछले लोकसभा चुनाव में घटकर 3.8 प्रतिशत रह गया। 2019 के विधानसभा चुनाव में हार-जीत का अतंर 5 हजार से भी कम वोटों का रहा था.

2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद से भाजपा की बेचैनी बढ़ गई है। नायाब सिंह सैनी को सीएम बनाए जाने के बाद अनिल विज भी असंतुष्ट हैं, हालांकि अनिल विज इससे पहले भी कई बार खुद सीएम बनने की महत्वाकांक्षी सोच जाहिर कर चुके है। भारतीय जनता पार्टी ने अंबाला कैंट विधानसभा सीट से 71 वर्षीय अनिल विज को उम्मीदवार बनाया है। वो इस सीट से छह बार से विधायक रह चुके हैं। हालांकि, इस बार विधायक बनने की राह उनके लिए पहले जैसी आसान नहीं होगी। दरअसल, कांग्रेस ने कुमारी शैलजा के करीबी पूर्व पार्षद परविंदर सिंह परी को टिकट दिया है। आप ने राज कौर गिल को टिकट देकर आधी आबादी को साधने की कोशिश की है। वहीं, इनेलो-बसपा गठबंधन से ओंकार सिंह, जजपा-असपा गठबंधन से करधान मैदान में हैं। पूर्व कांग्रेस नेता चित्रा सरवारा ने इस विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार को रूप में ताल ठोका है। वह पि?छली बार दूसरे स्?थान पर थीं। अभी कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव में जिन 33 सीटों पर हार-जीत का अंतर काफी कम रहा था, वो सीटें ही अब विधानसभा चुनाव में निर्णायक साबित होने वाली हैं.

2014-2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की एकतरफा हार हुई थी, हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस की अपनी अंदरुनी चुनौतियां हैं, जिनसे निपटना आसान नहीं होगा। वैसे भी कांग्रेस पिछले कुछ सालों से कई राज्यों के चुनाव अंदरुनी गुटबाजी के कारण हार गई है। ऐसे ही हरियाणा में कहीं भूपेंद्र हुड्डा का ग्रुप है तो कहीं कुमारी शैलजा का ग्रुप है, तो कहीं रणदीप सिंह सुरजेवाला का ग्रुप दिखाई देता है। किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए अंदरूनी गुटबाजी चुनाव के दौरान शुभ नहीं होती। वैसे भी एमपी कांग्रेस की गुटबाजी, संगठन का घमंड जनता भूली नहीं है। कांग्रेस की खामी यही है कि हमेशा चुनाव के एन वक़्त पर कांग्रेस नेताओ की महत्वाकांक्षा आड़े आने लगती है। यही पक्ष कांग्रेस का सबसे कमजोर है।

हरियाणा में कांग्रेस इतनी ज़्यादा अति उत्साहित है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने चार डिप्टी सीएम बनाने का दावा ठोंक दिया है। हरियाणा में बिना सीएम उम्मीदवार का ऐलान किए लड़ रही कांग्रेस में कई नेता डिप्टी सीएम बनने का दावा ठोंक रहे हैं। भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि चार अलग-अलग जाति के उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। तो कई विधायक नौकरी देने का एलान कर रहे हैं। एक विधायक तो कह रहे हैं कि मैं बाहरी हूं मैं मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता, लेकिन उपमुख्यमंत्री बनकर संतुष्ट हो जाऊँगा, मुख्यंत्री तो हुड्डा साहब ही ठीक हैं, ऐसे लगता है जैसे कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव जीत लिया है, हालांकि कांग्रेस आलाकमान का अभी कोई निर्णय नहीं आया है कि सीएम और डिप्टी सीएम कौन होगा !

हालांकि हरियाणा में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ घटित हुआ है। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया था, नए नायाब सैनी को सीएम बनाना.। अनिल विज का असंतुष्ट होना। विनेश फोगाट का कांग्रेस जॉइन करना...बीजेपी का लोकसभा चुनाव में अपने दम पर सरकार न बना पाना.। आदि आदि.। कांग्रेस के लिए खुशखबरी लेकर आया है। जो सत्ताधारी भाजपा के लिहाज से सही नहीं कहा जा सकता। एक तो कांग्रेस को एक दशक बाद हरियाणा में चुनाव जीतने की खुशबू आ रही है, जिससे कांग्रेस के कार्यकताओं में अति उत्साह भी देखा जा सकता है। इसी अति उत्साह के साथ ही राहुल गांधी-प्रियंका गांधी भी दिख रहे हैं, जो अभी तक हरियाणा चुनाव में उतने सक्रिय नहीं हैं जितना सक्रिय होना चाहिए था। राहुल-प्रियंका की गैर मौजूदगी भी कांग्रेस के लिए घाटे का सबब बन सकती है। और यह भी सही है कि चुनाव भी अंतिम दिन तक अपनी सूरत बदलता रहता है। किसी भी पार्टी के लिए अति उत्साह नुकसानदेह हो सकता है। कांग्रेस का अति उत्साह तो दिखता ही है, साथ ही भाजपा थोड़ा बैकफुट पर दिख रही है, लेकिन भाजपा की कार्यशैली अंतिम दौर तक लड़ने की मानी जाती है, भाजपा अंतिम दौर तक लड़ती है। भाजपा जब तक हारे न तब तक हारती नहीं है, लेकिन कांग्रेस कई बार असंतुलित हो जाती है। हरियाणा चुनाव लोकसभा चुनाव में बहुमत खो देने के बाद पीएम मोदी के लिए वर्चस्व कायम रखने का मौका है। मोदी हरियाणा चुनाव में उतर चुके हैं। हरियाणा में मोदी अपनी जमीन बचा पाएंगे या।

### विश्व गर्भनिरोधक दिवस (26 सितम्बर) पर विशेष

# बास्केट ऑफ च्वाइस से मनपसंद साधन अपनाएँ, अनचाहे गर्भ के जोखिम से छुटकारा पाएं

## मौजूद हैं जब बेहतर विकल्प, तो जरूर लें गर्भनिरोधक साधन अपनाने का संकल्प



मुकेश कुमार शर्मा

सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बनाकर परिवार में खुशहाली लाने का सबसे उपयुक्त तरीका यही है कि परिवार का आकार अपनी आवश्यकता के अनुसार सीमित रखा जाए। छोटे परिवार के बड़े फायदे की अहमियत को हर कोई बखूबी समझे। शादी के कम से कम दो साल बाद ही बच्चे की योजना बनाने और दो बच्चों के जन्म में तीन साल से अधिक का अंतर रखने के लिए सरकार ने गर्भनिरोधकों के बास्केट ऑफ च्वाइस की सुविधा मुहैया कराई है। इनमें से मनपसंद साधन चुनकर अनचाहे गर्भ के जोखिम से आसानी से बचा जा सकता है और माँ व बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान किया जा सकता है। गर्भ निरोधक साधनों के प्रति समुदाय के हर वर्ग में जागरूकता बढ़ाने तथा युवा दम्पति को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर मनमुताबिक विकल्प देकर परिवार के प्रति निर्णय लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से ही हर साल 26 सितम्बर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें सचेत करता है कि जब मौजूद हैं बेहतर गर्भनिरोधक विकल्प तो क्यों न लें उन्हें अपनाने का संकल्प।

गर्भ निरोधक साधनों के प्रति समुदाय को जागरूक बनाने और उनके अनगिनत फायदे समझाने के लिए सरकार द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत कई पहल की गयी है। छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छ्ता एवं पोषण दिवस का आयोजन कर गर्भ निरोधक छाया और त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा सहित अन्य सभी गर्भ निरोधक साधनों की जानकारी मुहैया करायी जाती है। खुशहाल परिवार दिवस और अंतराल दिवस का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत भी जांच के लिए आने वाली गर्भवती व उनके साथ आने वाली महिलाओं को भी गर्भनिरोधक साधनों के बारे में जानकारी मुहैया कराई जाती है। समय-समय पर आयोजित होने वाले आरोग्य स्वास्थ्य मेले में भी बास्केट ऑफ च्वाइस का विकल्प देकर परिवार को खुशहाल बनाने का मन्त्र दिया जाता है। सास बेटा बहू सम्मेलन और मिस्टर स्मार्ट जैसे सम्मेलन के जरिये भी छोटे परिवार के बड़े फायदे गिनाये जाते हैं। पहल किट के साथ कंडोम बॉक्स की व्यवस्था की गयी है ताकि अनचाहे गर्भ के जोखिम से बचाने के साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। स्वास्थ्य कार्यकताओं को भी समय-समय पर गर्भ निरोधक साधनों की उपयोगिता के बारे में संवेदीकृत किया जाता है ताकि वह समुदाय को सही-सही जानकारी मुहैया करा सकें। प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात आईयूसीडी की सुविधा प्राप्त कर लम्बे समय तक अनचाहे गर्भ से छुटकारा पाया जा सकता है। सरकार स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से भी नगरीय क्षेत्रों के निजी अस्पतालों की महिला चिकित्सकों को संवेदीकृत कर प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात गर्भनिरोधक साधन अपनाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करने का काम कर रही है। इसके अलावा गर्भनिरोधक साधन अपनाने वाली दम्पति की संख्या भी हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जा रहा है ।

सरकारी अस्पतालों और सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात गर्भनिरोधक साधनों को अपनाने, परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने, स्थायी/अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के प्रति जागरूकता के साथ ही सही उम्र में ही शादी करने की सलाह प्रदान की जाती है। स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन के स्थायी साधन के रूप में पुरुष व महिला नसबंदी की सुविधा प्रदान की जाती है। अस्थायी साधन के रूप में ओरल पिल्स, कंडोम, आईयूसीडी प्रसव पश्चात व गर्भ समापन पश्चात आईयूसीडी, त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा और हार्मोनल गोली छाया (सैंटोक्रोमान) की सुविधा उपलब्ध है। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि उससे पहले दूसरे गर्भ धारण करने योग्य महिला का शरीर नहीं बन पाता और पहले बच्चे के उचित पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह बहुत जरूरी होता है।

विश्व गर्भ निरोधक दिवस हम सभी को यह भी याद दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है कि गर्भनिरोधक साधनों से युवाओं को जोड़ने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है ताकि वह परिवार से जुड़े निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम बन सकें। यह तभी संभव है जब परिवार कल्याण कार्यक्रमों को युवाओं के साथ मिलकर और खास तौर पर युवाओं के लिए बनाया जाए। इसके साथ ही नव विवाहित दम्पति के ऊपर परिवार के बड़े बुजुर्गों का दबाव परिवार जल्द से जल्द बढ़ाने को लेकर होता है, जिसमें बदलाव लाना बहुत जरूरी है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर हैं)

# संरक्षित हों तीर्थस्थल की हिन्दू वंशावलियों की पंजिका

-अशोक मधुप-

हिंदू तीर्थस्थल धार्मिक मान्यताओं और पूजन अर्चन के लिए विख्यात है। इन सब कार्य को इन स्थलों के ब्राह्मण पंडित कराते हैं। ये ब्राह्मण पंडित पंडा कहे जाते हैं। ये पंडा सदियों से एक कार्य करते और कराते आ रहे हैं। ये पंडा अपने पास आने वाले यजमान( भक्तों )के परिवार का इतिहास अपनी बहियों में संजोते जा रहें हैं। ये काम सदियों से अनवरत रूप से जारी है। ये हिन्दू वंशावलियों की पंजिकाएं एतिहासिक धरोहर हैं। आज इनके संरक्षण की आवश्यक्ता है। इनके संजोकर रखने की जरूरत है।

हिंदू परिवारों को इस बारे में बहुत कम यान के बराबर जानकारी है। उन्हें पता भी नही कि इन स्थानों पर उनके परिवार का इतिहास संग्रहित है। सदियों से बहियों में ये रिकार्ड व्यापारी के खाते की तरह लिखकर रखा जा रहा है। अधिकतर भारतीयों व वे परिवार जो विदेश में बस गए उनको आज भी पता नहीं कि इन तीर्थस्थल की पंडो की बहियों में उनके परिवार की वंशावली दर्ज है। हिन्दू परिवारों की पिछली कई पीढ़ियों की विस्तृत वंशावलियां इन पंडा के पास संग्रहित हैं। ये पंडा आने वाले यजमान से उसके परिवार की जानकारी नोट करने के बाद उसके हस्ताक्षर कराकर बही में अपने पास रखते हैं। ये पंडा ये बहियां अपनी आने वाली अपनी पीढ़ी को सौंपते जाते हैं। ये बहियां जिलों व गांवों के आधार पर वगीर्कृत की गयीं हैं। प्रत्येक जिले की पंजिका का विशिष्ट पंडित होता है। यहाँ तक कि भारत के विभाजन के उपरांत जो जिले व गाँव पाकिस्तान में रह गए व हिन्दू भारत आ गए उनकी भी वंशावलियां यहाँ हैं। कई स्थितियों में उन हिन्दुओं के वंशज अब सिख हैं, तो कई के मुस्लिम अपितु ईसाई भी हैं। किसी - किसी की सात वंश या उससे भी ज्यादा की जानकारी पंडों के पास रखी इन वंशावली पंजिकाओं से होना साधारण सी बात है।

शताब्दियों पूर्व से हिन्दू पूर्वजों ने हरिद्वार या किसी पावन नगरी की यात्रा की1 तीर्थयात्रा के लिए या/ शव-दाह या स्वजनों के अस्थि व राख का गंगा जल में किया होगा तो वे संबद्ध पंडा के पास गए होंगे। ये पंडा इन आने वालों के रहने खाने तक की वयवस्था करते हैं1 इन पंडाओं ने अपनी पंजिका में वंश- वृक्ष को संयुक्त परिवारों में हुए सभी विवाहों, जन्म व मृत्युओं के विवरण दर्ज किया हुआ हैं। वर्तमान में धार्मिक स्थल पर जाने वाले भारतीय हक्के- बक्के रह जाते हैं जब वहां के पंडित उनसे उनके अपने वंश- वृक्ष को नवीनीकृत कराने को कहते हैं।

आजकल जब संयुक्त हिदू परिवार का चलन खत्म हो गया है। लोग एकल परिवारों को तरजीह दे रहे हैं, ये पंडित चाहते हैं कि आगंतुक अपने फैले परिवारों के लोगों व अपने पुराने जिलों- गाँवों, दादा- दादी के नाम व परदादा- परदादी और विवाहों, जन्मों और मृत्यु, परिवारों में हुए विवाह आदि की पूरी जानकारी के साथ वहां आएं। आगंतुक परिवार के सदस्य को सभी जानकारी नवीनीकृत करने के उपरांत वंशावली पंजीका को भविष्य के पारिवारिक सदस्यों के लिए व प्रविष्टियों को प्रमाणित करने के लिए हस्ताक्षरित करना होता है। साथ आये मित्रों व अन्य पारिवारिक सदस्यों से भी साक्षी के तौर पर हस्ताक्षर करने की विनती की जा सकती है।

इन तीर्थ स्थल के पुरोहितों के पास देश और दुनिया भर के यजमानों का दशकों पुराना लिखित रिकॉर्ड वंशावली के रूप में मौजूद है। किसी यजमान के आने पर चंद मिनटों में ही संबंधित पुरोहित कंप्यूटर से भी तेज गति से वंशावली देखकर उनके पूर्वजों की जानकारी दे देते हैं। पितृ पक्ष के दौरान इन तीर्थ स्थल पर आने वाले लोग अपने तीर्थ पुरोहितों के पास आकर वंशावली में अपने वंश के बारे में जरूर जानते हैं। ये पंडे जनपद के हसाब से हैं। तीर्थ स्थल में पहने वालों को पता है कि किस जनपद के पंडा कौन हैं। किसी दूसरे के यजमान को कोई अन्य पंडा खुद क्रिया- कर्म नही कराता। संबधित जिले के पंडा के पास उसे भेज देता है।

शताब्दियों से हो रहा ये लेखन भोज पत्रों और ताम्र पत्रों के बाद अब कागज की बहियों पर शुरू किया गया। तीर्थ पुरोहितों के पास सैकड़ों वर्ष पुरानी बहियां आज भी सुरक्षित हैं। तीर्थ पुरोहितों की बहियों में देश भर के राजाओं, महाराजाओं, साधु, संतों, राजनेताओं एवं आम लोगों के परिवारों के वंश लेखन बहियों में मौजूद हैं। अकेले हरिद्वार में 30 हजार से अधिक की संख्या में वंशावली की बहियां सुरक्षित और संरक्षित हैं। इन बहियों में लेखन करने के लिए अलग स्याही तैयार करके तीर्थ पुरोहित वही लेखन करते हैं, जो काफी वर्षों तक सुरक्षित रहती है। इन वंशावलियों में जातियों, गोत्रों, उपगोत्रों का भी जिक्र रहता है। सबसे अहम बात इन बहियों में देखने को मिलती हैं कि तीर्थ पुरोहितों ने लेखन को भेदभाव से दूर रखा है। जहां राजाओं, महाराजाओं की वंशावलियां जिस क्रम में अंकित हैं, उसी क्रम में तीर्थ नगरी में पहुंचने वाले अन्य श्रद्धालुओं की हैं। विभिन्न राजवंशों की मुद्राएं, हस्त लेखन, दान पत्र, अंगूठे और पंजों के निशान बहियों में मौजूद हैं। यहां की वंशावलियों में देश की कई रियासतों के राजाओं के आने के उल्लेख दर्ज हैं।

अक्तूबर २००७ में हमें इंडियन वर्किंग जर्नलिस्ट की एक कांफ्रेस में बद्रीनाथ जाने का अवसर मिला। मेरे साथ गए मेरे दोस्त नरेंद्र मारवाड़ी भी थे। हम मारवाड़ी के साथ बद्रीनाथ में, अजमेर के महावर वालों की धर्मशाला में चले गए। ये मारवाड़ी के परिवारवालों की धर्मशाला हैं1वहां पंडित जी से बात की। वंशानुक्रम के बारे में बताया। बात करते-करते पंडित जी ने अपनी बही खोलकर उनके गोत्र का विवरण खोला तो पता चला कि मारवाड़ी के पिता जी 41वर्ष पूर्व यहां यात्रा को आए थे। यात्रा को आने के बाद हुए उनके दो बच्चों का विवरण दर्ज नहीं थे। पंडित जी ने बही देखकर बताया कि ९३ साल पूर्व उनके दादा जी बद्रीनाथ आए थे। दोनों के आने की तिथि तक वही में दर्ज थी। उनके हस्ताक्षर भी बही में मौजूद थे। मित्र को अपने बाबा का नाम ज्ञात था। यहां बही से उन्होंने अपने बाबा के पिता उनके भाई, बाबा के दादा और उनके भाईयों आदि का विवरण नोट किया। पंडित जी ने अपनी वही में मित्र से अपने और उनके बच्चे, भाई और भाइयों के बच्चों की जानकारी नोट की। नीचे तारीख, माह, सन डालकर हस्ताक्षर कराए।

सदियों से चले आ रहा इतिहास को संजोकर रखना एक दुरूह कार्य है। इस कार्य को ये पंडे सुगमता से पीड़ियों से करते चले आ रहे हैं। आज इस इतिहास को संजोने और संरक्षण की जरूरत है। अच्छा रहे कि इनका कंप्यूटरीकरण हो जाए। बहियों को लेमिनेट करके भी संरक्षित किया जा सकता है। कैसे भी हो, ये होना चाहिए, नही तो समय के साथ ये गलता और खराब होता चला जाएगा। । ये काम इनके व्यक्तिगत स्तर से संभव नही। सरकार को अपने स्तर से कराना होगा, तभी ये संभव हो पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस बार मुद्दे गौण विकास की नहीं केवल आरोप-प्रत्यारोप का शोर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनावों में मुद्दे गौण हैं, केवल आरोप-प्रत्यारोप का शोर है। ऐसा नहीं है कि शहरों और कस्बों में समस्याएं नहीं हैं।

समस्याओं को लेकर मतदाताओं में नाराजगी जरूर है, लेकिन ये नाराजगी प्रत्याशियों से सवाल में तब्दील नहीं हो रही है। अधिकतर नेता केवल आपसी छींटाकशी और आरोप प्रत्यारोप में ही उलझे हुए हैं और मतदाता स्थानीय, जातीय समीकरणों में उलझे हुए हैं। अमर उजाला की ग्राउंड रिपोर्ट में ये बातें सामने आई हैं।

कैथल, कलायत, उचाना कलां और जुलाना विधानसभा क्षेत्रों का मुआयना किया गया और यहां की समस्याओं के साथ साथ यहां के मुद्दों को जाना गया।



### जुलाना : तीनों नए चेहरे, जमीनी हकीकत नहीं पता

जुलाना हलके की बात करें तो यहां पर कांग्रेस, भाजपा और आप के प्रत्याशी हलके के लिए नए हैं। तीनों का हलके के साथ कोई जमीनी जुड़ाव नहीं है, इसलिए उनको स्थानीय समस्याओं और मुद्दों की स्तही जानकारी नहीं है।

हालांकि, तीनों ही नेता एक दूसरे उम्मीदवार पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, लेकिन पार्टियों और उनकी नीतियों पर जरूर सवाल खड़े कर रहे हैं। पहलवान विनेश फोगाट किसान, पहलवान आंदोलन को लेकर भाजपा पर निशाना साध रही हैं, जबकि भाजपा के कैप्टन योगेश बैरागी कांग्रेस के पुराने कार्यकाल पर निशाना साध रहे हैं।

### चौधरी बीरेंद्र सिंह और दुष्यंत चौटाला का जुबानी वार जारी

उचाना चौधरी बीरेंद्र सिंह का गढ़ है। इस बार कांग्रेस ने पूर्व मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बृजेंद्र सिंह को यहां से मैदान में उतारा है। बृजेंद्र सिंह की मां पूर्व विधायक प्रेमलता भी प्रचार में जुटी हैं। खास बात ये है कि इतने लंबे समय से यहां से राजनीति करने के बावजूद उचाना में कई समस्याएं हैं। लेकिन बीरेंद्र सिंह परिवार के निशाने पर जजपा के दुष्यंत चौटाला हैं। दुष्यंत के दोबारा किंगमेकर बनने पर बीरेंद्र सिंह कह चुके हैं कि किंग तो जोकर भी नहीं बन सकते। पलटवार में दुष्यंत चौटाला कह रहे हैं कि और कितनी पार्टियां बदलेंगे। दुष्यंत चौटाला जरूर अपने भाषणों में उचाना को औद्योगिक हब बनाने को लेकर जिक्र कर रहे हैं।

### सुरेजवाला और लीलाराम आमने-सामने

कैथल में जरूर विकास मुद्दा है। शहरी मतदाता इसे खूब उठा रहे हैं। दस साल पहले मंत्री रहते विकास कार्यों के नाम पर रणदीप सुरजेवाला बेटे के लिए वोट मांग रहे हैं। साथ ही पांच साल विकास कार्य नहीं कराने के आरोप लगाते हुए भाजपा के विधायक लीला राम पर निशाना साध रहे हैं। सुरजेवाला कहते हैं, ये कैसा विधायक बना दिया, जो हमेशा कहता रहता है कि मेरी तो चालदी कोनी। जिसकी चालदी नहीं उसे क्यों बनाना, जिसकी चलती है और जिसने काम किए हैं उसको बनाओ। काम नहीं होने के चलते ही खासकर शहरी मतदाता मुखर हैं और भाजपा विधायक लीलाराम से नाराज हैं। राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला काम ही पहचान और बंदे में है दम का नारा देकर विकास को मुद्दा बना रहे हैं। वहीं, लीलाराम व्यक्तिगत टिप्पणी से लेकर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं। लीलाराम कह रहे हैं, पिछली बार पिता का दम निकाला था, इस बार बेटे की बारी है।

### कलायत में विकास नहीं लिपस्टिक-पाउडर की चर्चा ज्यादा

- हिसार के सांसद जेपी अपने विवादित बयानों को लेकर पहले से ही चर्चित हैं, लेकिन इस बार वह महिलाओं को लेकर दिए गए बयान लिपस्टिक लाली लगाने के मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। जेपी अपने बेटे विकास सहारण को विधानसभा चुनाव पहुंचाने के लिए ताकत लगाए हुए हैं। लेकिन जेपी के बयानों में विकास कार्य गौण हैं और वह केवल और केवल अपने विरोधियों पर हमले बोल रहे हैं। इसी प्रकार, कांग्रेस से बागी निर्दलीय अनिता ढुल जेपी की मानसिकता पर सवाल उठा रही हैं। श्वेता ढुल तो जेपी को दाढ़ी तक कटवा लेने के लिए बयान देकर पलटवार किया है।

### स्थानीय, जाति और गोत्र तक मुद्दा

- मतदाताओं के रुझान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह विकास की बजाय स्थानीय, जाति और गोत्र तक के नेता को तवज्जो दे रहे हैं। हिसार के सांसद जेपी के कलायत हलके गांव दुब्बल में श्मशान घाट तक की जमीन नहीं है और गांव में आने के लिए सड़क भी टूटी है। लेकिन गांव के फकीरचंद का कहना है कि काम करे या करे जेपी हमारा नेता है। वोट उसी के बेटे को देंगे। परिवारवाद को भी वह मुद्दा नहीं मानते हैं। उचाना हलके के चौधरी बीरेंद्र सिंह के गांव में भी कई समस्याएं हैं, लेकिन यहां के बलबीर सिंह का कहना है कि कुछ भी हो वोट उन्हीं को जाएगा, क्योंकि वे हमारे गोत्र हैं, किसी दूसरे को वोट देंगे तो गलत होगा। इसी हलके के गांव नगूरा के राम सिंह और अलेवा के पवन कुमार कहते हैं कि वह निर्दलीय वीरेंद्र सिंह को वोट देंगे, क्योंकि वह हमारे पड़ोसी गांव के हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र जेल से रिहा, हाईकोर्ट ने किया बरी




**सोनीपत।** सोनीपत के कांग्रेस निवर्तमान विधायक और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी सुरेंद्र पंवार आज जेल से रिहा हो गए हैं। हाईकोर्ट ने उन्हें अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बरी कर दिया है। इस फैसले के बाद सुरेंद्र पंवार के रिलीज ऑर्डर जारी हो चुके थे वे शाम को जेल से बाहर आए गए हैं। समर्थकों में खुशी का माहौल है।

ईडी द्वारा दर्ज किए गए इस मामले में सुरेंद्र पंवार को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट ने उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। पंवार की रिहाई को उनके समर्थकों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह फैसला कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# हवा में घुलने लगा प्रदूषण: पंजाब में धड़ल्ले से जलाई जा रही पराली



**पटियाला** पंजाब सरकार के तमाम दावों के विपरीत पंजाब में पराली जलने से हवा में प्रदूषण रूपी जहर घुलने लगा है। मंगलवार को मंडी गोबिंगढ़ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 224 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में है। वहीं लुधियाना का एक्यूआई 143 और पटियाला का 103 दर्ज किया गया। हालांकि अभी यह मध्यम श्रेणी में है, लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक इस एक्यूआई में भी खास तौर से फेफड़ों, अस्थमा व दिल के रोगों से ग्रस्त मरीजों को सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। मंगलवार को भी पंजाब में पराली जलने का सिलसिला थमा नहीं। मंगलवार को 12 नए केस रिपोर्ट हुए, जिससे अब पराली जलाने के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 81 हो गई है। नए रिपोर्ट हुए 12 केसों में से चार जिला अमृतसर, चार कपूरथला, 1 फिरोजपुर और 3 एसएएस नगर से सामने आया।

अमृतसर टॉप पर

पराली जलाने के मामले में जिला अमृतसर लगातार टाप पर बना है। मंगलवार को यहां पराली जलाने के कुल मामले बढ़कर 49 हो गए हैं। पंजाब में सेटेलाइट के जरिये 15 सितंबर से पराली जलाने के मामलों की मानीटरिंग की जा रही है। इसके तहत पहले दिन 15 सितंबर को 11 केस सामने आए थे। हालांकि 16 सितंबर को पंजाब में कहीं भी पराली नहीं जलाई गई, लेकिन 17 को पांच मामले, 18 को दो मामले और 19 को कोई भी केस रिपोर्ट नहीं हुआ था। 20 सितंबर को 13 मामले, 21 को सबसे अधिक 21 मामले, 22 को 11 और 23 सितंबर को छह मामले रिपोर्ट हुए थे।

दावे हुए हवा

सरकार के दावों के विपरीत इस बार साल 2023 के मुकाबले अब तक अधिक पराली जली है। मंगलवार को अमृतसर का एक्यूआई 99, बठिंडा का 87, जालंधर का 88 और खन्ना का 92 दर्ज किया गया। हालांकि यह संतोषजनक श्रेणी में है, लेकिन डाक्टरों के मुताबिक इस एक्यूआई में भी कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की भिवानी यूनिट की कार्रवाई

**दादरी** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की भिवानी यूनिट ने मंगलवार रात पंचगाव के समीप एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बाइक सवार नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बाढड़ा उपमंडल के हुई गांव निवासी धर्मबीर उर्फ टकरिया के रूप में हुई है। नारकोटिक्स टीम ने आरोपी के पास से 1.495 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में बाढड़ा थाने में आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निरीक्षक सुखपाल सिंह ने जानकारी दी कि उनकी टीम पंचगाव बस अड्डे पर मौजूद थी, जब उन्हें गुप्त सूचना मिली कि धर्मबीर उर्फ टकरिया नशीला पदार्थ लेकर लाडावास माइनर से अपने गांव हुई की ओर जा रहा है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स टीम ने पंचगाव के शमशान घाट के सामने नाकाबंदी की। कुछ समय बाद एक स्प्लेंडर बाइक सवार व्यक्ति वहां पहुंचा, जिससे पूछताछ के दौरान उसकी पहचान धर्मबीर के रूप में हुई। संदेह होने पर राजपत्रित अधिकारी मुकेश कुमार को बुलाया गया, और उनकी उपस्थिति में तलाशी लेने पर 1.495 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

मुख्य सप्लायर तक पहुंचने की कोशिश

निरीक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने यह मादक पदार्थ कहां से खरीदा और इसे कहां सप्लाई करने वाला था। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम इस मामले में मुख्य सप्लायर तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हुई है।

# पंजाब पंचायत चुनाव का एलान: 15 अक्टूबर को होंगे पंचायत चुनाव, 27 सितंबर से नामांकन

**चंडीगढ़।** पंजाब में पंचायत चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया गया है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से बुधवार को पंचायत चुनाव की घोषणा की गई है। इसके तहत 15 अक्तूबर को पंजाब में पंचायत चुनाव होंगे। मतदान प्रक्रिया 15 अक्तूबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगी। उसी दिन शाम को मतगणना भी होगी।

चुनाव के लिए 27 सिंतबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जो चार अक्तूबर तक चलेगी। 5 अक्तूबर को स्क्रूटनी होगी और 7 अक्तूबर तक नामांकन वापस लिया जाएगा। पंजाब चुनाव आयोग कमिशनर राज कमल चौधरी की तरफ से बुधवार को पंजाब भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। राज्य चुनाव आयोग ने जानकारी दी कि इलेक्ट्रोल रोल की अपडेट करने की प्रक्रिया पूरी हो




चुकी है। राज्य में 13,237 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए 19,010 पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। मतदान बैलेट पेपर से होगा। 1,33,97,932 कुल मतदाता ग्राम पंचायत चुनाव में वोट डालेंगे। चुनाव में 83,437 सरपंच चुने जाएंगे। 2018 में 4 हजार पंचायतें सर्वसम्मति से बनी थी।

चुनाव के लिए उम्मीदवारों को नॉमिनेशन फीस 100 रुपये तय की गई है। एससी कैंडीडेट्स के लिए 50 रुपये नॉमिनेशन फीस होगी। वहीं, चुनावी खर्च में सरपंच पद के उम्मीदवार 40 हजार रुपये तक खर्च कर सकेंगे। वहीं पंच उम्मीदवारों के लिए 30 हजार रुपये नॉमिनेशन फीस होगी। 2018 के पंचायत चुनाव में चुनावी खर्च सरपंच उम्मीदवारों के लिए 30 हजार और पंच के लिए 20 हजार रुपये था। हर जिले में इलेक्शन आब्जर्वर लगाए जाएंगे। बैलट पेपर पर नोटा का विकल्प भी होगा। आयोग की तरफ से पंचायत चुनाव को लेकर पूरी जानकारी sec.pujab.gov.in पर साझा की जाएगी। राज्य चुनाव आयोग कमिश्नर ने बताया कि बैलट पेपर पर नोटा का विकल्प भी होगा। सरपंच और पंच चुनाव के लिए अलग सिंबल रखे गए हैं। कुल चुनाव सिंबल 173 होंगे। इनमें जिला परिषद चुनाव के लिए 32 सिंबल हैं। ब्लॉक समिति के लिए 32, पंचों के लिए 70 और सरपंच के लिए 38 सिंबल रखे गए हैं। पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा 25 साल रखी गई है। वहीं सरपंच के लिए गुलाबी बैलट पेपर और पंच के लिए सफेद बैलट पेपर होगा। ग्राम पंचायत चुनाव में अलग से मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट सभी राजनीतिक दलों को भेजा जाएगा। सरकार किसी भी ग्राम के लिए कोई ग्रांट और सरकारी मशीनरी का प्रयोग नहीं करेगी। चुनाव को संपन्न करवाने के लिए 96 हजार से अधिक स्टाफ को ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

# यूपी की पूर्व सीएम मायावती बोलीं- प्रदेश में दलित, मजदूर व किसानों का नहीं हुआ विकास

**जींद** हरियाणा के उचाना में चौधरी देवीलाल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान दिवस रैली में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने शिरकत की। हालांकि, मायावती तय समय साढ़े 12 बजे से डेढ़ घंटे की देरी से पहुंचीं। उनका हेलीकॉप्टर उचाना की नई अनाजमंडी में उतरा, जहां पहले से ही इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला मंच पर मौजूद थे। इस रैली में इनेलो महासचिव अभय सिंह चौटाला भी मंच पर उपस्थित रहे, साथ ही बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद भी मौजूद थे।



रैली के दौरान मंच से सभी वक्ताओं ने अभय सिंह चौटाला को हरियाणा के अगले मुख्यमंत्री के रूप में संबोधित किया। वक्ताओं ने भरोसा जताया कि इस बार प्रदेश में बसपा और इनेलो के गठबंधन की सरकार बनेगी और अभय सिंह चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री पद को संभालेंगे। रैली में उमड़े जनसमूह और नेताओं के बयानों से यह साफ है कि बसपा-इनेलो गठबंधन आगामी चुनाव में एक बड़ी राजनीतिक चुनौती पेश कर सकता है।

**पार्टियां आरक्षण को खत्म करने में लगी: मायावती...** उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में विरोधी पार्टियों की सरकारों में दलित, आदिवासियों, मुस्लिम, मजदूरों व किसानों का विकास नहीं हो सका।

आरक्षण को कांग्रेस और भाजपा कमजोर करने व खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बसपा-इनेलो गठबंधन सरकार बनाना ही चौधरी देवीलाल चौधरी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मायावती ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने हरियाणा को अलग राज्य बनाने में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनकी बदौलत ही हरियाणा का इतना विकास हो पाया है।

# हरियाणा चुनाव: रोहतक में अरविंद केजरीवाल का भावुक संबोधन, भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

**हरियाणा** विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारी के बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रोहतक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। अपने भाषण में केजरीवाल ने कहा कि आपका बेटा दिल्ली, पंजाब में सत्ता में है - हरियाणा जो मेरा जन्म स्थान है और दोनों राज्यों के बीच में आता है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि मुझे आपकी सेवा करने का मौका दें।



उन्होंने भाजपा की नीतियों और उनके साथ किए गए व्यवहार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले, उन्होंने (भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार) मुझे पांच महीने के लिए जेल में डाल दिया। उन्होंने मेरी दवाएं भी बंद कर दीं। मैं मधुमेह का रोगी हूं और मुझे दिन में चार बार इंसुलिन का इंजेक्शन दिया जाता है, लेकिन उन्होंने सब कुछ बंद कर दिया। उन्हें लगा कि वे केजरीवाल को तोड़ पाएंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता कि वे हरियाणा के इस बेटे को नहीं तोड़ पाएंगे।

# जलभराव से त्रस्त लोगों ने लगाया एनएच-334 बी पर लगाया जाम

**दादरी** चरखी-दादरी में जलभराव की समस्या से त्रस्त लोहारू रोड एक्सटेंशन कॉलोनी के लोगों ने बुधवार को एनएच-334 पर दो जगह लाम लगाया। करीब 2 घंटे 45 मिनट बाद पुलिस कर्मचारियों ने सख्ती बरतते हुए 20 महिलाओं समेत 25 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर जाम खुलवाया। हालांकि लोगों के थाने पहुंचने और मामले को तूल पकड़ता देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रिहा कर दिया। इतना ही नहीं संबंधित विभाग की ओर से पानी निकासी का आश्वासन दिया गया। बता दें कि 13 सितंबर को हुई बारिश के बाद से कुछ गांवों समेत शहर के लोहारू रोड एक्सटेंशन कॉलोनी में जलभराव की समस्या बनी है। बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे कॉलोनी के लोग लामबंद होकर एनएच-334 पर पहुंचे और देहाती ठाठ के सामने रोड जाम कर दिया। इसके बाद 11:42 पर प्रदर्शनकारी यहां से शहर के लोहारू चौक पहुंचे और ओवरब्रिज के नीचे रोड जाम कर दिया। इसके बाद यहां पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई, लेकिन लोगों ने जाम नहीं खोला।



12:05 मिनट पर पुलिस की टीम बस लेकर वहां पहुंची और सख्ती बरतते हुए प्रदर्शनकारियों को उठाकर बस में बैठाना शुरू कर दिया। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी महिला चोटिल और बेसुध हो गई और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पुलिस प्रदर्शनकारियों को बस में बैठा कर सिटी थाने ले गई।

**थाने में पहुंचे लोग तो एसडीएम और डीएसपी भी आए...** प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के बाद उनके अन्य साथी थाने पहुंच गए। इसके बाद व्यापार मंडल पदाधिकारियों समेत निर्दलीय प्रत्याशी अजीत फोगाट भी थाने आ गए। वहीं, मामला तूल पकड़ देख एसडीएम नवीन कुमार और डीएसपी धीरज कुमार भी थाने पहुंचे। बताया जा रहा है कि वहां संबंधित विभाग से समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिलाया गया जबकि प्रदर्शनकारियों को भी रिहा कर दिया गया।

# महादेव एप से करोड़ों की ठगी करने का मामला तीन ठगों को साइबर सेल ने किया गिरफ्तार

**चंडीगढ.।** महादेव एप से जुड़े तीन साइबर ठगों को चंडीगढ़ साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छत्तीसगढ़ निवासी दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र, और बलाचौर निवासी सुशील मिश्रा शामिल हैं। पुलिस को इन तीनों के पास से कई संदिग्ध चैट्स मिली हैं, जिनसे पता चला है कि ये आरोपी महादेव एप के नेटवर्क के जरिए ठगी कर रहे थे। महादेव एप एक ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म है, जिसका इस्तेमाल साइबर क्राइम के लिए किया जा रहा है। इससे पहले पुलिस ने इसी मामले में 5 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था।



जो गरीब लोगों को 10 हजार रुपये का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। ये खाते महादेव एप के जरिए देशभर में साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। इस एप के जरिए अब तक कई राज्यों में हजारों लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं और इसके खिलाफ कई केस भी दर्ज हो चुके हैं। गिरोह का सरगना, जो हर खाते के लिए इन ठगों को 10 हजार रुपये देता था, फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी चंडीगढ़ के एक होटल में ठहरे हुए थे, जहां उनकी एंट्री होटल के रजिस्टर में नहीं की गई थी। अविनाश, जो चंडीगढ़ के एक बैंक में असिस्टेंट मैनेजर है, इन ठगों की मदद से फर्जी बैंक खाते खुलवाता था। अंकित जैन, जो बीटेक पास है, ने महादेव एप से फ्रेंचाइजी ली थी और इसी एप के माध्यम से सट्टेबाजी कर लोगों से ठगी करता था। महादेव एप के माध्यम से देशभर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है, और इसके खिलाफ कई राज्यों में पहले से ही मामले दर्ज हैं।

**रेड कर किए थे आरोपी गिरफ्तार...** 11 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 52 के एक होटल में एक व्यक्ति को खाता खोलने के बदले 10,000 रुपए का लालच दिया जा रहा है। पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने होटल की जांच की, जहां से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इन आरोपियों ने महादेव एप से जुड़े होने की बात स्वीकार की और बताया कि वे इसी एप के जरिए ठगी करते थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर उनका रिमांड लेगी, ताकि उनसे और पूछताछ की जा सके और महादेव एप के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले में और भी कई चौंकाने वाले खुलासे होंगे, जिससे देशभर में साइबर ठगी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकेगी।

# दुष्कर्म पीड़िता व उसकी मां की गवाही पांच सप्ताह टाली

**चंडीगढ।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने दुष्कर्म मामले में पीड़िता और उसकी मां की गवाही को करीब पांच सप्ताह के लिए टालने पर अमृतसर के ट्रायल कोर्ट जज को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने जज के इस स्पष्टीकरण को भी खारिज कर दिया कि आरोपी को वकील नियुक्त करने के लिए उचित समय देने के लिए सुनवाई स्थगित की गई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि मुख्य अभियोजन पक्ष के गवाह की बहस के लिए पांच सप्ताह की लंबी अवधि के लिए स्थगित करने को उचित ठहराने के लिए स्पष्टीकरण में कोई ठोस कारण मौजूद नहीं है। इस तरह के गंभीर मामले में यह देरी न्यायिक कर्तव्य की उपेक्षा के बराबर है और न्याय के त्वरित प्रशासन पर खराब प्रभाव पड़ता है।




न्यायिक निर्णय के लिए उचित सोच, तर्क की स्पष्टता और केंद्रित विचार की आवश्यकता होती है। हाईकोर्ट ने कहा कि जज की जिम्मेदारी बहुत भारी होती है। जब किसी का जीवन और स्वतंत्रता उसके निर्णय पर निर्भर करती है तब कुछ भी संयोग, संदेह या अनुमान पर नहीं छोड़ा जा सकता। हाईकोर्ट ने जज को भविष्य में सावधान रहने की सलाह दी है।

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की है। 20 अगस्त को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अमृतसर के ट्रायल कोर्ट जज से स्पष्टीकरण मांगा था, जब कोर्ट को पता चला कि पीड़िता और उसकी मां से आरोपी के वकील की मौजूदगी के बिना पूछताछ की गई। साथ ही पता चला कि आरोपी के अनुरोध पर बहस स्थगित कर दी गई थी।

# रूस-यूक्रेन संघर्ष 'युद्ध विवादों को सुलझाने का तरीका नहीं जंग के मैदान से नहीं निकलेगा समाधान' : जयशंकर बोले



**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत रूस और यूक्रेन दोनों के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद यह देखना है कि ऐसा क्या कुछ किया जा सकता है, जो संघर्ष को समाप्त करने और गंभीर वार्ता शुरू करने में मदद करे। जयशंकर ने यह भी कहा कि युद्ध विवादों को सुलझाने का तरीका नहीं है और समाधान जंग के मैदान से नहीं निकलता है।

जयशंकर मंगलवार को न्यूयॉर्क में एशिया सोसायटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का विषय 'भारत, एशिया और दुनिया' रखा गया था। बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा, हमारा मानना है कि जंग विवादों का समाधान नहीं है। हमें नहीं लगता कि जंग के मैदान से कोई समाधान निकलेगा।

उनसे जब पूछा गया कि भारत इस विवाद को खत्म करने में किस तरह से मदद कर रहा है, तो जयशंकर ने कहा, हम मानते हैं कि किसी बिंदु पर बातचीत होगी और ऐसी बातचीत में सभी पक्षों को शामिल करना होगा। यह एकतरफा बातचीत नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा, हम रूसी और यूक्रेनी सरकारों के साथ मॉस्को, कीव और अन्य स्थानों पर बातचीत कर रहे हैं, ताकि यह देखा जा सके कि हम क्या कुछ ऐसा कर सकते हैं, जो संघर्ष को समाप्त करने में तेजी लाने और गंभीर वार्ता शुरू करने में मदद करे। उन्होंने कहा कि यह एक तरह की खोज है, जो भारत कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, ऐसा नहीं है कि हमारे पास कोई शांति योजना है। हम कुछ भी सुझाव नहीं दे रहे हैं। हम बातचीत कर रहे हैं और उन्हें दूसरे पक्ष के साथ साझा कर रहे हैं। मेरे ख्याल में दोनों पक्ष इसकी सराहना कर रहे हैं।

**पीएम मोदी के अमेरिका दौरे किया जिक्र...**जयशंकर ने हाल के महीनों में भारतीय नेतृत्व की मॉस्को और कीव के साथ हुई कई बैठकों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को न्यूयॉर्क में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीन दिवसीय अमेरिका दौरे के दौरान क्वाड नेताओं की बैठक में भाग लिया और संयुक्त राष्ट्र के 'समिट फॉर द फ्यूचर' में संबोधन दिया।

**भारत-रूस संबंधों पर कही ये बात...**विदेश मंत्री से जब भारत और रूस संबंधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रूस वर्तमान में एशिया की ओर अधिक झुक रहा है, जिससे भारत के लिए आर्थिक हित सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत के लिए रूस के साथ संबंध एक भू-राजनीतिक और आर्थिक मामला बन गया है। उन्होंने आगे कहा, यह एक बहुध्रुवीय दुनिया है, जहां विभिन्न ध्रुव एक-दूसरे से जुड़ रहे हैं। अब हम एक ऐसी दुनिया नहीं है, जहां संबंध विशेष होते हैं। हर देश अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था से सर्वोत्तम लाभ हासिल करना चाहता है।

## 'पश्चिमी देशों ने दिया था पाकिस्तान का साथ'

उन्होंने यह भी बताया कि देश की आजादी के बाद से भारत के सोवियत संघ और फिर रूस के साथ सकारात्मक संबंध रहे हैं। उन्होंने जिक्र किया कि शीत युद्ध के दौरान जब पश्चिमी देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे थे, तब भारत ने सोवियत संघ के साथ रक्षा साझेदारी की थी।
जयशंकर ने भारत के प्राकृतिक संसाधनों की खपत पर जोर देते हुए कहा कि उर्जा जरूरतों के लिए रूस, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और खाड़ी देशं जैसे प्राकृतिक संसाधन निर्यातकों का विशेष महत्व है।

## तीन महीने के भीतर तीन बार जेलेंस्की से मिले पीएम

मोदी और जेलेंस्की के बीच तीन महीने के भीतर तीसरी बार मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री ने पिछले महीने कीव में जेलेंस्की से मुलाकात की थी। उससे पहले उन्होंने रूस दौरे के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात की। मोदी ने जून में इटली में जी7 सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की थी। वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने भी इस महीने की शुरूआत में रूस का दौरा किया।

## भारत के पास दोनों देशों से जुड़ने की क्षमता

जयशंकर ने कहा, हम मानते हैं कि ये बातचीत फायदेमंद होती हैं और कुछ किया जा सकता है। इस समय बहुत से देशों और नेताओं के पास दोनों देशों से एकसाथ जुड़ने की क्षमता या इच्छाशक्ति नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि हम एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# अंडाल के माना गांव में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त, रानीगंज IMA शाखा ने राशन वितरण कर दिया मदद का हाथ





**अनूप जोशी**

**अंडाल:** अंडाल के समीप स्थित माना गांव बाढ़ की चपेट में आ गया है, जब दामोदर वैली कॉरपोरेशन द्वारा पानी छोड़ा गया। दामोदर नदी के किनारे स्थित इस गांव के कई घरों में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय निवासियों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाढ़ के कारण ग्रामीणों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, जिससे उनके दैनिक कार्य ठप हो गए हैं।

बाढ़ की स्थिति ने प्रभावित परिवारों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की गंभीर कमी से जूझने पर मजबूर कर दिया। इस कठिन समय में, रानीगंज की इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (क्टअ) शाखा ने राहत के रूप में राशन वितरण करके पीड़ितों की मदद की। इस मौके पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रानीगंज शाखा की अध्यक्ष डॉ. चैताली बसु, सचिव डॉ. पियाली दास गुप्ता, डॉ.एस.के.बसु, डॉ. अनिर्बन घोष ,डॉ. दिव्येंदु दास,और डॉ. अमृता घोष,डॉ सोमी बनर्जी समेत कई अन्य सदस्यों ने राहत सामग्री का वितरण किया। पीड़ित परिवारों को अनाज, दाल, तेल, मुढ़ी, बिस्कुट और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस संदर्भ में डॉ. चैताली बसु ने इस अवसर पर कहा कि हमारा प्रयास है कि इस कठिन समय में जितना संभव हो सके, पीड़ित परिवारों को मदद पहुंचाई जाए। भोजन और पानी की भारी कमी है,और इसे दूर करने के लिए हम राशन वितरण कर रहे हैं।

डॉ.अनिर्बन घोष ने बताया कि चिकित्सा समुदाय का समाज के प्रति योगदान केवल चिकित्सा सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि इस तरह के राहत कार्यों में भी हमारी भागीदारी महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की इस मदद के लिए आभार व्यक्त किया और प्रशासन से जल्द से जल्द बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण पाने की अपील की है। डॉ.दिव्येंदु दास ने कहा कि यह पहल बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है,ताकि उन्हें इस आपदा में कुछ मदद मिल सके। ग्रामीणों ने इस मदद की प्रशंसा की और कहा कि यह राहत सामग्री उनके लिए एक बड़ी सहायता है।

# इस्राइल ने हवा में तबाह की हिजबुल्ला की बैलेस्टिक मिसाइल, दक्षिणी लेबनान में तेज किए हमले, 10 की मौत



**तेल अवीव।** इस्राइल ने बुधवार को तेल अवीव के पास हिजबुल्ला की तरफ से दागी गई मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। बता दें कि बुधवार को तेल अवीव और केंद्रीय शहर नेतन्या में लोग सायरन की आवाज के साथ उठे, क्योंकि इस्राइल ने कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि यह पहली बार है जब हिजबुल्ला की तरफ से दागी गई मिसाइल शहर के करीब पहुंची है। हलांकि इसमें किसी नुकसान या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है।

**मोसाद के मुख्यालय को बनाया गया था निशाना...**इधर हिजबुल्ला ने पुष्टि की है कि उसने इस्राइल की खुफिया सेवा मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाकर कद्र-1 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। जानकारी के मुताबिक हिजबुल्ला की तरफ से इस्राइल की ओर दागी गई ये पहली बैलिस्टिक मिसाइल थी। वहीं हिजबुल्ला का कहना है कि मिसाइल को गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के समर्थन में और लेबनान और उसके लोगों की रक्षा के लिए दागा गया था।

**नफाखियाह क्षेत्र में तबाह किया गया मिसाइल- इस्राइली सेना...**वहीं इस्राइली सेना ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल को भूमध्यसागरीय तट पर 4 मिलियन से अधिक लोगों के शहर तेल अवीव के पास तबाह किया गया था, और वायु सेना ने दक्षिणी लेबनान के नफाखियाह के क्षेत्र में इसके लांचर को मार गिराया।

**दक्षिणी लेबनान में इस्राइल ने तेज किए हमले...**वहीं इस्राइल की तरफ से दक्षिणी लेबनान में तेज किए गए ताजा हमले में 10 लोगों के मारे जाने की खबर है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी लेबनान के ऐन काना शहर में तीन लोग मारे गए और 13 घायल हो गए। वहीं केसरवान में अल-मायसरा पर हमले के बाद कम से कम तीन अन्य मारे गए और नौ घायल हो गए, और जौन में चार और मारे गए और सात लोग घायल हैं। जानकारी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे एक पोस्ट में, आईडीएफ ने बताया कि उसकी तरफ से दक्षिणी लेबनान और बेका क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमले किए जा रहे हैं। आईडीएफ बताया कि उसने बुधवार को अब तक लेबनान में 100 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है।

**कीर स्टार्मर की ब्रिटिश नागरिकों से लेबनान छोड़ने की अपील...**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच लड़ाई तेज होने के बाद ब्रिटिश नागरिकों से लेबनान को तुरंत छोड़ने का आह्वान किया है और आपातकालीन निकासी की आवश्यकता होने की स्थिति में साइप्रस में लगभग 700 ब्रिटिश सैनिकों को तैनात किया गया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए रवाना होने से पहले मंगलवार को लिवरपूल में लेबर पार्टी के सम्मेलन के दौरान बोलते हुए स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन हिंसा के बढ़ने के मद्देनजर अपनी आकस्मिक योजनाओं को तेज कर रहा है। माना जाता है कि हजारों ब्रिटिश नागरिक लेबनान में हैं और यूके विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (ऋष्उड) लेबनान की सभी यात्राओं के खिलाफ सलाह दे रहा है। इस दौरान कीर स्टार्मर हम सभी पक्षों से संघर्ष से पीछे हटने का आग्रह करते हैं ताकि आगे और दुखद जन हानि को रोका जा सके। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि स्थिति बिगड़ने पर ब्रिटिश नागरिकों का समर्थन करने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं।

# 'बलूच महिलाओं को आत्मघाती हमले करने के लिए ब्लैकमेल कर रहे आतंकी', गिरफ्तार महिला हमलावर का दावा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने आत्मघाती हमले की साजिश रच रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह बलूच महिला पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के खिलाफ हमला को लेकर कई महिलाओं को ब्लैकमेल कर रही थी। गिरफ्तार की गई महिला का नाम आदिला बलोच बताया जा रहा है। महिलाने खुलासा किया है कि आतंकवादी बलूच महिलाओं को ब्लैकमेल करते हैं और उन्हें ऐसे कृत्य करने के लिए उकसाते हैं।

पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ एक प्रोजेक्ट में काम करने वाली नर्स आदिला बलूच को हमला करने से पहले ही बलूचिस्तान के तुरबत में सुरक्षा बलों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। क्वेटा में मीडिया से बात करते हुए गिरफ्तार की गई महिला ने बताया कि किस प्रकार उससे झूठे वादे करके आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बहकाया था।

**आंतकी ब्लैकमेल करके ले गए...**महिला ने बताया कि, उन्होंने मुझे एक नई और खुशहाल जिंदगी की झूठी उम्मीदें दिखाईं, लेकिन एक बार जब मैं पहाड़ों में छिपे आतंकवादियों में साथ रहने लगी तो मुझे लगा कि ये जीवन बहुत ही कठिनाइयों से भरा है। महिला ने दावा किया कि, आतंकवादी बलूच महिलाओं को ब्लैकमेल करते हैं और उन्हें इस तरह के काम करने के लिए उकसाते हैं। उसने कहा कि, अन्य बलूच युवाओं, पुरुषों और महिलाओं को इसी तरह ब्रेनवॉश किया गया था।

महिला ने आगे बताया कि, वहां आतंकवादियों द्वारा गुमराह की गई वह अकेली नहीं थीं। ऐसी कई महिलाएं, युवा और आदमी वहां पर फंसे हुए हैं। बलोच ने कहा कि आतंकियों ने उसे धोखा दिया है। मेरा काम लोगों की मदद करना और लोगों की जान बचाना था। दुर्भाग्य से मुझे उन लोगों ने गुमराह किया और मुझे सही रास्ते से भटका दिया।

**फिदायीन हमला करने के लिए राजी हो गई थी यह महिला...**महिला ने मीडिया के सामने यह बात भी कबूल की कि, आतंकवादियों ने उसे आत्मघाती बम विस्फोट करने के लिए राजी कर लिया था, बिना इस बात पर विचार किए कि इससे निर्दोष लोगों की जान चली जाएगी। महिला ने आतंकवादियो के उस एजेंडे का भी भंडाफोड़ कर दिया, जिसमें दावा किया जाता था कि, बलूच महिलाएं स्वेच्छा से आत्मघाती हमलावर बन जाती हैं।

**महिलाओं ने जाल में ना फंसने की दी सलाह...**आदिला बलूच ने बताया कि, यह सब झूठ है। आतंकवादी महिलाओं को इसके लिए ब्लैकमेल करते हैं। मैं इसकी गवाह हूं। बलूचिस्तान के युवाओं और महिलाओं को आगाह करते हुए आदिला ने बताया कि, इस तरह के फैसलों से सिर्फ तबाही होती है। वे ऐसी गलती ना करें। इससे कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। बता दें कि, क्षेत्रफल के लिहाज से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत बलूचिस्तान करीब दो दशकों से उग्रवाद से जूझ रहा है। जातीय बलूच उग्रवादी समूह संघीय सरकार पर प्रांत की खनिज संपदा चुराने का आरोप लगाते रहे हैं। सरकार इस आरोप को खारिज करती रही है और विद्रोहियों पर आरोप लगाती रही है कि वे निजी स्वार्थों के लिए देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# अंडाल के मुकुंदपुर इलाके मे बारिश के कारण कुआं हुआ जमींदोज, लोगों मे दहशत



**अंडाल।** बारिश के कारण एक पूरा कुआं जमींदोज हो गया। इसको लेकर पुरे इलाके के लोगों मे दहशत का माहौल है घटना बुधवार सुबह अंडाल ब्लॉक के खांद्रा ग्राम पंचायत के मुकुंदपुर गांव के बाउरी पाड़ा इलाके में बारिश के कारण एक कुआं जमीन में धंस गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गांव का एकमात्र कुआं था जहां गाँव के लोग उस कुएं से पानी भरते थे। कल तक कई लोग इस कुआं से पानी ले चुके हैं। बुधवार सुबह जब दो महिलाएं कुआं से पानी लेने आईं तो उन्होंने देखा कि आसपास का इलाका हिल रहा था और दरारें आ गई हैं। भयभीत होकर दोनों महिलाएं वहां से हट गईं और पलक झपकते ही कुंआ जमींदोज हो गया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। लेकिन किसी जानमाल के नुकसान या दुर्घटना की खबर नहीं है। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी भी बड़ा दुर्घटना हो सकता है।उनके मुताबिक लगातार बारिश के कारण मिट्टी के नरम होने के कारण ऐसा हुआ होगा.स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुएं के चारों ओर बांस की बैरिकेडिंग कर दी है ताकि कोई भी बच्चा या जानवर इस क्षेत्र में प्रवेश न कर सके।

# रानीगंज थाना द्वारा दुर्गोत्सव समन्वय बैठक,75 दुगार्पूजा पूजा कमेटियों को 85 हजार के चेक सौंपे गए



**रानीगंज :** रानीगंज थाना द्वारा आगामी दुर्गोत्सव को लेकर बुधवार की देर शाम रानीगंज बड़ा बाजार स्थित सीताराम जी भवन में एक समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में रानीगंज इलाके के दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान 75 पंजीकृत दुर्गा पूजा समितियों को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से 85 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। इस बैठक में रानीगंज के विधायक तापस बनर्जी के अलावा डीसी धुर्बो दास,एसीपी सेंट्रल टू विमान मिर्धा,रानीगंज थाने के प्रभारी विकास दत्ता,पंजाबी मोड़ फांड़ी प्रभारी रविन्द्रनाथ दलाई,बल्लवपुर फांड़ी प्रभारी सोमेन बनर्जी,निमचा फांड़ी प्रभारी मलय दास सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी तृणमूल कांग्रेस रानीगंज शहर के अध्यक्ष रुपेश यादव, आसनसोल नगर निगम के मेयर परिषद सदस्य दिव्येंदु भगत,रानीगंज बोरो के इंजीनियर कौशिक सेनगुप्ता,रानीगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के पुर्व अध्यक्ष अरुण भरतिया,सचिव अरुणोमोई कुंडू ,समाजसेवी तापस तिवारी और पार्षद डॉ. एस माजी समेत पूजा केमेटी के सदस्यगण मौजूद थे। इस दौरान डीसी धुर्व दास ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण है। उन्होंने पूजा समितियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने और प्रशासनिक सहयोग के साथ त्योहार को सफल बनाने की अपील की। विधायक तापस बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह अनुदान पूजा आयोजकों को आर्थिक मदद प्रदान करेगा, जिससे वे भव्य और सुरक्षित तरीके से दुर्गोत्सव मना सकें। पूजा समितियों ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का आभार व्यक्त करते हुए इस आर्थिक सहायता को महत्वपूर्ण बताया, जिससे आयोजन की तैयारियों में बड़ी मदद मिलेगी।

# आसनसोल में डिलीवरी पेशेंट को ले जा रही कार में लगी अचानक आग, मची अफरातफरी, कोई हताहत नही





आसनसोल । आसनसोल के रामसर मैदान के पास बुधवार को एक चलती कार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते कार धू-धू कर जल खाक हो गई। बताया जाता है कि कुछ लोग बाराबनी से एक डिलीवरी पेशेंट को आसनसोल जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था। ठीक रामसर मैदान के पास कार में आग लग गई, जिससे आस पास इलाके मे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कार पूरी तरह से जल गई। हालांकि, पेशेंट और ड्राइवर की जान बच गई, लेकिन कार को नहीं बचाया जा सका। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोग इधर-उधर भागने लगे और कई लोग अपने मोबाइल पर इस घटना का वीडियो बनाने लगे। पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। लेकिन आग इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।

# नेपालः मुख्यमंत्री के सौ दिन पूरा होने पर किया पत्रकार सम्मेलन



**संवाददाता।**

**जनकपुरधाम(नेपाल )।** मधेश प्रदेश सरकार के सौ दिन कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को मशाला काटेज के सभागृह में पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया गया।इस पत्रकार सम्मेलन में मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह ने मधेश प्रदेश में किए कार्य तथा आगामी कार्य योजना के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में मधेश स्वास्थ्य विज्ञान प्रतिष्ठान में 50सीट एम.वी.बी.एस पढ़ाई की स्वीकृति करवायी है।

इसी तरह कृषि क्षेत्र में किसानों को फसल को सुरक्षित हेतु 16कोल्ड स्टोरेज निर्माण हेतु पहल किया जा रहा है।पशु चिकित्सालय को सुदृढ़ किया जाएगा।चलंत पशु चिकित्सा गाड़ी की व्यवस्था किया जाएगा।जो गांव गांव जाकर बीमार पशुओं को इलाज किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह ने कहा कि राम जानकी अन्तर्राष्ट्रीय रंगशाला का डीपीआर तैयार किया जा चुका है। इसके निर्माण के बाद जनकपुरधाम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल,सार्क स्तरीय खेल आयोजित किए जायेंगे। जिससे जनकपुरधाम का विकास और हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार को एक लाख का स्वास्थ्य वीमा तथा दस लाख का दुर्घटना वीमा मधेश सरकार लागू करने जा रही है।

मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह ने कहा कि मधेश के युवा नशीली दवा के शिकार हो रहे हैं जो चिंता का बिषय है इसलिए इस रोकथाम हेतु बिहार सरकार से मिलकर पहल की जाएगी तथा नशा शिकार युवकों को अच्छे भविष्य के लिए सुधार केन्द्र को व्यवस्थित किया जाएगा। प्रत्येक पालिका में मधेश सरकार कमसे कम पांच किलोमीटर सड़क निर्माण करेगी। मधेश में बढते अपराध को रोकने हेतु बिशेष पहल करने हेतु प्रयास किया जा रहा है। किसान को सिंचाई तथा खाद बीज सुलभ हेतु मधेश सरकार बिशेष ध्यान दें रही है। पर्यावरण रक्षा हेतु अधिक पौधारोपण तथा वन विनाश रोकथाम हेतु टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। मधेश के मठ, मंदिर,सरोवर,मजार के विकास के लिए मधेश सरकार ध्यान दें रही है। शिक्षा के विकास हेतु मधेश सरकार बजट में विशेष ध्यान देगी। धन्यवाद ज्ञापन भौतिक पूवार्धार मंत्री सरोज कुमार यादव ने की।इस कार्यक्रम में मधेश सरकार के मंत्री पवन जायसवाल, त्रिभुवन साह सहित कई मंत्री, महाधिवक्ता सुरेन्द्र महतो, नीति आयोग के उपाध्यक्ष तथा सदस्य सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।मंच संचालन मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अनिल कुमार कर्ण ने किया।

# 'बर्फ अब पिघलने लगी है', भारत-बांग्लादेश के संबंधों पर बोले बीएनपी महासचिव आलमगीर



**ढाका।** बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का मानना है कि अंतरिम सरकार बनने के बाद भारत क साथ रिश्तों में सुधार हो रहा है। बीएनपी प्रमुख बेगम खालिदा जिया दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी है। वह शेख हसीना की सरकार के दौरान बांग्लादेश और भारत के बीच कुछ पहलों की आलोचना करती रही हैं। हाल ही में ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने बीएनपी महासचिव मिर्जा फकरुल इस्लाम आलमगीर से पार्टी कार्यालय में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा के लिए बैठक की। इस बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए आलमगीर ने कहा कि बर्फ अब पिघलने लगी है।

**भारत-बांग्लादेश के संबंधों में हो रहा सुधारः आलमगीर**

भारतीय उच्चायुक्त से बातचीत के बाद आलमगीर ने बताया कि दोनों देशों के बीच कई सकारात्मक चीजें सामने आईं। उन्होंने ने कहा, बांग्लादेश में पिछले चुनाव के बाद से हमारे संबंधों पर सवाल किए जा रहे हैं। लेकिन इस बार भारतीय उच्चायुक्त के हमारे कार्यलय में आने से स्थिति में सुधार हुआ है। बर्फ अब पिघलने लगी है।" बता दें कि बीएनपी ने इस साल जनवरी में हुए बांग्लादेशी संसदीय चुनाव का बहिस्कार किया था। उन्होंने आगे कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। रिश्तों में सुधार हो रहा है। यह भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधो का एक महत्वपूर्ण मोड़ भी है। बीएनपी महासचिव ने कहा कि उन्होंने भारत को आश्वासन दिया है कि सत्ता में आने के बाद वे अलगाववादी संगठनों को बांग्लादेश की धरती का इस्तेमाल करने नहीं देंगे।

# नेपालः मायापुर से इस्कॉन टेम्पल के साथ 1200 भक्त दर्शन करने पहुंचे जनकपुरधाम



**संवाददाता।**

**जनकपुरधाम।** पश्चिम बंगाल के मायापुर से राधा कृष्ण मंदिर युक्त रथ के साथ जनकपुरधाम दर्शन करने 1200भक्त जनकपुरधाम पहुंचे। हरे रामा,हरे कृष्णा भजन गाते हुए जनकपुरधाम पहुंचे।
मायापुर से आए भक्तों ने पत्रकारों को जानकारी दी है कि राम, कृष्ण में कोई फर्क नहीं है। दोनो बिष्णु अवतार हैं। इसलिए जानकी मंदिर माता को दर्शन हेतु जनकपुरधाम आए हैं। उन्होंने कहा कि जनकपुर धाम वासियों से भी उन्होंने आग्रह किया कि चैतन्य महाप्रभु के जन्म भूमि मायापुर आकर कृष्ण लीला का दर्शन करें।

# संक्षिप्त खबरें

## रियल एस्टेट के कर्मचारियों को लिए पीएफ और ईएसआईसी हो अनिवार्य, पीयूष गोयल बोले-बिल्डर ईमानदारी से करें काम



**सिडनी** । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रियल एस्टेट उद्योग से कहा कि वे इस क्षेत्र में काम करने वाले सात करोड़ लोगों के लिए ईएसआईसी तथा भविष्य निधि पंजीकरण की गारंटी प्रदान करें। इस क्षेत्र को यह सोचना चाहिए कि क्या हम इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी सात करोड़ कामगारों तथा महिलाओं के लिए ईएसआईसी और भविष्य निधि पंजीकरण की गारंटी सुनिश्चित कर सकते हैं। रियल एस्टेट उद्योग के संगठन क्रेडाई के सम्मेलन में में गोयल ने मंगलवार को कहा, 25 नवंबर को क्रेडाई अपने 14,000 सदस्यों के साथ चर्चा के बाद एक प्रस्ताव लेकर आए। हम बात करेंगे। क्रेडाई की 25 नवंबर को 25वीं वर्षगांठ है। अगर उद्योग ईएसआईसी तथा पीएफ पंजीकरण की गारंटी सुनिश्चित करता है तो इसके कई सकारात्मक प्रभाव होंगे। आने वाले वर्षों में यह संख्या और बढ़ेगी। इस कदम से इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की क्षमताएं तथा दक्षता बढ़ेगी। इससे गुणवत्ता में सुधार होगा।

आसान फंडिंग के लिए आरबीआई से करेंगे बात

गोयल ने कहा, रियल एस्टेट कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि वह अन्य उद्योगों की तरह रियल एस्टेट क्षेत्र को आसान फंडिंग उपलब्ध कराने का मुद्दा भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष उठाएंगे। रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के लिए तेजी से मंजूरी के लिए राज्य सरकारों तथा शहरी स्थानीय निकायों से बात करेंगे, बशर्ते बिल्डर ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से कारोबार करने का वादा करें। अब हमारे पास अधिक ईमानदार व्यवस्था है। शुक्र है कि अब बहुत से बेईमान डेवलपर बाजार से बाहर हो गए हैं।

## 10700 फर्जी कंपनियों ने की 10179 करोड़ की कर चोरी, फर्जी पंजीकरण रोकने के लिए अफसर चला रहे दूसरा अभियान




**नई दिल्ली** फर्जी पंजीकरण के खिलाफ जीएसटी अधिकारियों की ओर से देशभर में चलाए जा रहे अभियान में करीब 10,700 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जिन्होंने 10,179 करोड़ रुपये की कर चोरी की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को कहा, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ 16 अगस्त से शुरू हुआ दूसरा अखिल भारतीय अभियान 15 अक्तूबर तक चलेगा। इस अभियान में कर अधिकारियों ने 67,970 जीएसटीआईएन (माल एवं सेवा कर पहचान संख्या) की पहचान की है। इनमें से 59 फीसदी या 39,965 जीएसटीआईएन का सत्यापन 22 सितंबर तक हो चुका है।

सीबीआईसी सदस्य ने कहा, इनमें 27 फीसदी ऐसी कंपनियां पाई गई हैं, जो अस्तित्व में ही नहीं हैं। फीसदी के लिहाज से यह संख्या पिछले अभियान की तुलना में करीब समान है। उन्होंने बताया, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पहला अभियान 16 मई से 15 जुलाई, 2023 के बीच चलाया गया था। इसमें जीएसटी पंजीकरण वाली कुल 21,791 ऐसी कंपनियां पाई गई थीं, जो अस्तित्व में नहीं थीं। इस अभियान में 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी पकड़ी गई थी। 2,994 करोड़ की आईटीसी रोकी, वसूली 22 करोड़

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा, दूसरे अभियान में 2,994 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को रोका गया है। साथ ही, 28 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई है। उन्होंने कहा, जीएसटी व्यवस्था में बेमेल आंकड़ों की समस्या है। इस कारण 2023-24 में कर अधिकारियों ने 1,12,852 कारण बताओ नोटिस जारी किए थे।

सीबीआईसी अधिकारी ने कहा, प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी संभव तरीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। कर अधिकारी भविष्य में नए करदाताओं पर उनके जोखिम प्रोफाइल के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे। वे एक महीने में कितने बिल जारी कर सकते हैं, हम भविष्य में उसपर भी कुछ पाबंदियां लगा सकते हैं।

## चीन से आयात कम करने के प्रयासों के बीच भारत के विनिर्माण प्रोत्साहन में प्रगति




**दिल्ली।** चीन से आयात कम करने के प्रयासों के बीच बुधवार को एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए भारत के नकद प्रोत्साहन ने 2020 में उत्पादन-लिंक्ड योजना के लॉन्च के बाद से 17 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। यह योजना, जो निमार्ताओं को वृद्धिशील बिक्री पर 4-6 प्रतिशत नकद प्रोत्साहन प्रदान करती है, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा और सफेद वस्तुओं सहित 14 क्षेत्रों में शुरू की गई थी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, "पीएलआई योजना निवेश आकर्षित करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने में सफल रही है।"भारत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, विशेष रूप से स्मार्टफोन के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है, और अब मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, उन्होंने एप्पल के आईफोन निर्यात का हवाला देते हुए कहा - मार्च को समाप्त होने वाले 2023/24 वित्तीय वर्ष में 12 बिलियन डॉलर से अधिक। उन्होंने कहा कि प्रोत्साहनों के परिणामस्वरूप चार वर्षों में लगभग 11 लाख करोड़ रुपये ($131.6 बिलियन) का उत्पादन और लगभग दस लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एप्पल जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करके चीन से मोबाइल आयात को कम करने के बाद भारत अब अधिक लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर और सर्वर बनाने की योजना बना रहा है।

मंगलवार को सरकार ने नवंबर 2023 में शुरू की गई "आयात प्रबंधन प्रणाली" को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया, जिसके तहत कंपनियों को अपने लैपटॉप और टैबलेट आयात को पंजीकृत करना होगा। सरकारी आधिकारिक सूत्रों में से एक ने कहा, "हमने उद्योग को संकेत दिया है कि हम विशेष रूप से चीन से आयात में कटौती करना चाहते हैं।" परामर्शदात्री कंपनी मोर्डोर इंटेलिजेंस के अनुसार लैपटॉप सहित भारत का आईटी हार्डवेयर बाजार लगभग 20 बिलियन डॉलर का है, जिसमें लगभग 5 बिलियन डॉलर का घरेलू उत्पादन होता है। भारत ने लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के लिए नई प्रणाली की घोषणा लाइसेंसिंग व्यवस्था लागू करने की अपनी पिछली योजना को वापस लेने के बाद की, जिसके तहत एप्पल, डेल और एचपी जैसी कंपनियों को आयातित लैपटॉप और टैबलेट के शिपमेंट के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

# 'डेयरी क्षेत्र संवेदनशील है', केंद्रीय मंत्री बोले- इसे किसी एफटीए में शामिल करने का प्लान नहीं



**नई दिल्ली** भारत में दुग्ध क्षेत्र संवेदनशील विषय है, क्योंकि इससे छोटे किसानों की आजीविका का मुद्दा जुड़ा है और इस क्षेत्र में किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत किसी भी प्रकार की शुल्क रियायत देने की कोई योजना नहीं है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत ने ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) व्यापार समझौते के तहत स्विट्जरलैंड और नॉर्वे को भी दुग्ध क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी। ईएफटीए पर मार्च में हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया के साथ भी इस क्षेत्र पर चर्चा हुई और भारत ने उसे भी इस क्षेत्र से जुड़ी संवेदनशीलताओं से स्पष्ट रूप से अवगत कराया।

गोयल ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के व्यापार व पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यह्यहमारे किसान के पास औसतन बहुत कम जमीन है। यह दो से तीन एकड़ का खेत है जिसमें तीन से चार मवेशी हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खेत तथा उनके ह्यडेयरी फार्म दोनों ही बहुत बड़े हैं। इन बड़े तथा छोटे फार्म के लिए एक दूसरे के साथ एक समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना लगभग असंभव होगा। उन्होंने कहा, हमने इस मुद्दे पर तीन साल पहले भी चर्चा की थी और इससे पहले भी कई मौकों पर चर्चा हुई लेकिन यह इतना संवेदनशील क्षेत्र है कि दुनिया भर में हमारे किसी भी एफटीए में हम इस पर शुल्क रियायत नहीं दे पाए।

मंत्री व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता के लिए ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र व्यापार के लिए खुला है लेकिन इस पर कुछ सीमा शुल्क लगाए गए हैं।

गोयल ने कहा, हमने न तो यूरोप के लिए दुग्ध क्षेत्र को खोला है और न ही ऐसी कोई योजना हैं... न ही हमने स्विट्जरलैंड तथा नॉर्वे के साथ ईएफटीए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करते समय ऐसा किया।

उन्होंने कहा, ह्यह्य यह वह समझौता है जिस पर स्विट्जरलैंड ने दुग्ध क्षेत्र के किसी भी घटक के बिना हस्ताक्षर किए हैं। इस बीच, कृषि क्षेत्र के बारे में पूछे गए एक सवाल पर ऑस्ट्रेलिया के व्यापार एवं पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल ने कहा कि वे छोले, पिस्ता और सेब जैसी वस्तुओं पर शुल्क में कटौती की मांग कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2022 में एक अंतरिम व्यापार समझौते को लागू किया था और अब वे एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते के जरिये समझौते के दायरे को व्यापक बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 26 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 2023-24 में 24 अरब डॉलर रह गया। यह व्यापार अधिकतर ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में रहा है क्योंकि गत वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का निर्यात 7.94 अरब डॉलर था, जबकि आयात 16.15 अरब अमेरीकी डॉलर था। अप्रैल 2000 से जून 2024 के बीच 1.5 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के साथ ऑस्ट्रेलिया, भारत में 25वां सबसे बड़ा निवेशक है। गोयल ने द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा देने में मदद के लिए सिडनी में इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश के लिए अपार अवसर हैं, क्योंकि इसमें चार प्रमुख बिंदु लोकतंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश, मांग और निर्णायक नेतृत्व शामिल हैं। दोनों देश आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य बना रहे हैं।

# सोना 77850 रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा




नई दिल्ली। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 900 रुपये की तेजी के साथ 77,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निमार्ताओं की ताजा उठाव के कारण चांदी 3,000 रुपये बढ़कर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी।

इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 900 रुपये की तेजी के साथ 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में सोना 76,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र मेहता के अनुसार निकट भविष्य में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें 3,200 डॉलर प्रति औंस को पार कर जाने की संभावना है। उनके अनुसार, "सोने में तेजी जारी है और वायदा बाजार में इसकी कीमतें एक बार फिर सर्वकालिक उच्च स्तर 76,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई हैं। ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष (शोध) (कमोडिटी एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, "कमजोर डॉलर, वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद, सुरक्षित निवेश की मांग और ईटीएफ फंडों के प्रवाह से कीमतों को समर्थन मिल रहा है।

## नियमों के उल्लंघन के लिए ईवाई के पुणे कार्यालय को नोटिस




**नई दिल्ली।** अन्र्स्ट एंड यंग (ईवाई) का पुणे कार्यालय, जो एक महिला सीए की मौत के बाद चर्चा में आया था, 2007 से शॉप्स एक्ट के तहत लाइसेंस प्राप्त किए बिना काम कर रहा था। इस एक्ट में अन्य शर्तों के अलावा कर्मचारियों के कल्याण का भी प्रावधान है। महाराष्ट्र श्रम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है। फर्म को नोटिस जारी किया जाएगा और उसके जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

दुकान व प्रतिष्ठान अधिनियम, कर्मचारियों के कल्याण सहित सभी प्रकार के व्यावसायिक कार्यों को नियंत्रित करता है तथा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की मौत के मामले में केंद्र सरकार के निर्देश पर महाराष्ट्र श्रम विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यहां ईवाई कार्यालय का निरीक्षण किया। 26 वर्षीय महिला की कथित तौर पर जुलाई में काम के तनाव के कारण मृत्यु हो गई। वे पुणे में चार महीने पहले ही फर्म में शामिल हुई थीं। उनकी मृत्यु के बाद, सेबेस्टियन की मां ने ईवाई इंडिया के चेयरमैन राजीव मेमानी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि कार्यभार और काम के बढ़े हुए घंटों के कारण उनकी बेटी के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ा। हालांकि, कंपनी ने आरोपों से इनकार किया है।

अतिरिक्त श्रम आयुक्त शैलेन्द्र पोल ने बुधवार को कहा कि दुकान व प्रतिष्ठान अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी, मातृत्व लाभ, मजदूरी भुगतान और ओवरटाइम मजदूरी से संबंधित आठ से नौ कानूनी प्रावधानों के तहत ईवाई के कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

# 200 अरब डॉलर की संपत्ति के क्लब में जकरबर्ग, मस्क-बेजोस पहले से लिस्ट में



**नई दिल्ली।** ब्लूमबर्ग के बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मेटा प्लेटफॉर्म्स के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग भी 200 अरब डॉलर की कुल संपत्ति वालों के क्लब में शामिल हो गए हैं। जुकरबर्ग के अलावे इस लिस्ट में केवल एक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस का नाम है।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 268 बिलियन डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। वहीं, जेफ बेजोस 216 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अब 200 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ इस खास क्लब में मेटा (फेसबुक) के संस्थापक मार्क जकरबर्ग भी शामिल हो गए हैं। हाल के दिनों में उनकी संपत्ति में 71 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 200 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है।

संपत्ति बढ़ने के मामले में मार्क जकरबर्ग के बाद दूसरा नंबर एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग का है। उनकी कुल संपत्ति में 61.8 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। हुआंग की कुल संपत्ति अब 106 बिलियन डॉलर हो गई है। वे ब्लूमबर्ग की सूची में 14वें नंबर पर हैं। इस वर्ष मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति में 38.9 बिलियन डॉलर इजाफा हुआ है। वहीं, इस दौरान बेजोस की संपत्ति में 39.3 बिलियन डॉलर बढ़ी है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार दुनिया के शीर्ष तीन सबसे अमीर व्यक्ति अमेरिका से हैं और तकनीक के कारोबार से जुड़े हैं। सूची में चौथे स्थान पर फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं, जिन्होंने 183 बिलियन डॉलर की संपत्ति अर्जित की है। हालांकि, 2024 में अब तक उनकी संपत्ति में 24 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। लैरी एलिसन, बिल गेट्स, स्टीव बाल्मर, लैरी पेज, वॉरेन बफेट और सर्गेई ब्रिन शीर्ष 10 की सूची में हैं। इस वर्ष की शुरूआत में, 200 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति वाले एकमात्र व्यक्ति छश्टल्र के सीईओ बर्नार्ड अर्नाल्ट थे। हालांकि, इस साल उनके लक्जरी समूह के शेयरों में लगभग 16% की गिरावट आई है, जिससे उनकी अनुमानित संपत्ति में 30 बिलियन डॉलर की कमी आई है और घटकर 177 बिलियन डॉलर रह गई।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, जुलाई 2024 की फाइलिंग के आधार पर, जकरबर्ग की अधिकांश संपत्ति मेटा में लगभग 13% हिस्सेदारी से आई है। मेटा, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की मूल कंपनी है, इसने 2023 में 134.9 बिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया और इसके लगभग 4 अरब मासिक उपयोगकर्ता हैं। भारत के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी 113 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 12वें स्थान पर हैं, जबकि गौतम अदाणी 105 बिलियन डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति के साथ 15वें नंबर पर हैं।

# एडीबी ने भारत की विकास दर का अनुमान 7% पर बरकरार रखा, सरकारी खर्च और कृषि क्षेत्र पर बैंक ने कही यह बात




**नई दिल्ली** । एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के विकास अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा और कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन व उच्च सरकारी खर्च से आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है।

सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) अपडेट में एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में निर्यात पहले के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, एडीबी के अनुसार अगले वित्त वर्ष में वस्तुओं की निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा, "वित्त वर्ष 2024 (वित्त वर्ष 2024, 31 मार्च 2025 को समाप्त) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 7.2 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, दोनों ही अनुमान अप्रैल 2024 में पूवार्नुमान के अनुसार हैं।" बैंक ने साथ ही यह भी कहा कि भारत की विकास संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।

पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत बढ़ी थी। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि धीमी होकर 6.7 प्रतिशत हो गई, लेकिन कृषि में सुधार और उद्योग व सेवाओं के लिए काफी हद तक मजबूत दृष्टिकोण के साथ आने वाली तिमाहियों में इसमें तेजी आने की उम्मीद है।

**निजी उपभोग में सुधार की उम्मीद, निवेश का परिदृश्य भी सकारात्मक...**एडीबी के अनुसार भारत में निजी उपभोग में भी सुधार होने की उम्मीद है। एडीबी के अनुसार, मजबूत कृषि से प्रेरित ग्रामीण उपभोग और पहले से ही मजबूत शहरी उपभोग से प्रेरित होगा। निजी निवेश का परिदृश्य सकारात्मक है, लेकिन सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि, जो अब तक उच्च रही है, वित्त वर्ष 2025 में धीमी हो जाएगी।

एडीबी ने कहा कि राजकोषीय समेकन के प्रयासों से राजकोषीय घाटा कोविड-19 से पहले के स्तर पर पहुंच जाएगा, जो मजबूत राजस्व संग्रह और संयमित चालू व्यय को दशार्ता है। एशियाई विकास बैंक ने अपने अनुमान में कहा है कि श्रमिकों और फर्मों को रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन की पेशकश करने वाली हालिया नीति घोषणा से श्रम मांग को बढ़ावा मिल सकता है और वित्त वर्ष 2025 से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल सकता है।

**रोजगार-संबंधी प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से मिलेगी मदद...**बजट 2024-25 में तीन रोजगार-संबंधी प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की गई है और कहा गया है कि सरकार उन्हें लागू करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित करेगी। एडीबी ने कहा, "वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही (द1)में साल-दर-साल आधार पर वृद्धि धीमी रही, लेकिन आने वाले महीनों में बेहतर कृषि प्रदर्शन और अधिक सरकारी खर्च के कारण इसके बेहतर होने की उम्मीद है। एडीबी ने कहा, "उद्योग और सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन लगातार मजबूत रहने की उम्मीद है।" मजबूत सेवा निर्यात और धन प्रेषण से चालू खाता घाटा मध्यम बना रहेगा। खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों का अर्थ यह होगा कि चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति पूर्व अनुमान से अधिक रहेगी, लेकिन अगले वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति कम हो जाएगी।

## बैंक में जमा की वृद्धि दर सुस्त, बॉन्ड से 1.3 लाख करोड़ उगाही की योजना




**मुंबई।** धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को अब दूसरे रास्तों से पैसे जुटाने होंगे। रेटिंग एजेंसी इक्रा का मानना है कि चालू वित्त वर्ष में बैंकों को बॉन्ड जारी करके 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटाने होंगे। बॉन्ड के जरिये जुटाई जाने वाली यह रकम अब तक की सबसे ज्यादा रकम होगी। जमा और कर्ज वृद्धि के बीच जारी अंतर को कम करना होगा।

इक्रा ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा, लगभग 85 फीसदी बॉन्ड सरकारी बैंक जारी करेंगे। यह बॉन्ड इंफ्रा क्षेत्र के होंगे। तरलता की विकट स्थिति और कर्ज वृद्धि लगातार जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों द्वारा वैकल्पिक स्रोतों से धन उगाहना जरूरी हो गया है। बैंकों ने 2023-24 में बॉन्ड से एक लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले 2022-23 में रिकॉर्ड 1.1 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे।

**अभी तक 76,700 करोड़ रुपये जुटाए...**बैंकों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक बॉन्ड से 76,700 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान जुटाई गई रकम से यह काफी ज्यादा है। 30 जून, 2024 तक बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बैंकों की अग्रिम राशि 13-14 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सरकारी बैंकों का इसमें 75 प्रतिशत हिस्सा है।

**उद्योग जगत से मिली चार लाख करोड़ की कर्ज मांग....**एसबीआई चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा, बैंक को उद्योग जगत से चार लाख करोड़ के कर्ज की मांग मिल चुकी है। इससे पता चलता है कि 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र के पूंजीगत खर्च में तेजी आएगी। इन्फ्रा के लिए फंडिंग, सड़कों, नवीकरणीय उर्जा व कुछ रिफाइनरियों से आ रही है।

## उतार-चढ़ाव के बाद फिर नए हाई पर शेयर बाजार सेंसेक्स 255 अंक चढ़ा, निफ्टी 26000 के पार



**नई दिल्ली।** एक दिन की सुस्ती के बाद सेंसेक्स में हरियाली लौट आई है। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स 255.83 (0.30%) अंकों की बढ़त के साथ 85,169.87 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी सूचकांक 63.75 (0.25%) अंक चढ़कर 26,004.15 पर बंद हुआ। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की बढ़त के साथ 80.60 रुपये पर बंद हुआ।

बुधवार को कई बार लाल और हरे निशान पर पहुंचे सेंसेक्स-निफ्टी

बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स और निफ्टी में लाल निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई पर जल्द ही ये हरे निशान पर लौट आए। हालांकि, ऊपरी स्तरों पर बाजार में फिर बिकवाली लौटी। उसके बाद अधिकतर समय बाजार लाल निशान पर ही कारोबार करता दिखा। आखिरी सत्र से पहले बेंचमार्क सूचकांकों ने एक लंबी छलांग लगाई और सेंसेक्स-निफ्टी नए हाई पर पहुंचकर बंद होने में सफल रहे। शेयर बाजार की इस उछाल में बैंकिंग और पावर सेक्टर के शेयरों का योगदान रहा।

सेंसेक्स-निफ्टी में नए हाई के बावजूद बीएसई का मार्केट कैप घटा शेयर बाजार के रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर पहुंचने के बावजूद सेंसेक्स पर सूचीबद्ध कुल कंपनियों का मार्केट कैप 475.24 लाख करोड़ रुपये कम होकर 83,219 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयर टॉप गेनर्स रहे। इनमें 4% तक की बढ़त दिखी। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टाइटन और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाल निशान पर बंद हुए। क्षेत्रवार देखें तो निफ्टी मेटल इंडेक्स 0.4% तक मजबूत हुआ। मंगलवार को इसमें तीन प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई थी। यह तेजी चीन में अर्थव्यवस्था को बढ़ाने देने के लिए वहां की सरकार की ओर से की गई घोषणाओं के बाद आई।

# एसएमई आईपीओ में ज्यादा फीस लेने वाले 6 मर्चेंट बैंक सेबी के रडार पर




**नई दिल्ली।** छोटे और मझोले आईपीओ में कंपनियों से कई गुना ज्यादा फीस वसूलने वाले छह मर्चेंट बैंकरों की सेबी जांच कर रहा है। इन सभी ने आईपीओ में भारी-भरकम बोली लगाने के नाम पर कंपनियों से उनके कुल इश्यू साइज का 15 फीसदी तक शुल्क लिया है। जबकि औसत शुल्क एक से तीन फीसदी तक होता है।

गौरतलब है कि हाल में छोटी एवं मझोली कंपनियों (एसएमई) के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बाढ़ आ गई है। इन सभी का इश्यू कई गुना भरा है। उसी आधार पर निवेशकों को फायदा भी मिला है। ऐसे में इसका फायदा उठाते हुए मर्चेंट बैंकरों ने कंपनियों की जुटाई गई रकम का 15 फीसदी तक फीस वसूल लिया।

सूत्रों के मुताबिक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की जांच इस साल की शुरूआत में शुरू हुई है। सेबी बार-बार निवेशकों को बाजार में पैसा लगाने को लेकर सावधान कर रहा है। एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों को बड़ी कंपनियों की तुलना में कम जानकारी देनी होती है। सेबी की शुरूआती जांच से पता चला है कि आईपीओ को ओवरसब्सक्राइब करने के लिए मर्चेंट बैंकर ज्यादा शुल्क ले रहे हैं। नियामक मर्चेंट बैंकों और कुछ बड़े निवेशकों के बीच गठजोड़ वाली गतिविधि पर अंकुश लगाना चाहता है। ये निवेशक नियमों को तोड़कर हाई नेटवर्थ और खुदरा निवेशकों की कैटेगरी में खूब ज्यादा बोली लगाते हैं। ये बोलियां वास्तविक नहीं होती हैं। शेयरों के आवंटन के समय इस तरह की बोली को खारिज कर दिया जाता है। लेकिन इस वजह से अन्य निवेशक भी पैसा लगाने के लिए आकर्षित होते हैं।

देश में 60 से अधिक इन्वेस्टमेंट बैंकर हैं। ये छोटे कारोबार वाले आईपीओ के लिए काम करते हैं। एसएमई क्षेत्र भारत में आईपीओ बाजार में तेजी से आ रहा है। मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में 205 एसएमई कंपनियों ने 60 अरब रुपये जुटाए।



# कार्डियोलॉजिस्ट बनकर रखें लोगों के दिलों का ख्याल

**एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म-प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। हृदय हमारे शरीर का एक बेहद महत्वपूर्ण आंतरिक अंग है और एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीने के लिए जरूरी है कि आप इसका पूरी तरह ख्याल रखें।**

आमतौर पर लोग अपने दिल का ख्याल रखने के लिए खानपान से लेकर अन्य कई उपाय अपनाते हैं, लेकिन फिर भी कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में व्यक्ति को कार्डियोलॉजिस्ट को कंसल्ट करने की जरूरत पड़ती है। कार्डियोलॉजी चिकित्सा का एक प्रभाग है जो हृदय विकारों से संबंधित निदान और उपचार से संबंधित है। दिल के विकारों से निपटने वाले चिकित्सा चिकित्सकों को आमतौर पर कार्डियोलॉजिस्ट या हृदय रोग विशेषज्ञ कहा जाता है। चिकित्सा विज्ञान की इस शाखा का बेहद महत्व है और अगर आप चाहें तो इस दिशा में अपना कदम बढ़ा सकते हैं–

## क्या होता है काम

एक हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय, धमनियों और नसों का डॉक्टर है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय की विफलता, जन्मजात हृदय दोष और कोरोनरी धमनी रोग का निदान और उपचार प्रदान करते हैं। इसमें धमनियों के संकीर्ण होने, हृदय के वाल्व में समस्याएं, मांसपेशियों के ऊतकों को नुकसान और पेरिकार्डियम के विकार के कारण प्रतिबंधित परिसंचरण के कारण होने वाली समस्याएं शामिल हैं।

## स्किल्स

एजुकेशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ बनने के लिए छात्रों के पास ना सिर्फ चिकित्सा और विज्ञान में संबंधित ज्ञान होना चाहिए, बल्कि रोगियों की सेवा करने, दूसरों के प्रति दया करने, आत्म–प्रेरित होने और चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लंबे समय तक जीवित रहने में सक्षम होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए अनुशासन, धैर्य, उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास का होना भी उतना ही आवश्यक है। उनके पास जीवन की खतरनाक स्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। कैरियर कोच कहते हैं कि हृदय रोग विशेषज्ञ को भी आहार और व्यायाम विशेषज्ञ भी होना चाहिए।

## योग्यता

एक कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमबीबीएस की डिग्री के अलावा कई सालों की प्रैक्टिस, लाइसेंस व बोर्ड सर्टिफिकेशन होना चाहिए। कार्डियोलॉजिस्ट बनने के लिए एमडी/एमएस या डीएनबी की डिग्री लेने के बाद इस क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन के लिए डीएम इन कार्डियोलॉजी की डिग्री लेनी होगी। इस डिग्री की अवधि लगभग तीन साल की होती है।

## अवसर

कॅरियर काउंसलर के अनुसार, एक प्रोफेशनल कार्डियोलॉजिस्ट के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप सरकारी या प्राइवेट हास्पिटल में बतौर डॉक्टर काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप कार्डियक रिहैबिलेशन सेंटर या क्लीनिक टेस्टिंग सेंटर्स में भी काम कर सकते हैं। वहीं आप खुद की प्रैक्टिस भी शुरू कर सकते हैं और खुद का क्लीनिक खोल सकते हैं। जो कार्डियोलॉजिस्ट पढ़ाना पसंद करते हैं, वे मेडिकल कॉलेजों में बतौर लेक्चरर भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

## आमदनी

एक कार्डियोलॉजिस्ट की आमदनी उसके अनुभव व भौगोलिक स्थान पर मुख्य रूप से निर्धारित होती है। जो कार्डियोलॉजिस्ट शहर में काम करते हैं, उन्हें अपेक्षाकृत अधिक सैलरी मिलती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में आमदनी का स्तर कम हो सकता है। हालांकि अगर आप किसी सरकारी अस्पताल में बतौर फ्रेशर काम शुरू करते हैं, तब भी शुरूआती दौर में आप 25000 रूपए आसानी से कमा सकते हैं। जबकि निजी अस्पतालों में वेतन अधिक हो सकता है। वहीं कुछ वर्षों के अनुभव के बाद आपकी आमदनी लाखों में हो सकती है।

### प्रमुख संस्थान

गोविंद वल्लभ पंत इंस्टीट्यूटी ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, नई दिल्ली
रविन्द्रनाथ टैगोर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंस, कोलकाता
मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली
ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, नई दिल्ली
आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज, पुणे
संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनऊ




# फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कॅरियर कैसे बनाएं? कोर्स, जॉब और सैलरी

**फॉरेंसिक साइंस की फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।**

फॉरेंसिक साइंस का इस्तेमाल आपराधिक मामलों की जांच और कानूनी प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक साइंस में केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिक्स, जियोलोजी, साइकोलॉजी, सोशल साइंस, इंजीनियरिंग आदि फील्ड्स शामिल होती हैं। इस फील्ड में काम करने वाले प्रोफेशनल फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट या फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स कहलाते हैं। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट्स टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके क्राइम स्पॉट पर मौजूद सबूतों की जाँच करते हैं और अपराधियों को पकड़ने में मदद करते हैं। इसके लिए वे क्राइम सीन, ब्लड सेंपल, डीएनए प्रोफाइलिंग आदि की जांच करते हैं।

## कोर्स

फॉरेंसिक साइंस में करियर बनाने के लिए 12ध्द्ध में साइंस होनी जरूरी है। आप फोरेंसिक साइंस एंड क्रिमिनोलॉजी या फॉरेंसिक साइंस एंड लॉ में एक वर्षीय डिप्लोमा कर सकते हैं। आप फॉरेंसिक साइंस 3 साल की बीएससी, 2 साल की एमएससी भी कर सकते हैं। इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और रिसर्च करने के इच्छुक हों तो फॉरेंसिक साइंस में पीएचडी और एमफिल भी कर सकते हैं।

## जरूरी स्किल्स

एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को जिज्ञासु होना चाहिए और साहसिक कार्यों में दिलचस्पी होनी चाहिए। इस फील्ड में हर कदम पर चुनौती है इसलिए आपको दिमागी तौर पर मजबूत होना जरूर है। इसके साथ ही आपके अंदर मजबूत कम्युनिकेशन स्किल्स होना भी बेहद जरूरी है। एक फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को कई तरह की टेस्ट रिपोर्ट लिखनी होती हैं इसलिए आपकी राइटिंग स्किल्स भी अच्छी होनी चाहिए। फॉरेंसिक साइंस साइंटिस्ट को सबूतों की जाँच करनी होती है इसलिए आपको एकाग्रता और सतर्कता के साथ काम करना आना चाहिए।

## कहां मिलेगी नौकरी

इस फील्ड में सरकारी और प्राइवेट जॉब्स की भरमार है। फॉरेंसिक साइंस में डिग्री हासिल करने के बाद आपको पुलिस, लीगल सिस्टम, इंवेस्टिगेटिव सर्विस जैसी जगहों पर जॉब मिल सकती है। वहीं, कोई प्राइवेट एजेंसी भी आपको बतौर फॉरेंसिक साइंटिस्ट्स जॉब ऑफर कर सकती है। अगर आप में योग्यता है तो आपको फॉरेंसिक साइंटिस्ट इंटेलि ?जेंस ब्यूरो और सीबीआई में भी नौकरी का अवसर प्राप्त हो सकता है। इसके अलावा आप किसी फॉरेंसिक साइंस शिक्षण संस्थान में टीचर के रूप पढ़ा कर अच्छी सैलरी कमा सकते हैं।

## सैलरी

योग्यता के आधार पर आपको शुरुआत में 20–50 हजार रुपये प्रतिमाह तक सैलरी मिल सकती है। समय के साथ अनुभव होने पर आप 6 से 8 लाख रुपये तक महीना कमा सकते हैं।



# विदेशों में स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

विदेशों से हायर एजुकेशन प्राप्त करना कई लोगों की टू–डू लिस्ट में शामिल होता है। कई लोग इसे प्राप्त कर लेते हैं और कई लोग इसे प्राप्त करने से वंचित भी रह जाते हैं। विदेशों से हायर एजुकेशन की पढ़ाई करने पर जीवन में कई अवसर मिलते हैं। हालांकि हायर एजुकेशन जितने बेहतर अवसर देता है उतना ही खर्चीला भी है। विदेशों में पढ़ाई करने के लिए एक बेहतर प्लानिंग की आवश्यकता तो होते ही है साथ ही आवश्यकता होती है नॉलेज की। उसी नॉलेज और प्लानिंग में से एक है स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना। जब स्कॉलरशिप की बात आती है तो हमें कई बातों को ध्यान में रखना पड़ता है। आइए जानते हैं कुछ महत्वपूर्ण बातों को जिन्हें स्कॉलरशिप प्राप्त करने से पहले ध्यान में रखना पड़ता है।

## स्ट्रांग प्रोफाइल बनाएं

हालांकि स्कॉलरशिप के लिए एकेडमिक स्ट्रेन्थ आवश्यक है। अगर मास्टर्स करने का आप प्लान बना रहे हैं तो आपका जीपीए 7.0 से अधिक है तो स्कोर बेहतर माना जाता है। लेकिन केवल इतना ही आवश्यक नहीं है। स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग होना चाहिए। इसके लिए आप इसमें एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी जैसे स्पोर्ट्स, म्यूजिक, ड्रामा इत्यादि की डिटेल जरूर लिखें। इससे आपका प्रोफाइल बेहद स्ट्रांग बनेगा।

## यूनिवर्सिटी स्कॉलरशिप से आगे बढ़कर सोचें

ध्यान रखें कि विदेशों में पढ़ने के लिए केवल यूनिवर्सिटी ही नहीं बल्कि कई संस्था स्कॉलरशिप प्रदान करती है। ये स्कॉलरशिप सरकारी के साथ–साथ प्राइवेट संस्थाओं द्वारा भी दिया जाता है। अगर आप भारत में हैं तो कई संस्था जैसे टाटा आपको विदेश में पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप देगी। इसके साथ ही अगर आप विदेश में हैं तो वो देश भी विदेशों छात्रों के लिए कई स्कॉलरशिप प्लान पर कार्य करता है। इन स्कॉलरशिप के बारे में दोनें देशों के एजुकेशन डिपार्टमेंट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## कोर्स से पहले कर दें अप्लाई

आप जो कोर्स करना चाहते हैं उसके शुरू होने से 18 महीने पहले आप अप्लाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दें। ऐसा इसलिए क्योंकि आवेदन करने के बाद डॉक्यूमेंट सबमिशन और वेरिफिकेशन में काफी वक्त लगता है। ऐसे में आपको समय पर स्कॉलरशिप भी मिल जाएगा और कोर्स में भी कोई समस्या नहीं होगी।

## एप्लीकेशन का कराएं रिव्यू

एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद यह सबसे बेहतर आइडिया है कि उसका रिव्यू करा लिया जाए। रिव्यू कराने से एप्लीकेशन की कमियां सामने आएगी और उसके बाद सुधार किया जा सकेगा। अपना एप्लीकेशन और डॉक्यूमेंट लें और उसे किसी प्रोफेशनल के पास ले जाएं। ये प्रोफेशनल आपके शिक्षक या कोई अन्य एक्सपर्ट भी हो सकते हैं। इससे आपको रिव्यू मिलेगा और आप एप्लीकेशन में सुधार कर पाएंगे।

## अधिक से अधिक रियल रहने का प्रयास करें

जब एप्लीकेशन लिखे तो ज्यादा से ज्यादा रियल रहने का प्रयास करें। यूनिवर्सिटी में आप खुद को निखारने और खुद को बेहतर बनाने के लिए जाते हैं इसी कारण एप्लीकेशन में खुद को ज्यादा बढ़ा–चढ़ा कर ना लिखें। जो हैं वह ईमानदारी के साथ लिखें और अपने स्किल, पैशन और इंटरेस्ट आदि के विषय में लिखें।



# पेंट टेक्नोलॉजिस्ट बनकर कॅरियर को दें एक रंगीन दिशा

**एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट अलग-अलग एप्लीकेशन के लिए विभिन्न पेंट की उपयुक्तता की पहचान और मूल्यांकन करता है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ग्राहकों को पेंट के सही उपयोग के बारे में समझाता है और उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहचान करता है। रंगों का जीवन से एक गहरा नाता है। रंगों के बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कपड़ों से लेकर घर तक हर जगह तरह-तरह के रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आपने कभी इन्हीं रंगों में अपना करियर बनाने की सोची है। अगर नहीं, तो अब आप इस क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। जी हां, पेंट टेक्नोलॉजी एक ऐसा ही क्षेत्र है। अगर आप भी चाहें तो इस क्षेत्र में अपना सफल भविष्य बना सकते हैं। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस क्षेत्र के बारे में**

## क्या है पेंट टेक्नोलॉजी

पेंट टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें पेंट बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले विभिन्न इंग्रीडिएंट जैसे रॉल, पॉलिमर व पिगमेंट आदि के बारे में अध्ययन किया जाता है। पेंट टेक्नोलॉजी में, विभिन्न प्रकार के पेंट, उनके निर्माण, विभिन्न प्रकार के पेंट के उपयोग और पेंट के अनुप्रयोग के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकों के बारे में अध्ययन किया जाता है। इस विषय क्षेत्र में स्नातक करने वालों को पेंट टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है।

## क्या होता है काम

एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट अलग–अलग एप्लीकेशन के लिए विभिन्न पेंट की उपयुक्तता की पहचान और मूल्यांकन करता है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ग्राहकों को पेंट के सही उपयोग के बारे में समझाता है और उत्पादों के लिए नए बाजारों की पहचान करता है। उनके काम में पेंट के नए रंग और बनावट विकसित करना, पेंट एप्लीकेशन के लिए नई तकनीक को विकसित करना आदि शामिल हैं। सरल भाषा में, वे नए उत्पादों को विकसित करने के साथ–साथ उन उत्पादों के गुणों को बढ़ाने और उन्नत करने के लिए जिम्मेदार हैं जो पहले से ही विकसित किए गए हैं।

## पर्सनल स्किल्स

एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट को रंगों से बेहद प्यार होना चाहिए। साथ ही उसमें कई तरह के एक्सपेरिमेंटल स्किल्स भी होने चाहिए, ताकि वह नए रंगों के साथ–साथ उनके टेक्टचर को भी बेहतर बना सके। एक पेंट टेक्नोलॉजिस्ट को मेहनती होना चाहिए। इसके अलावा, आपमें अच्छी संचार कौशल और टीम भावना होनी चाहिए, क्योंकि आपको इस उद्योग में अन्य पेशेवरों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होगी। साथ ही विभिन्न विभागों में टीमों का नेतृत्व करने के लिए पेंट टेक्नोलॉजिस्ट में प्रबंधकीय कौशल भी आवश्यक है।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपको बीटेक इन पेंट टेक्नोलॉजी करना होगा। बीटेक के बाद आप एमटेक कर सकते हैं। अधिकांश संस्थानों द्वारा पेंट इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को केमिकल इंजीनियरिंग में एक विषय के रूप में भी पेश किया जाता है।

## संभावनाएं

पेंट उद्योग के विभिन्न विभागों में पेंट टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वे पेंट निर्माण कंपनियों के किसी भी विभाग में काम पा सकते हैं। पेंट उद्योग मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल और रियल एस्टेट उद्योग पर निर्भर है। कई बड़ी–बड़ी पेंट मैन्युफैक्चिरिंग कंपनियों जैसे एशियन पेंट्स इंडिया लिमिटेड, शालीमार पेंट्स, बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड, नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड आदि में पेंट टेक्नोलॉजिस्ट की हमेशा ही जरूरत होती है। पेंट टेक्नोलॉजिस्ट ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री, होम फर्निशिंग इंडस्ट्री आदि में भी कार्य कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में वेतन आपके अनुभव और उस सेक्टर पर निर्भर करता है, जिसके लिए आप काम कर रहे हैं। इस क्षेत्र में शुरुआत करने वाले व्यक्ति प्रारंभ में 1,25000 रूपए से 2,00000 रूपए प्रति वर्ष कमा सकते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ काम कर रहे हैं तो आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है। वहीं, अनुभव बढ़ने के साथ–साथ आपका वेतन भी बढ़ता जाता है।

### प्रमुख संस्थान

हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर
यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, जलगांव, महाराष्ट्र
गार्वेयर इंस्टीट्यूट ऑफ कॅरियर एजुकेशन एंड डेवलपमेंट, सांताक्रूज, महाराष्ट्र
लक्ष्मीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नागपुर



# ब्रुक के पहले वनडे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ रोका

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक (नाबाद 110) और विल जैक्स (84) रनों की बेहतरीन पारियों के बाद और हुई बारिश के कारण ऑस्ट्रेलिया को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में डकवर्थ लुइस पद्धित से 46 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया की लगातार 14 मैचों की जीत के बाद उसके रथ को रोक दिया हैं।



मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में 305 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 11 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट (शून्य) और बेन डकेट (8) रन पर आउट हुये। दोनों बल्लेबाजों को मिचेल स्टार्क ने आउट किया। इसके बाद विल जैक्स और कप्तान हैरी ब्रूक ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिये 156 रन जोड़े। 28वें ओवर में कैमरुन ग्रीन ने विल जैक्स 82 गेंदों में (84) को आउट किया।

चौथे विकेट के रूप में जेमी स्मिथ (सात) रन बनाकर आउट हुये। 37.4 ओवर में जब बारिश शुरू हुई तो उस समय कप्तान हैरी ब्रूक 94 गेंदों में (नाबाद 110) और लियम लिविंगस्टन 20 गेंदों में (नाबाद 33) क्रीज पर मौजूद थे और इंग्लैंड ने चार विकेट पर 254 रन बना लिये थे। बारिश की वजह से फिर से खेल ना शुरू होने के कारण डकवर्थ लुइस पद्धित के अनुसार इंग्लैंड को 46 रनों से विजेता घोषित किया गया। नाबाद 110 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले हैरी ब्रूक को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। हालांकि इस हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और कैमरून ग्रीन ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले एलेक्स कैरी (नाबाद 77) और स्टीव स्मिथ (60) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए 305 रनों का लक्ष्य दिया। रिवर साइड ग्राउंड में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसने 47 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। चौथे ओवर में मैथ्?यू शॉर्ट (14) और 11वें ओवर में कप्तान मिचेल मार्श (24) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद स्टीव स्मिथ और कैमरुन ग्रीन ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 84 रन जोड़े।

27वें ओवर में जेकब बेथेल ने कैमरन ग्रीन (42) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में मार्नस लाबुशेन (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ग्लेन मैक्सवेल ने 25 गेंदों में 30 रन बनाये। ऐरन हार्डी ने 26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (44) रनों की पारी खेली। एलेक्स कैरी ने 65 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 77) रन बनाये।

शॉन ऐबट (दो) रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 304 का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिये। ब्राइडन कार्स,जेकब बेथेल, विल जैक्स और लियम लिविंगस्टन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारत-इंग्लैंड लॉर्ड्स टेस्ट के लिए न्यूनतम 8400 रुपए का टिकट

**लंदन, एजेंसी।** अगले साल भारत के खिलाफ होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के पहले तीन दिनों के लिए मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने न्यूनतम 90 यूरो (लगभग 8400 रुपए) का टिकट निर्धारित किया है, जिसकी खासी आलोचना हो रही है। वहीं प्रमुख स्टैंड्स के टिकटों का मूल्य 120 यूरो से 175 यूरो (11,200 रुपए से 16,330 रुपए) है।



आलोचकों का कहना है कि इस साल श्रीलंका के खिलाफ हुए लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान भी कुछ प्रमुख स्टैंड्स के 115 यूरो से 140 यूरो (10,730 रुपए से 13065 रुपए) के टिकट मूल्य निर्धारित किए गए थे, जिसके कारण कई स्टैंड्स खाली थे। चौथे दिन का खेल देखने के लिए सिर्फ. 9000 टिकट बिके थे, जो कि स्टेडियम की क्षमता के एक-तिहाई से भी कम था। हालांकि आलोचना के बाद एमसीसी को चाय के बाद के टिकट का दाम 15 यूरो (1400 रुपए) और 5 यूरो (470 रुपए) (अंडर-16 के लिए) करना पड़ा, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।


मैच के बाद इंग्लैंड के कप्तान ऑली पोप ने कहा था, 'यह टेस्ट मैच का अच्छा दिन था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण था कि स्टेडियम भरा हुआ नहीं था।'

एमसीसी के मुख्य कार्यकारी और सचिव जी लेवेंडर ने कहा कि हम चौथे दिन की टिकट मूल्य नीति का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। भारत के खिलाफ मैच के चौथे दिन के खेल के लिए 90 यूरो (8400 रुपए) से 150 यूरो (14000 रुपए) के टिकट का प्रावधान होगा।

एमसीसी का तर्क है कि इंग्लिश टेस्ट कैलेंडर में ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत दूसरी सबसे बड़ी मेहमान टीम है। इसके कारण टिकट के दाम अधिक रह सकते हैं। लॉर्ड्स में होने वाले डब्लूटीसी फाइनल 2025 के लिए भी टिकट का मूल्य 70 यूरो (6530 रुपए) से 130 यूरो (12130 रुपए) निर्धारित किया गया है।

वहीं इंग्लैंड और भारत की महिला टीम के बीच 2025 में होने वाले वनडे मैच का टिकट भी 25 यूरो (2330 रुपए) से 45 यूरो (4200 रुपए) निर्धारित है, जो कि लॉर्ड्स में ही खेला जाएगा।

## मोदी ने 45 वें फिडे शतरंज ओलंपियाड विजेता टीम के सदस्यों से की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूनार्मेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूनार्मेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

## आईओए की कार्यकारी परिषद की बैठक 26 सितंबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) राष्ट्रीय राजधानी में आईओए भवन में गुरुवार को अपनी कार्यकारी परिषद की बैठक आयोजित करेगा। संगठन में पारदर्शिता और सुशासन के लिए बैठक में जिस एजेंडे पर चर्चा की जाएगी, उसमें आईओए की लागत पर अध्यक्ष के कमरे के उन्नयन के संबंध में पेरिस ओलंपिक में किए गए अनधिकृत खर्च शामिल हैं। इसमें पेरिस ओलंपिक के प्रायोजन विवरण और पेरिस में खेलों में किए गए अतिरिक्त खर्च के साथ-साथ आईओए के प्रतिनिधियों की कथित क्षमता में विदेश यात्राओं पर लोगों को अनधिकृत रूप से ले जाने और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित अधिकारियों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची पर भी चर्चा होगी।

**बैठक में चर्चा के लिए रखे जाने वाले अन्य एजेंडा बिंदु हैं:**

'उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया और निर्वाचित पदों के लिए आईओए के चुनाव में उनकी भागीदारी के मुद्दे पर चर्चा करें, जैसा कि सुनन कौशिक द्वारा 10-12-2022 को भेजे गए पत्र में कहा गया है।

'कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा करें। कार्यकारी परिषद के सदस्यों द्वारा आईओए प्रमुख पीटी उषा को संयुक्त रूप से जारी किए गए पत्र में कहा गया है, 'संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करें।'

'अय्यर और अजय नारंग जैसे कुछ व्यक्तियों और अनधिकृत व्यक्तियों को अवैध रूप से पास जारी करने का मुद्दा, भले ही वे आईओए संविधान के अनुसार किसी अधिकृत पद पर न हों। 'आईओए के नैतिक आयोग को अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट करने की आवश्यकता। आईओए के आधिकारिक पत्राचारों के मीडिया में लीक होने की जांच शुरू करना।'

इसमें कहा गया, 'पेरिस ओलंपिक में विभिन्न लोगों को जारी किए गए मान्यता पत्रों की सूची को संज्ञान में लाना, जिसमें विभिन्न पास और आमंत्रण शामिल हैं।'

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम में शाहीन आफरीदी की वापसी

**फैसलाबाद, एजेंसी।**

पाकिस्तान क्रिकेट चयनकताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान में 7-11 अक्टूबर तक होने वाले पहले टेस्ट के लिए स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी को वापस बुलाया है। चयनकताओं ने मंगलवार को 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की, जिसमें चोटिल खुर्रम शहजाद की जगह बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली को शामिल किया गया है।

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद आफरीदी को टीम से बाहर कर दिया गया था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को शुरूआती टेस्ट में पाकिस्तान की हार का एक कारण माना जा रहा था, क्योंकि चुने गए चार तेज गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में विफल रहे थे।



**पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम :**
शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, मीर हमजा, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), नसीम शाह, नोमान अली, सैम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेट कीपर) और शाहीन शाह आफरीदी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया, 'टीम की घोषणा के बाद और मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी की सिफारिश के आधार पर, चयनित खिलाड़ियों को चैंपियंस वन-डे कप प्लेऑफ से हटा दिया गया है, ताकि उन्हें सीरीज से पहले कुछ आराम मिल सके। टीम 30 सितंबर को मुल्तान में एकत्रित होगी और 1 अक्टूबर से प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा।' बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली, जिन्होंने 15 टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए हैं, ने चोटिल तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद की जगह ली है। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'बांग्लादेश टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा रहे कामरान गुलाम और मोहम्मद अली चयनकताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। हालांकि, चयन नीति में निरंतरता पर जोर दिए जाने और यह विश्वास होने के कारण कि एक टेस्ट के लिए 15 खिलाड़ी पर्याप्त हैं, उन्हें सलाह दी गई है और प्रोत्साहित किया गया है कि वे 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले चैंपियंस वन-डे कप और प्रेसिडेंट्स कप में अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करना जारी रखें, ताकि वे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के माध्यम से मैच के लिए तैयार रहें।' पाकिस्तान की पुरुष रेड-बॉल टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि वे इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा, 'घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के कारण, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले हमारे खिलाड़ियों को कुछ जरूरी आराम देना समझदारी है। हम पाकिस्तान में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसके शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम अपने शानदार समर्थकों के सामने खेलने को लेकर उत्साहित हैं।'

# भारत-जर्मनी द्विपक्षीय सीरीज से दिल्ली में हॉकी की भावना फिर से जागृत होगी : हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय सीरीज से पहले अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीरीज 'राजधानी में हॉकी की भावना को फिर से जागृत करनेह्व'के बारे में है।



दो मैचों की सीरीज 23 और 24 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में खेली जाएगी। यह सीरीज एक दशक के बाद राजधानी में पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी का प्रतीक होगी, जिसका आखिरी मैच जनवरी 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल झ्र पुरुष राउंड 4 के दौरान खेला गया था।

आगामी सीरीज के बारे में बात करते हुए, हरमनप्रीत ने कहा, ह्लइतने वर्षों के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में बहुत सारा इतिहास और यादें हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की ऊर्जा बेजोड़ है और मुझे पता है कि प्रशंसक बड़ी संख्या में हमारा समर्थन करने के लिए आएंगे।

उन्होंने आगे कहा, 'जर्मनी विश्व हॉकी की शीर्ष टीमों में से एक है और उनके खिलाफ खेलना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। यह हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आगे आने वाले प्रमुख टूनार्मेंटों के लिए तैयार हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह श्रृंखला हमें एक बहुत मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देगी।'

दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर हरमनप्रीत ने कहा, 'दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच की मेजबानी किए हुए एक दशक से अधिक समय हो गया है और हम इस खेल को राजधानी में वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह श्रृंखला केवल दो टीमों के खेलने के बारे में नहीं है; यह दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने के बारे में है। हमें उम्मीद है कि यह क्षेत्र के अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।'

उल्लेखनीय रूप से, यह दो मैचों की श्रृंखला न केवल दिल्ली के लिए एक आकर्षण है, बल्कि देश भर में खेल को बढ़ावा देने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है। हाल के वर्षों में हॉकी इंडिया ने ओडिशा से आगे बढ़कर इस खेल को अन्य शहरों में भी लाने का प्रयास किया है। ओडिशा हॉकी का केंद्र बन गया है। पिछले साल चेन्नई ने पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी, जबकि रांची ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर दोनों का स्वागत किया था।

इस नवंबर में बिहार का एक शहर राजगीर आगामी महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, जो भारत में हॉकी के बढ़ते प्रभाव में एक और अध्याय जोड़ेगा। अब, जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी दिल्ली में वापस आ रही है, तो हॉकी इंडिया यह सुनिश्चित कर रहा है कि खेल विभिन्न क्षेत्रों में फलता-फूलता रहे।

## एक नजर

### ऋषभ पंत ने लगाई आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छलांग



**दुबइ, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा रैंकिंग में करीब दो वर्षो के बाद चेन्नई टेस्ट में बंगलादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत लंबी छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं।

आईसीसी की रैंकिंग में पंत 731 रेटिंग अंक के साथ सीधे छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले यशस्वी जयसवाल को एक पायदान का फायदा हुआ है वह 751 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गये हैं। जो रूट इस सूची में 899 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। केन विलियमसन 852 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डैरिल मिचेल (760 अंक) के साथ तीसरे और स्टीव स्मिथ (757 अंक) चौथे स्थान पर हैं। सातवें स्थान पर 728 अंक के साथ उस्मान ख्वाजा है। आठवें स्थान पर पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पर है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखेने को मिली है। वह पांचवें स्थान नीचे खिसक कर 10वें पायदान पर आ गए हैं। बंगलादेश के खिलाफ दूसरी पारी में शतक लगाने वाले शुभमन गिल पांच पायदान ऊपर चढ़ कर 14वें स्थान पर आ गए हैं। वहीं टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल जयसूर्या ने लिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ गाले टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज अब पांच स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजी की रैंकिंग में भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में छह विकेट लेने वाले आर अश्विन पहले स्थान पर। इसके बाद जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर हैं। बुमराह के बाद जॉश हेजलवुड, पैट कमिंस और कगिसो रबाडा का नाम आता है। इसके बाद छठे स्थान पर रवींद्र जाडेजा, जबकि नाथन लायन सातवें स्थान पर आते हैं।

### चीन के शांग ने मुसेट्टी को हराकर जीता चेंगदू ओपन का खिताब



**चेंगदू (चीन), एजेंसी।** चीनी टेनिस खिलाड़ी शांग जुनचेंग ने मंगलवार को एटीपी चेंगदू ओपन में इतिहास रच दिया। उन्होंने इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी को 7-6(4), 6-1 से हराकर अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता।

मैच के बाद, शांग ने घरेलू धरती पर अपना पहला खिताब जीतने पर अपनी खुशी व्यक्त की। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ह्लयह रात अद्भुत है।आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अगले साल मिलते हैं!ह्व उभरते सितारे शांग 2021 में यूएस ओपन जूनियर उपविजेता रहे और 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना ग्रैंड स्लैम डेब्यू किया।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, चेंगदू ओपन में, उन्होंने मुसेट्टी का सामना करने से पहले पूर्व विश्व नंबर चार केई निशिकोरी, पिछले साल के उपविजेता असलान करात्सेव और दूसरे वरीय आंद्रेई रुब्लेव को हराया। विश्व में 18वें स्थान पर काबिज मुसेट्टी पिछले साल चेंगदू ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

### ग्लोबल शतरंज लीग प्रशंसकों के लिए शानदार टूनार्मेंट : निहाल

**लंदन, एजेंसी।** ग्लोबल शतरंज लीग का दूसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। इस बीच भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने कहा कि खेल प्रशंसकों का ध्यान लीग की ओर खींचने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। दूसरा सीजन 3 से 12 अक्टूबर के बीच लंदन में होगा और निहाल, जो इस वर्ष नवोदित खिलाड़ी के रूप में वापसी करेंगे, उनका मानना है कि वह टूनार्मेंट की प्रकृति का लुत्फ उठाते हैं। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'मैं टूनार्मेंट में वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं, खासकर यह देखते हुए कि पिछले साल सब कुछ कैसा रहा था। इस साल सभी शीर्ष खिलाड़ी भी खेल रहे हैं और इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं।' अपने पहले सीजन में ग्लोबल शतरंज लीग ने काफी लोकप्रियता हासिल की। पहली फ्रैंचाइज-आधारित शतरंज लीग में कुल छह टीमें शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी हैं। सभी टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी, दो सुपरस्टार महिला खिलाड़ी और एक नवोदित खिलाड़ी शामिल रहता है। निहाल ने आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति पर कहा, 'इस साल मेरा लक्ष्य अपनी टीम की जरूरतों को अपनी क्षमता के अनुसार पूरा करना है। इस लीग में स्कोरिंग सिस्टम अलग-अलग रंगों में शैली में बदलाव को आमंत्रित करता है, जिससे यह और भी ज्यादा रोमांचक हो जाता है। योजनाएं लगातार विकसित होती रहती हैं। हालांकि अन्य खेलों को ट्रैक करना मुश्किल है, लेकिन मैं खिलाड़ियों की कुछ चालों से कुछ चीजें सीखने की कोशिश करता हूं ताकि यह पता चल सके कि क्या चल रहा है।' दुबई में ग्लोबल चेस लीग के पहले सीजन ने दुनिया भर के शतरंज प्रशंसकों की कल्पना को आकर्षित किया। इसने दुनिया भर के लोगों का ध्यान इस खेल की ओर खींचा। निहाल ने कहा कि लीग प्रशंसकों के लिए खेल को रोमांचक बना रही है।

### स्वियाटेक डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में हिस्सा लेंगी

**वारसा, एजेंसी।** विश्व की नंबर वन टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक सात अक्टूबर से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में स्पर्धा करेंगी। स्वियाटेक की पीआर और संचार प्रबंधक पाउला वोलेका ने मंगलवार को पोलैंड मीडिया से कहा, 'वुहान में होने वाले अगले टूनार्मेंट के लिए इगा ने पंजीकरण कराया है। स्पेन के मलागा में बिली जीन किंग कप टूनार्मेंट में स्वियाटेक की भागीदारी के बारे में अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।' वुहान में टूनार्मेंट 7 से 13 अक्टूबर तक ऑप्टिक्स वैली इंटरनेशनल टेनिस सेंटर में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सितंबर की शुरूआत में स्वियाटेक यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से 6-2, 6-4 से हार गई थी। जिसके बाद उन्होंने सियोल और बीजिंग में टूनार्मेंट से नाम वापस ले लिया था।

# स्टॉर्मराइडर से जैकलीन ने संगीत की दुनिया में रखा पहला कदम



जैकलीन फर्नांडीज बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। जैकलीन अभिनय से ज्यादा अपने डांस मूव्स के लिए प्रसिद्ध हैं। जैकलीन ने अपने पहले एकल स्टॉर्मराइडर के साथ संगीत की दुनिया में कदम रखा है, जिसमें उन्होंने गाने के माध्यम से अपने निजी जीवन के सफर को प्रदर्शित किया है। जैकलीन फर्नांडीज ने अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू सिंगल, स्टॉर्मराइडर की रिलीज के साथ एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। चिट्ठियां कलाइयां, जुम्मे की रात और गेंदा फूल जैसे बॉलीवुड हिट गानों के लिए मशहूर जैकलीन ने दर्शकों का दिल हमेशा ही जीता है। उनके म्यूजिक वीडियो प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है और अब यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जैकलीन ने इस गाने के जरिए सिंगर के रूप में संगीत की दुनिया में कदम रखा है। सितंबर का महीना जैकलीन के लिए यादगार साबित हुआ है, क्योंकि हाल ही में उन्होंने अपनी आने वाली हॉलीवुड फिल्म किल एम ऑल के ट्रेलर की रिलीज के साथ सुर्खियां बटोरीं। अब, अपनी अंतर्राष्ट्रीय सफलताओं में इजाफा करते हुए, उन्होंने स्टॉर्मराइडर के जरिए एक गायिका के रूप में अपनी शुरुआत की। जैकलीन का यह गाना अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अमृता सेन, जेक जियोंग (फ्रिसन), सरबन कैजन, फीनोम और एलेक्स विंटर द्वारा निर्मित, स्टॉर्मराइडर को बेवर्ली हिल्स के मिस्ट म्यूजिक स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया था। अमृता सेन और रॉबिन ग्रुबर्ट द्वारा लिखित यह ट्रैक सशक्तिकरण, स्वतंत्रता और लचीलेपन के विषयों के माध्यम से सभी का पसंदीदा बनता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान जैकलीन ने अपने संगीत अपने सफर के बारे में बताते हुए जैकलीन ने कहा, जब मैंने संगीत में कदम रखा, तो यह सिर्फ गाने बनाने के बारे में नहीं था यह मेरी कहानी, भावनाओं और सफर को व्यक्त करने के बारे में है। संगीत सिर्फ आवाज से कहीं बढ़कर है। यह जुड़ाव, लचीलापन और सशक्तिकरण के बारे में है। मैंने इस गाने पर लगभग एक साल बिताया है, वीडियो में अपने हर लुक को तैयार किया है और उसे देखा है और हर लुक दमदार है, जिसके पीछे गहरा अर्थ छिपा है।



# द फैमिली मैन 3 में हुई जयदीप अहलावत की एंट्री?

राज और डीके द्वारा निर्मित द फैमिली मैन सबसे मनोरंजक जासूसी-एक्शन थ्रिलर में से एक है। इस सीरीज को पहले सीजन से ही पसंद किया जा रहा है। मनोज बाजपेयी की इस सीरीज में प्रियामणि, शारिब हाशमी और अन्य कलाकार भी हैं। निर्माताओं ने नागालैंड में इसके तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार जयदीप अहलावत द फैमिली मैन 3 सीरीज में एंट्री कर चुके हैं । एक सूत्र ने पोर्टल को मनोज बाजपेयी की सीरीज की स्टार कास्ट में जयदीप के शामिल होने की पुष्टि की है। पाताल लोक अभिनेता राज एंड डीके टीम के साथ चल रहे शूट शेड्यूल के लिए नागालैंड में हैं। हालांकि, द फैमिली मैन सीजन 3 में उनकी भूमिका के बारे में कोई जानकारी नहीं है। निर्माताओं ने उनके किरदार को गुप्त रखा है। सूत्र ने कहा कि दर्शक उम्मीद कर सकते हैं कि तीसरे सीजन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी और उनका किरदार उन्हें शो देखने के लिए उत्साहित करेगा। इस बीच, द फैमिली मैन में जेके तलपड़े की भूमिका निभाने वाले शारिब हाशमी ने अपने प्रशंसकों को सूचित करने के लिए एक्स का सहारा लिया कि उन्होंने आगामी सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। सीजन 3 के लिए एक प्रशंसक के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, शारिब ने ट्वीट किया, मैं भी!!! अभी शूटिंग चल रही है। इससे पहले, एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि राज और डीके द फैमिली मैन सीजन 4 को साइन करेंगे। एक सूत्र के हवाले से कहा गया था कि तीसरे सीजन की शूटिंग चल रही है, वहीं चौथे सीजन के साथ सीरीज को साइन करने के बारे में चर्चा हुई है। राज-डीके फिलहाल इस पर विचार कर रहे हैं, और अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है।

# करीना कपूर ने की शाहिद कपूर की तारीफ





करीना कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत की गई है। 20 सितंबर से शुरू हुआ ये समारोह 27 सितंबर तक चलेगा, जिसमें करीना की कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसी बीच, करीना कपूर ने एक हालिया साक्षात्कार में अपनी चर्चित फिल्म जब वी मेट को लेकर बातचीत की। बेबो की फिल्म जब वी मेट को रिलीज हुए 17 साल बीत चुके हैं। सोशल मीडिया पर इस फिल्म की अक्सर चर्चा होती रहती है। इसमें बेबो ने गीत का किरदार अदा किया था, जिसे लोग बहुत पंसद करते हैं। ब्रूट को दिए साक्षात्कार में करीना कपूर से इसी फिल्म को लेकर पूछा गया कि उन्हें इस फिल्म और गीत के किरदार में सबसे ज्यादा क्या पसंद है। अपने जवाब में करीना कपूर ने पलक झपकने से पहले कहा कि सब कुछ। करीना ने आगे कहा कि गीत एक महत्वाकांक्षी इंसान थीं और हर कोई उसकी तरह जीना और बनना चाहता था। मालूम हो कि करीना का किरदार एक पंजाबी लड़की का होता है, जो एक दिन ट्रेन में आदित्य नाम के बिजनेसमैन से मिलती हैं, जिसके बाद उसकी जिंदगी बदल जाती है। जब वी मेट में शाहिद कपूर ने आदित्य का रोल किया था। करीना कपूर ने इस बातचीत में शाहिद की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने फिल्म में बढ़िया काम किया। उन्होंने आगे कहा कि वाकई में शाहिद के बिना फिल्म पूरी नहीं हो पाती। करीना ने यह भी कहा कि जब हाल ही में, उन्होंने जब वी मेट देखी तो लगा कि ये बड़ी खास फिल्म है। फिल्म 2007 में रिलीज हुई थी और हिट साबित हुई थी। इसके गानों को भी लोगों ने खूब पसंद किया था।

# हनीमून फोटोग्राफर किरदार ने वास्तव में मुझे अपने पैरों पर खड़ा किया



आशा नेगी अभिनीत मर्डर मिस्ट्री सीरीज हनीमून फोटोग्राफर के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका ट्रेलर जारी किया। ट्रेलर एक हनीमून गेटअवे के बारे में है, जो उस समय अराजकता में बदल जाता है जब दूल्हा समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। छह-एपिसोड की श्रृंखला में आशा को अंबिका नाथ की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है, जो अधीर ईरानी (साहिल सलाथिया) और जोया ईरानी (अपेक्षा पोरवाल) के लिए एक हनीमून फोटोग्राफर हैं। यह यात्रा जल्दी ही एक बुरे सपने में बदल जाती है, जब अधीर समुद्र तट पर मृत पाया जाता है। अंबिका को पिछली रात की कोई याद नहीं है और अपने साथी रिहान (राजीव सिद्धार्थ) के लापता होने के कारण वह खुद को इस हत्या में मुख्य संदिग्ध पाती है। अंबिका का एकमात्र सहयोगी एल्विन (जेसन थाम) है, जो उसका दोस्त है और उसे निर्दोष साबित करने पर तुला हुआ है। अपने खुद के एजेंडे से प्रेरित होकर, पुलिसकर्मी दिव्या सावंत (संवेदना सुवालका) जांच का नेतृत्व करती है। आशा ने कहा, अपने करियर में मैंने कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन उनमें से ज़्यादातर रोमांटिक और पारिवारिक रही हैं। मैंने हनीमून फ़ोटोग्राफर को एक ताजी हवा के झोंके के रूप में देखा, क्योंकि शो का आधार शीर्षक से आप जो अनुमान लगाते हैं, उससे बहुत अलग है। अंबिका एक बहुत ही बहुस्तरीय चरित्र है और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप वास्तव में उसे विकसित होते हुए देखते हैं। इस किरदार ने मुझे वाकई चौंका दिया। शो का अपना रोमांच है, जिसमें बिल्ली और चूहे का पीछा करना और हर किरदार अपने-अपने कारणों से विजयी होने की कोशिश करना शामिल है।



# रेस 4 में साथ काम करेंगे सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा!

लोकप्रिय रेस फ्रेंचाइजी की आगामी चौथी किस्त का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के लेखक शिराज अहमद ने रेस 4 के बारे में कुछ दिलचस्प बातें बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में पहली दो फिल्मों की कहानी को जारी रखा जाएगा और इसकी शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया जाएगा।

## सिद्धार्थ भी निभाएंगी अहम भूमिका

शिराज अहमद ने ही पहली तीन रेस फिल्में भी लिखी थीं। अब उन्होंने पुष्टि की कि रेस 4 की पटकथा लगभग पूरी हो चुकी है और अधिकांश कलाकारों का चयन भी हो चुका है। सैफ अली खान पहली दो फिल्मों में मुख्य भूमिका में थे, वे अब इस फ्रेंचाइजी में भी वापसी करेंगे। खबर है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा को भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि जनवरी 2025 में शूटिंग शुरू होगी। बाकी कलाकारों की घोषणा निर्माताओं और टिप्स फिल्म्स द्वारा उचित समय पर की जाएगी।

## रेस 4 के निर्देशक का चुनाव बाकी

इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था, जबकि तीसरी का निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया था। इससे पहले ऐसी खबरें थीं कि निखिल आडवाणी को फिल्म का निर्देशन करने के लिए चुना गया है। हालांकि रेस 4 के लिए निर्देशक अभी तक तय नहीं हुआ है। पहली फिल्म में सैफ अली खान और अक्षय खन्ना प्रतिद्वंद्वी भाइयों की भूमिका में थे। फिल्म में बिपाशा बसु और कैटरीना कैफ भी थीं। दूसरी फिल्म में भी सैफ अली खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन इसमें जॉन अब्राहम ने खलनायक का किरदार निभाया था।



# 'मानवत मर्डर्स' में रमाकांत एस कुलकर्णी की भूमिका निभाएंगे आशुतोष

सोनी लिव एक मनोरंजक क्राइम थ्रिलर सीरीज 'मानवत मर्डर्स' लेकर आ रही है। यह सीरीज 70 के दशक में देश को झकझोर देने वाली सबसे भयानक घटनाओं को दिखाएगी। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो प्रतिष्ठित सीआईडी जासूस रमाकांत एस कुलकर्णी की भूमिका अदा करेंगे, जिन्हें भारत के शेरलॉक होम्स के रूप में भी जाना जाता है।

## दिल दहला देने वाली हत्याओं की गुत्थी सुलझाते दिखेंगे आशुतोष

इस सीरीज में गोवारिकर एक अनूठी भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो शांत और संयमित होने के साथ-साथ अत्यधिक समझदार भी हैं। उनका किरदार इतिहास के कुछ सबसे जटिल मामलों को सुलझाते हुए नजर आएगा। यह सीरीज 1970 के दशक के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली विचित्र हत्याओं की एक सीरीज को सुलझाने के उनके प्रयासों को उजागर करेगी। आशुतोष गोवारिकर कहते हैं, 'मैं बेहद सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं कि मुझे बॉम्बे सीआईडी के पुलिस अधिकारी रमाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिए चुना गया, जो आज दर्शकों के सामने पेश किए जाने के बिल्कुल हकदार हैं। उन्होंने कई ऐसे मामलों को सुलझाया जो अनसुलझे रह जाते, जिनमें कुख्यात मानवत हत्याएं भी शामिल हैं।'

## एस कुलकर्णी के तौर तरीकों से होगा केस हल

गोवारिकर आगे कहते हैं कि उन्हें भारत के शेरलॉक होम्स के रूप में जाना जाता था। उनकी आत्मकथा, 'फुटप्रिंट्स ऑन द सैंड्स ऑफ क्राइम' ने उनके काम करने की प्रक्रिया, बारीकियां, संदिग्धों से निपटने और उनसे कबूल करवाने के तरीके और बहुत कुछ चौंकाने वाली जानकारी दी।

## को-एक्टर्स के साथ काम करके खुश हैं गोवारिकर

आशुतोष गोवारिकर ने अपने को-एक्टर्स के बारे में कहते हैं, 'इस शो का एक और रोमांचक पहलू कई वर्षों के बाद मकरंद अनासपुरे और मेरी दो पसंदीदा अभिनेत्रियों सोनाली कुलकर्णी और साईं ताम्हणकर के साथ काम करना था। उनके साथ काम करना अभिनय में क्रैश कोर्स की तरह था। मैं निर्देशक आशीष के साथ जुड़ने के लिए भी उत्साहित था।'

# लव एंड के बाद इस फिल्म पर काम शुरू करेंगी आलिया



आलिया भट्ट की अगली फिल्म जिगरा जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आलिया इन दिनों वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा की शूटिंग कर रही हैं। इसके बाद वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग शुरू करेंगी। लव एंड वॉर में उनके पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में हैं। इसी बीच खबर आई है कि आलिया ने लव एंड वॉर के बाद अपनी अगली स्क्रिप्ट चुन ली है जानकारी के अनुसार लव एंड वॉर के बाद आलिया एक लव स्टोरी में नजर आएंगी।